www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...
राष्ट्रीय संस्करण
पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
नई दिल्ली, बुधवार, 10 जनवरी, 2024 | वर्ष-16 | अंक -276 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए





कर्नाटक में नहीं होगा और कोई उपमुख्यमंत्री : खड़गे 02
■ नगर निगम की सदन की बैठक में जमकर हंगामा
■ कांग्रेस ने पूछे वाराणसी दुष्कर्म मामले पर सवाल 04
■ दुनिया भर में भारत की भावना का प्रतीक हैं...
■ ब्लिंकन ने गाजा संकट पर चर्चा के लिए सऊदी... 07
'आंख मिचौली' में अपने किरदार के लिए एक्शन... 10

# महाराष्ट्र सरकार के विधायकों की अयोग्यता पर फैसला आज

■ शिवसेना के दोनों गुटों के विधायकों की सुनवाई पूरी
■ एकनाथ शिंदे अयोग्य हुए तो मुख्यमंत्री पद से होगी छुट्टी
■ उप मुख्यमंत्री फडणवीस बोले, हमारी ही सरकार रहेगी

**मुंबई,** 9 जनवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनके समूह के 16 विधायकों अयोग्यता पर बुधवार 10 जनवरी को विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर फैसला करेंगे। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के मुताबिक, शिवसेना के दोनों गुटों के विधायकों की सुनवाई पूरी कर ली है और फैसले की तैयारी कर ली है। इससे पहले महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को कहा है कि स्पीकर का चाहे जो भी फैसला हो, हमारी सरकार स्थिर रहेगी। हमारा अलायंस कानूनी रूप से वैध है और हमें उम्मीद है कि स्पीकर का फैसला भी हमारे पक्ष में ही आएगा।



**नार्वेकर से मिले मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे**

उधर, स्पीकर नार्वेकर ने अपने फैसले सुनाने की डेडलाइन से पहले महाराष्ट्र मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से दो बार मुलाकात की है। इसे लेकर पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि जज ने आरोपियों से दो बार मुलाकात की, इससे जनता समझ चुकी है कि कल फैसला क्या होगा। इस मुलाकात पर आपत्ति जताते हुए ठाकरे समूह ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर किया है। राहुल नार्वेकर और मुख्यमंत्री शिंदे की मुलाकात को लेकर शरद पवार ने कहा कि इस मुलाकात से संदेह पैदा होता है। शरद पवार ने नार्वेकर को सलाह दी है कि उन्हें अपनी छवि का ध्यान रखना चाहिए।

### शिंदे-नार्वेकर मुलाकात पर उद्धव का तंज

पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने स्पीकर राहुल नार्वेकर की एकनाथ शिंदे से मुलाकात को लेकर आलोचना की है। ठाकरे ने कहा कि सोमवार को नार्वेकर की शिंदे से मुलाकात एक न्यायधीश की अपराधी से मुलाकात की तरह है। उन्होंने आगे कहा कि ऐसे में हम किस तरह के न्याय की उम्मीद कर सकते हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने नार्वेकर को निर्देश दिए थे

शिवसेना में विभाजन के बाद एक-दूसरे के विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग करने वाली शिवसेना के प्रतिद्वंद्वी गुटों द्वारा दायर याचिकाओं पर निर्णय लेने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने नार्वेकर को निर्देश दिए थे। पहले, सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाने की समय सीमा 31 दिसंबर, 2023 तय की थी, जिसे बाद में 10 जनवरी तक बढ़ा दिया गया था। इससे पहले शीर्ष अदालत ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनके समर्थित विधायकों को अयोग्य ठहराने के लिए उद्धव ठाकरे गुट द्वारा दायर याचिकाओं पर फैसला करने में देरी पर विधानसभा अध्यक्ष को कड़ी फटकार लगाई थी और कहा था कि स्पीकर शीर्ष अदालत के आदेशों को खारिज नहीं कर सकते।

राष्ट्रीय खेल पुरस्कार



# क्रिकेट मोहम्मद शमी को मिला अर्जुन पुरस्कार

■ सात्विक-चिराग खेल रत्न से सम्मानित

**नई दिल्ली,** 9 जनवरी (देशबन्धु)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में विभिन्न श्रेणी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 39 खिलाड़ियों तथा तीन विश्वविद्यालयों को खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए वार्षिक राष्ट्रीय खेल पुरस्कार से सम्मानित किया। बैडमिंटन स्टार चिराग शेट्टी और रंकीरेड्डी सात्विक साई राज को खेल रत्न तथा क्रिकेटर मोहम्मद शमी सहित 26 एथलीटों को अर्जुन पुरस्कार सहित कुल 42 पुरस्कार प्रदान किए गए।


## सार संक्षेप

### एनईईटी-पीजी 2024 परीक्षा सात जुलाई को होगी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा स्नातकोत्तर (एनईईटी-पीजी) 2024 की परीक्षा में दो महीने की देरी हो गई है। नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज ने यह जानकारी दी। एनईईटी-पीजी 2024 परीक्षा का आयोजन पहले अस्थायी रूप से 3 मार्च, 2024 को आयोजित करने के लिये अधिसूचित किया गया था, अब कार्यक्रम को पुनर्निर्धारित किया गया है।

### भारत में सामने आए कोविड के 475 नए मामले



**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि देश में मंगलवार को बीते 24 घंटों में 475 नए कोविड-19 मामले सामने आए और छह मौतें हुईं। मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, 6 नई मौतें कर्नाटक, छत्तीसगढ़ और असम में हुईं। सोमवार को केरल, कर्नाटक और त्रिपुरा में कुल चार मौतें हुईं।

### धान किसानों को मिलेंगे 3,100 रुपए क्विंटल : विष्णु देव



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के धान किसानों को भाजपा ने चुनाव से पहले 31 सौ रुपए क्विंटल दिए जाने का वादा किया था। मगर, कांग्रेस वादे को पूरा न करने का आरोप लगा रही है। इसका जवाब देते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि किसानों को समर्थन मूल्य और 31 सौ के अंतर की राशि का एकमुश्त भुगतान किया जाएगा। मुख्यमंत्री साय ने एक्स पर लिखा, अभी किसानों को धान खरीदी में एमएसपी की राशि मिल रही है।

### गृह मंत्रालय ने ममता सरकार से मांगा जवाब




**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना में छापेमारी के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (के अधिकारियों पर हालिया हमले के संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार से जवाब मांगा है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 5 जनवरी की घटना को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार से रिपोर्ट मांगी है। इस घटना को लेकर राज्य में सत्तारूढ़ टीएमसी और विपक्षी दल बीजेपी के बीच वार-पलटवार हो रहा है।

### चीनी सेना के साथ लोहा लेने वाले ब्रिगेडियर बहल का निधन

**नई दिल्ली।** चीन के साथ 1962 की लड़ाई में पराक्रम दिखाने वाले और एक वर्ष तक चीन में युद्धबंदी रहे सेना के सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर एजेएस बहल का निधन हो गया। ब्रिगेडियर बहल पिछले कुछ दिनों से कमान अस्पताल चंडीमंदिर में भर्ती थे। वे 17 पैरा फील्ड रेजिमेंट में आर्टिलरी इकाई के अधिकारी थे।

# मोदी ने यूएई के राष्ट्रपति के साथ किया रोड शो

■ वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट में हिस्सा लेने गुजरात पहुंचे

**अहमदाबाद,** 9 जनवरी (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने मंगलवार को अहमदाबाद में रोड शो किया। रोड शो से पहले मोदी ने यूएई के राष्ट्रपति का सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचने पर स्वागत किया। इसके बाद दोनों नेताओं ने हवाई अड्डे से तीन किलोमीटर के रास्ते पर अपने रोड शो की शुरुआत की। दोनों नेताओं के रोड़ शो के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए और पूरे रास्ते में सड़क के दोनों ओर कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को गांधीनगर के महात्मा मंदिर कन्वेंशन सेंटर में वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट (वीजीजीएस) के 10वें संस्करण का उद्घाटन करेंगे। इसके पहले दिन में प्रधानमंत्री मोदी ने निवेशक सम्मेलन के आयोजन स्थल 'महात्मा गांधी मंदिर' में मोजाम्बिक, तिमोर एवं तिमोर-लेस्ते के राष्ट्राध्यक्षों और वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने कई वैश्विक कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के साथ भी बैठक की।



# उप्र में 22 को सार्वजनिक अवकाश घोषित

श्रीरामलला प्राण-प्रतिष्ठा समारोह

■ स्कूल-कॉलेज नहीं खुलेंगे, न बिकेगी शराब
■ मुख्यमंत्री योगी ने 'राष्ट्रीय उत्सव' की संज्ञा दी

**लखनऊ,** 9 जनवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्याधाम में बहुप्रतीक्षित श्रीरामलला के नवीन विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह से आम जनमानस के भावनात्मक जुड़ाव को देखते हुए 22 जनवरी को प्रदेश में शिक्षण संस्थाओं में अवकाश घोषित करने के निर्देश दिए हैं। इस विशिष्ट अवसर को 'राष्ट्रीय उत्सव' की संज्ञा देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा है कि 22 जनवरी को प्रदेश में मदिरा आदि की दुकानें बंद रखी जाएं।

**ट्रस्ट पदाधिकारियों के साथ बैठक की**

मंगलवार को अयोध्या दौरे पर आए मुख्यमंत्री ने श्रीरामलला और हनुमान गढ़ी के दर्शन-पूजन के उपरांत श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। मकर संक्रांति के बाद प्रारंभ हो रहे प्राण प्रतिष्ठा के वैदिक अनुष्ठानों की जानकारी लेते हुए मुख्यमंत्री ने समारोह की सुरक्षा व अन्य व्यवस्थाओं में तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सभी आवश्यक सहयोग के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके बाद, आयुक्त सभागार में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों से तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में आ रहे गणमान्य जनों को अयोध्या में बेहतर आतिथ्य प्राप्त होना चाहिए। हर एक वीवीआईपी के विश्राम स्थल का चयन पूर्व में ही कर लिया जाए। मौसम के दृष्टिगत संभव है कि कुछ अतिथि एक-दो दिन पहले ही आ जाएं, ऐसे में उनके रुकने की बेहतर व्यवस्था हो। टेंट सिटी की संख्या और बढ़ाए जाने की आवश्यकता है।



### हर देव मंदिर में दीपोत्सव मनाएं

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्राण-प्रतिष्ठा का यह ऐतिहासिक कार्यक्रम करोड़ों सभी सनातन आस्थावानों के लिए हर्ष-उल्लास, गौरव और आत्मसंतोष का अवसर है। पूरा देश राममय है। 22 जनवरी को सायंकाल हर देव मंदिर में दीपोत्सव मनाया जाएगा। हर सनातन आस्थावान अपने घरों/प्रतिष्ठानों में रामज्योति प्रज्वलित कर रामलला का स्वागत करेगा। सभी सरकारी भवनों की साज-सज्जा कराई जाए। सायंकाल आतिशबाजी के भी प्रबंध हों।

खड़गे ने गुजरात मॉडल पर साधा निशाना

# गुजरात मॉडल में है न्यूनतम शासन अधिकतम दिखावा

**नई दिल्ली,** 9 जनवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जिस गुजरात मॉडल की बात करते हैं उसमें कितने फर्जीवाड़े हो रहे हैं इसके कई उदाहरण हैं और राज्य के दौरे पर गए श्री मोदी से उम्मीद है कि वहां खुद वह भाजपा के नकली गुजरात मॉडल को देखेंगे। उन्होंने कहा कि गुजरात में फर्जीवाड़ा कैसे फल-फूल रहा है इस पर भाजपा सरकार ने कैसे आंखें मूंद लीं हैं। इसके कुछ उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि गुजरात से प्रधानमंत्री कार्यालय का एक फर्जी अधिकारी किरण भाई पटेल जेड सुरक्षा व्यवस्था के तहत जम्मू-कश्मीर जाता है और प्रधानमंत्री के नाम पर सेना को धोखा देता है। कमाल यह है कि फर्जी अधिकारी को नियंत्रण रेखा पर अमन सेतु इलाके में जाने की कई महीने से सुरक्षा सुविधा मिल रही थी। श्री खड़गे ने विराज पटेल का जिक्र किया और कहा कि खुद को गुजरात के मुख्यमंत्री कार्यालय का अधिकारी बताते हुए वह गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी-गिफ्ट सिटी का अध्यक्ष बताता था। असम-मिजोरम सीमा पर उसे पकड़ लिया गया है।



कांग्रेस अध्यक्ष ने फर्जी अधिकारी किरण पटेल का किया जिक्र

### फर्जी टोल प्लाजा ने 175 करोड़ से अधिक की वसूली

उन्होंने कहा कि मोरबी जिले में एक फर्जी टोल प्लाजा ने एक साल से अधिक समय से वाहनों से 175 करोड़ से अधिक की वसूली की। जूनागढ़ के एक फर्जी टोल प्लाजा में यात्रियों से लाखों की वसूली की गई। छोटा उदेपुर जिले में एक ठग ने आदिवासी जिले के बोडेली तालुका में फर्जी सरकारी कार्यालय स्थापित कर खुद को सरकारी अधिकारी बताया और 4 करोड़ रुपए से अधिक का सरकारी अनुदान प्राप्त किया।

# लालू, राबड़ी समेत सात के खिलाफ आरोप पत्र दायर

रेलवे में 'नौकरी के बदले जमीन' का है मामला

■ 16 जनवरी को होगी मामले की सुनवाई

**नई दिल्ली,** 9 जनवरी (एजेंसियां)। 'नौकरी के बदले जमीन' मामले में लालू परिवार की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की तरफ से मंगलवार को इस मामले में एक नई चार्जशीट दायर की गई है। इसमें लालू यादव की एक और बेटी हेमा यादव को भी आरोपी बनाया गया है। ईडी नए आरोपपत्र में हेमा यादव के अलावा राबड़ी देवी, मीसा भारती, अमित कात्याल, हृदयानंद चौधरी समेत कुल सात लोगों को आरोपी बनाया गया है। अदालत ने मामले को आगामी 16 जनवरी को संज्ञान के लिए सूचीबद्ध किया है। ईडी ने अमित कत्याल और हृदयानंद चौधरी का भी नाम आरोपपत्र में शामिल किया है जो कथित तौर पर राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू प्रसाद यादव और उनके बेटे तेजस्वी यादव से जुड़े हुए हैं। उन्हें ईडी ने नौकरी के बदले जमीन घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में गिरफ्तार भी किया था। सीबीआई और ईडी नौकरी के बदले जमीन मामले में लालू प्रसाद, उनके परिवार और कई अन्य लोगों की जांच कर रहे हैं।



# संगीत सम्राट उस्ताद राशिद खान का निधन

**कोलकाता,** 9 जनवरी (एजेंसियां)। दिग्गज संगीत सम्राट उस्ताद राशिद खान का मंगलवार को निधन हो गया। उन्होंने 55 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। उस्ताद राशिद खान प्रोस्टेट कैंसर से जूझ रहे थे, जिसके लिए कोलकाता के एक अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। वह वेंटिलेटर और ऑक्सीजन सपोर्ट पर थे। डॉक्टर्स की तमाम कोशिशों के बावजूद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका। जिस अस्पताल में उस्ताद राशिद खान का इलाज चल रहा था वहां के एक अधिकारी ने कहा, हमने बहुत कोशिश की, लेकिन असफल रहे. दोपहर करीब 3:45 बजे उनका निधन हो गया।



55 साल की उम्र में ली अंतिम सांस

उपलब्धि | भारत ने अरब सागर में समुद्री निगरानी बढ़ाई

# अरब सागर में पहुंचे भारत के 10 युद्धपोत

■ अपहरण की घटनाओं को देखते हुए तैनाती
■ पाकिस्तान ने भी गश्त कही शुरुआत की

**नई दिल्ली,** 9 जनवरी (एजेंसियां)। भारत ने अरब सागर में समुद्री निगरानी बढ़ा दी हैं। भारतीय नौसेना ने समुद्री डाकूओं और अपहरण की घटनाओं को देखते हुए यहां 10 युद्धपोत तैनात किए हैं। नौसेना ने 10 दिनों के भीतर यहां युद्धपोतों की संख्या दोगुनी कर दी है। वॉरशिप पर नेवी के हेलीकॉप्टर भी तैनात किए गए हैं। समुद्री डाकूओं द्वारा किए गए हाल के हमलों को ध्यान में रखते हुए यह तैनाती की गई है।

बीते दिनों भारतीय नौसेना ने यहां गाइडेड मिसाइल विध्वंसक आईएनएस मोरमुगाओ, आईएनएस कोच्चि और आईएनएस कोलकाता (गाइडेड मिसाइल विध्वंसक) तैनात किए थे। भारत के इस कदम के बाद अब पाकिस्तान ने भी अरब सागर में अपने युद्धपोत तैनात किए हैं।



पाकिस्तानी नौसेना का कहना है अरब सागर में हालिया घटनाओं के बाद पाकिस्तान ने ये युद्धपोत तैनात किए हैं। पाकिस्तान का कहना है उसने अपने समुद्री व्यापारिक मार्गों की सुरक्षा नौसेना के लिए अरब सागर में गश्त शुरू की है।

**हूती विद्रोहियों ने किया था हमला**

दरअसल हाल ही में हूती विद्रोहियों ने पाकिस्तान जाने वाले एक मालवाहक समुद्री जहाज पर मिसाइल से हमला किया था। इस समुद्री जहाज की कंपनी का कहना था कि किंग अब्दुल्ला पोर्ट, सऊदी अरब से कराची के रास्ते में उसके जहाज पर हुए हमला हुआ था। हालांकि इस हमले में जहाज या उस पर सवार किसी व्यक्ति को क्षति नहीं पहुंची। वहीं बीते सप्ताह समुद्री डाकुओं ने लाइबेरिया के ध्वज वाले बल्क कैरियर 'एमवी लीला नॉरफॉक' को हाईजैक करने की कोशिश की थी। हालांकि भारतीय नौसेना के पहुंचने पर समुद्री डाकू रात के अंधेरे में भाग खड़े हुए। नेवी ने यहां 15 भारतीय समेत विमान में सवार सभी 21 क्रू मेंबर को सुरक्षित निकाला था। ऐसी वारदातों के मध्य नजर भारतीय नौसेना ने उत्तर, मध्य अरब सागर और अदन की खाड़ी में निगरानी बढ़ा दी है। यह निर्णय समुद्री डकैती की घटना और भारतीय ईईजेड के करीब एक जहाज पर हाल ही में ड्रोन हमले के मद्देनजर लिया गया है।

# देश

उवाच

जन प्रतिनिधि अपने अनुभव के आधार प्रदेश में अपनी बेहतर छवि और पहचान बनाने का काम करें। हम सब अपने सम्मान के लिए बल्कि जनता के सम्मान के लिए काम करते हैं।

–सतीश महाना, उप्र विधानसभा के अध्यक्ष



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 13.0 | 06.0 |
| मुंबई | 29.0 | 26.0 |
| कोलकाता | 21.0 | 13.0 |
| चेन्नई | 28.0 | 26.0 |

# सदन में व्यवधान अच्छी परंपरा नहीं : ओम बिरला

■ विधायी निकायों में अनुशासन व शालीनता में आ रही गिरावट पर जताई चिंता

■ लोस अध्यक्ष ने मप्र विधानसभा के सदस्यों के लिए प्रबोधन कार्यक्रम का किया उद्घाटन

**भोपाल,** 9 जनवरी (देशबन्धु)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को कहा कि नियोजित तरीके से सदन में व्यवधान पैदा करने की जो एक नई परंपरा चल गई है, उसे समाप्त करने की आवश्यकता है। इसके साथ ही उन्होंने सदन में कानून बनाने के दौरान संबंधित विषय पर विस्तार से चर्चा होने की जरूरत भी बताई। बिरला यहां मध्य प्रदेश विधानसभा के नव-निर्वाचित विधायकों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भी अपना संबोधन दिया। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए बिरला ने विधायी निकायों में अनुशासन और शालीनता में लगातार आ रही गिरावट पर चिंता व्यक्त की। लोस अध्यक्ष ने कहा कि सभा की गरिमा का हनन किए जाने की घटनाओं के मामले में कड़े कदम उठाए जाने की जरूरत है। गंभीर बहस और चर्चा के मंच के रूप में विधानमंडलों के महत्व पर जोर देते हुए बिरला ने कहा कि सभागृह में कुछ हद तक गर्मागर्मी, शोर-शराबा और हंगामा होना स्वाभाविक है, लेकिन अक्सर गर्मागर्म बहस से सभा में अशांति और अव्यवस्था होने से अराजकता पैदा हो जाती है जिससे समय और संसाधनों की हानि होती है और लोगों में विधानमंडलों की विश्वसनीयता कम होती है। इस बात का उल्लेख करते हुए कि नियोजित




सभा की गरिमा का हनन किए जाने की घटनाओं के मामले में कड़े कदम उठाए जाने की जरूरत है : ओम बिरला

व्यवधान लोकतंत्र की भावना के लिए हानिकारक है, बिरला ने कहा कि जब सभा की कार्यवाही में सदस्यों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पूरी निष्ठा से प्रयास किए जाते हैं, तो ऐसे में सभा की गरिमा का हनन किए जाने की घटनाओं के मामले में कड़े कदम उठाने पड़ते हैं। बिरला ने इस बात पर जोर दिया कि मतभेद होने पर सभा के कामकाज में बाधा नहीं आने देनी चाहिए।

**सदन में चिल्ला कर अपनी बात रखना आवश्यक नहीं : तोमर**

मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि विधायकों को बतौर विधायक अपना व्यक्तित्व निखारने के लिए सदन में उपस्थित रहना बहुत आवश्यक है, साथ ही सदन में चिल्ला-चिल्ला कर अपनी बात रखना कतई जरूरी नहीं है। तोमर ने कहा कि इस प्रबोधन कार्यक्रम के लिए लोकसभा सचिवालय की ओर से मध्य प्रदेश विधानसभा को बहुत सहयोग मिला। विधायकों को बेहतर जनप्रतिनिधि बनने की जरूरत पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्र की अपेक्षा कैसे पूरी हों, इसके लिए कृतित्व को पैना करना, अनुशासित करना जरूरी है। ये करके ही कृतित्व व्यक्तित्व को निखारेगा, उससे क्षेत्र में विधायकों की प्रतिष्ठा बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि विधायक के तौर पर कल्पना रहती है कि मुझे बोलना चाहिए। इन दिनों चिल्ला-चिल्ला के बोलने का भी एक प्रचलन है, लेकिन सदन में बात रखते हुए व्यक्ति का जोर से बोलना जरूरी नहीं है। विधायक को सदन में बोलने के लिए कई प्लेटफॉर्म मिले हुए हैं, बहुत कम सदस्य सभी का उपयोग करते हैं। कई बार एक प्रश्न पर ही अड़ जाते हैं, बिना नियम के बोलने की अनुमति चाहते हैं, तो दिक्कत होती है। इस अवसर पर मध्य प्रदेश विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष, श्री उमंग सिंघार ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मध्य प्रदेश सरकार के संसदीय कार्य मंत्री, श्री कैलाश विजयवर्गीय ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम में लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह भी शामिल हुए। मध्य प्रदेश विधानमंडल के सदस्यों के लिए प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन लोक सभा सचिवालय के संसदीय लोकतन्त्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) द्वारा मध्य प्रदेश विधान सभा सचिवालय के सहयोग से किया जा रहा है।

दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान, वरिष्ठ विधायक और विषय विशेषज्ञ कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करेंगे, जैसे एक प्रभावी विधायक कैसे बनें, संसदीय शिष्टाचार और आचरण, बजटीय प्रक्रियाएं और संसद/विधानमंडलों में वित्तीय कार्य संसदीय विशेषाधिकार और आचार, प्रश्नकाल, अल्पकालीन चर्चा, स्थगन, ध्यानाकर्षण, अविलंबनीय लोक महत्व के मामलों की सूचनाओं का महत्व और उपयोग; और संसदीय प्रणाली में समितियों की भूमिका और कार्यप्रणाली

## विधानसभा में आने के बाद होती है दोहरी जिम्मेदारी : मोहन यादव



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने आज कहा कि विधानसभा के सदस्य बनने के बाद विधायकों पर दोहरी जिम्मेदारी हो जाती है, एक अपनी विधानसभा की और साथ-साथ प्रदेश की बेहतरी की भी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रबोधन का अर्थ यह है कि प्रशिक्षण के पहले हम उस विषय में डूब जाएं, हमारे आचरण में, व्यवहार, ज्ञान में एवं अपने सूक्ष्म शरीर, बाह्य शरीर को एकाकार करने का जो भाव, अगर हम धारण करते हैं तो इसका मतलब प्रबोधन है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार लोकतंत्र के मंदिर, संसद की चौखट पर अपना सिर झुका कर जो अहसास कराया है, उससे बड़ा प्रबोधन आज के लोकतंत्र का नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि लोकसभा हो या विधानसभा, वहां के सदस्य एक बड़ी आबादी के माध्यम से लाखों मतदाताओं का मान, सम्मान, भाव एवं विश्वास लेकर विधानसभा में आते हैं। विधानसभा में आने के बाद निश्चित रूप से विधायक दोहरी जिम्मेदारी लेकर आते हैं। एक अपनी विधानसभा का दायित्व तो होता ही है, साथ ही साथ प्रदेश की बेहतरी का दायित्व भी होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हम विधानसभा में प्रवेश करते हैं, तब यह विधानसभा जीवन में कई नए पाठ सीखने के लिए पाठशाला की तरह काम आती है।

# स्थानीय नागरिकों को बचाने के लिए लागू किया था 370 : फारूक अब्दुल्ला

**जम्मू,** 9 जनवरी (एजेंसियां)। धारा 370 को लेकर एक बार फिर नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने बयान दिया। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि आखिर धारा 370 को जम्मू कश्मीर में किस वजह से लागू किया गया है। अनुच्छेद 370 को इस चिंता के कारण लागू किया गया था कि विभाजन के बाद पंजाब से लोग जम्मू और कश्मीर में आ सकते हैं और वहां बस सकते हैं। जम्मू में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि हम अनुच्छेद 370 नहीं लाए। इसे 1947 में महाराजा हरि सिंह ने पेश और लागू किया गया था। यह केवल इस डर से था कि पंजाब के लोग विभाजन के बाद यहां आकर बस जाएंगे और हमारे राज्य के गरीब लोग अपना सामान बेच देंगे। आगे कहा कि महाराजा हरि सिंह ने यहां के स्थानीय लोगों की सुरक्षा के लिए अनुच्छेद 370 लागू किया था। उन्होंने कहा कि विभाजन के बाद महाराजा हरि सिंह ने जम्मू-कश्मीर के गरीब लोगों को बचाने के लिए इस धारा को लागू किया था। उन्होंने केवल जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के स्थानीय लोगों के लिए नौकरियां आरक्षित की थी। यहीं आर्टिकल 370 था। सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले दिसम्बर 2023 में जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के आर्टिकल 370 को रद्द करने के केंद्र सरकार के फैसले को बरकरार रखा था। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई



**हम अनुच्छेद 370 नहीं लाए इसे 1947 में महाराजा हरि सिंह ने पेश था**

चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, बीआर गवई और सूर्यकांत की पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने धारा 370 को निरस्त करने के सरकार के कदम को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर फैसला सुनाया। तब टॉप कोर्ट ने माना था कि धारा 370 एक अस्थायी प्रावधान था। इसमें कहा गया कि किसी राज्य की ओर से केंद्र द्वारा लिए गए हर फैसले को कानूनी चुनौती नहीं दी जा सकती और इससे राज्य का प्रशासन ठप हो जाएगा। जानकारी के लिए बता दें कि केंद्र सरकार ने अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 के तहत दिए गए जम्मू और कश्मीर के विशेष दर्जे को रद्द करने की घोषणा की।

## सार संक्षेप

### जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में हथियार बरामद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में मंगलवार को सुरक्षा बलों ने नियंत्रण रेखा के पास हथियार और नशीले पदार्थ बरामद किए। पुलिस ने कहा कि खुफिया जानकारी के आधार पर कुपवाड़ा पुलिस की एक टीम ने केरन पाईन से हथियार और नशीले पदार्थ बरामद किए। पुलिस ने कहा कि बरामद की गई समाग्री में एक एके-47 राइफल, दो एके मैगजीन और नशीले पदार्थों जैसे पदार्थों के 10 पैकेट शामिल हैं। अधिकारियों ने कहा कि नागा मंडियान के मोहम्मद अमीन लोन के रूप में पहचाने गए एक व्यक्ति को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

### मध्य प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र सात फरवरी से

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र सात फरवरी को प्रारंभ होगा। तेरह दिवसीय सत्र का समापन 19 फरवरी को होगा और इस दौरान नौ बैठकें प्रस्तावित हैं। इस संबंध में विधिवत अधिसूचना जारी कर दी गयी है। विधानसभा के प्रमुख सचिव ए पी सिंह के अनुसार सत्र की शुरूआत सात फरवरी को राज्यपाल के अभिभाषण के साथ होगी। इस दौरान शासकीय कार्य भी संपादित किए जाएंगे। राज्य की नवगठित सोलहवीं विधानसभा का यह दूसरा सत्र होगा। पहला सत्र दिसंबर माह में संपन्न हुआ है और इस दौरान मुख्य रूप से अध्यक्ष के निर्वाचन के साथ ही विधायकों को शपथ दिलायी गयी थी।

### रवींद्र वायकर के आवास पर ईडी ने की छापेमारी

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महाराष्ट्र में प्लॉट घोटाले में मंगलवार को शिवसेना (यूबीटी) विधायक रवींद्र वायकर के आवास समेत मुंबई भर में छह अन्य स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। वायकर पर जोगेश्वरी में बीएमसी खेल के मैदानों और उद्यानों के लिए आरक्षित भूखंड पर पांच सितारा लक्जरी होटल बनाने की अनुमति प्राप्त करके बृहनमुंबई नगरपालिक निगम (बीएमसी) को 500 करोड़ रुपए का चूना लगाने का आरोप है।

### चिल्ड्रन होम की 39 बालिकाएं परिजनों को सौंपी गईं

**भोपाल।** भोपाल में अवैध तौर पर चल रहे आंचल चिल्ड्रन होम की 39 बालिकाओं को उनके परिवारों के सुपुर्द कर दिया गया है। वहीं, बाल अधिकार से जुड़ी संस्थाएं जांच में लगी हुई हैं। राजधानी के परवलिया सड़क क्षेत्र में स्थित आंचल चिल्ड्रन होम से 26 बालिकाओं के लापता होने का मामला सामने आया। पुलिस इस मामले में सक्रिय हुई व जांच में पता चला कि यह 26 बालिकाएं अपने घरों को पहुंच गई हैं। मामले की जांच आगे बढ़ी तो पता चला कि 41 और ऐसी बालिकाएं हैं, जिन्हें इस चिल्ड्रन होम में रखा गया है।

# कर्नाटक में नहीं होगा और कोई उपमुख्यमंत्री : खड़गे

**कलबुर्गी,** 9 जनवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को कहा कि कर्नाटक में कोई और उपमुख्यमंत्री नहीं होगा और पार्टी आलाकमान के सामने ऐसा कोई प्रस्ताव भी नहीं है। खड़गे ने यहां संवाददाताओं से कहा कि आप इस संबंध में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार से यह सवाल पूछ सकते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष की यह टिप्पणी आगामी लोकसभा चुनाव से पहले



जातिगत संतुलन बनाने के लिए तीन उपमुख्यमंत्रियों की नियुक्ति को लेकर पार्टी के भीतर बढ़ती मांग के मद्देनजर सामने आयी है। खड़गे ने कहा कि उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के प्रभाव की जांच करने की भी मांग की जा रही है। गारंटी योजनाओं को लागू करने का लक्ष्य हासिल होने तक ऐसी मांगों पर विचार नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के चयन को लेकर 10 जनवरी को बैठक होगी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री के करीबी एवं मैसूर के दलित नेता समाज कल्याण मंत्री एचसी महादेवप्पा ने कहा था कि उपमुख्यमंत्री के लिए लामबंदी करने में कुछ भी गलत नहीं है। सहकारिता मंत्री केएन राजन्ना ने भी और उपमुख्यमंत्री नियुक्त किये जाने की मांग की है। श्री शिवकुमार के धुर विरोधी सतीश जारकीहोली ने अपनी दिल्ली यात्रा के दौरान पार्टी आलाकमान के सामने तीन उपमुख्यमंत्री बनाने की मांग रखी है।

# सम्मानजनक समझौते के आधार पर उतारेंगे प्रत्याशी : डी राजा

पटना, 9 जनवरी (एजेंसियां)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय

■ भाकपा ने प्रधानमंत्री मोदी को बताया तानाशाह

महासचिव डी. राजा ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी महागठबंधन के घटक के रूप में सम्मानजनक समझौता के आधार पर आगामी लोकसभा चुनावों में अपने प्रत्याशी उतारेगी।

पटना में आयोजित एक प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर बने विपक्षी गठबंधन इंडिया की विजय सुनिश्चित कर भाजपा-संघ परिवार को केंद्रीय सत्ता से बेदखल कर लोकतंत्र, संविधान और समावेशी राष्ट्रीय विरासत की रक्षा के अभियान और संघर्ष को आगे बढ़ाएगी।

प्रधानमंत्री को तानाशाह बताते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डी. राजा ने कहा कि वे ऐसा व्यवहार कर रहे हैं कि देश में लोकतंत्र नहीं है। सीट शेयरिंग के संबंध में पूछे गए एक प्रश्न पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डी. राजा ने



मोदी ऐसा व्यवहार कर रहे हैं कि देश में लोकतंत्र नहीं है : डी. राजा

कहा कि यह अच्छे माहौल में हो रहा है। वहीं देखा जाए तो बिहार में सत्ताधारी महागठबंधन में शामिल जनता दल यूनाइटेड की लोकसभा चुनाव को लेकर न केवल बिहार बल्कि झारखंड पर भी नजर है। जदयू पूर्वोत्तर राज्यों में भी अपने उम्मीदवार देगी। बिहार में जदयू ने 16 से 17 सीटों पर अपना दावा ठोंकते हुए साफ कर दिया है कि सिटिंग सीट पर तो कोई समझौता नहीं हो सकता है। ऐसी स्थिति में तय है कि जदयू बिहार में कम से कम 16 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। इसके अलावा जदयू अरुणाचल पश्चिम से अपने उम्मीदवार की भी घोषणा कर चुकी है।

बताया जाता है कि जदयू की नजर मणिपुर और यूपी पर भी है। बिहार के मंत्री श्रवण कुमार भी कहते हैं कि जदयू यूपी में पहले से काफी मजबूत हुई है। अन्य राज्यों में भी जदयू संगठन को मजबूत करने में जुटी है। यूपी के फूलपुर से वहां के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से चुनाव लड़ने का आग्रह भी किया है। वैसे, उन्होंने यह भी कहा कि इंडिया गठबंधन में सहयोगी दलों से चर्चा के बाद ही कुछ तय होगा। जदयू की नजर झारखंड पर भी है। झारखंड अलग राज्य बनने के बाद जदयू वहां मजबूत भी थी, लेकिन बाद में पार्टी वहां कमजोर होती चली गई।

हालांकि, जदयू झारखंड के नेता खीरू महतो को राज्यसभा भेजकर पार्टी को फिर मजबूत करने में जुटी है। इस दौरान जदयू नेताओं को सक्रियता भी झारखंड में बढ़ी है।

## एकजुट होकर लड़ें, जिससे भाजपा फायदा नहीं उठा सके

सोमवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात के विषय में कहा कि उनसे एक साथ लड़ने की बात कही है। मुलाकात में कहा है कि एक साथ और एकजुट होकर लड़ें, जिससे भाजपा फायदा नहीं उठा सके। नीतीश कुमार को संयोजक बनाने के सवाल कहा कि वे काफी अनुभवी नेता हैं। काफी जानकर हैं। गठबंधन के प्रमुख और टॉप नेता हैं। उन्हें मालूम है कि क्या भूमिका अदा करनी होगी। इससे पहले सोमवार को डी. राजा भाकपा के राज्य सचिवमंडल की बैठक में राज्य के चुनावी परिदृश्य और संभावनाओं पर विचार-विमर्श के बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ मुलाकात कर मौजूदा राष्ट्रीय राजनीतिक परिस्थिति में इंडिया की भावी रणनीति पर चर्चा की।

# बिहार में लालू यादव के जनाधार पर चोट करने की भाजपा ने बनाई रणनीति

**नई दिल्ली,** 9 जनवरी (देशबन्धु)। भाजपा ने बिहार में लालू-तेजस्वी के यादव जनाधार पर चोट करने की तैयारी कर ली है। इसके लिए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को मोर्चे पर लगाया गया है। पार्टी उनके जरिए राष्ट्रीय जनता दल के यादव वोट बैंक में सेंध लगाएगी। इस मुहिम का आगाज 18 जनवरी से होगा। जब मुख्यमंत्री बनने के बाद मोहन यादव पहली बार पटना पहुंचेंगे। इस दौरान भाजपा से जुड़े यादव समाज के लोग व



श्रीकृष्ण चेतना मंच द्वारा उन्हें सम्मानित किया जाएगा। बता दें कि बिहार में नीतीश सरकार ने जातीय जनगणना का जो आंकड़ा जारी किया है, उसमें यादवों की आबादी तकरीबन 15 फीसदी बताई गई है। ऐसे में भाजपा अगर बिहार में अपना पांच पसारना चाहती है तो उसे यादव समाज को साधना बहुत जरूरी होगा। यही कारण है कि भाजपा ने जब अप्रत्याशित रूप से मोहन यादव को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की कमान सौंपी, तभी यह साफ हो गया था कि पार्टी का निशाना उत्तर प्रदेश और बिहार के यादव मतदाताओं पर है। भाजपा मोहन यादव के सहारे दोनों राज्यों में यादवों को मोहने की कोशिश करेगी।

मालूम हो कि यादव उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी और बिहार में लालू यादव की राष्टीय जनता दल का कोर वोटर है। हालांकि उत्तर प्रदेश में भाजपा अन्य दलों के मुकाबलें फिलहाल काफी मजबूत स्थिति में हैं, ऐसे में अभी उसका पूरा फोकस बिहार पर हो गया है।

## विभिन्न जिलों में यात्राएं व सभाएं करेगी पार्टी

सूत्र बता रहे हैं कि लोकसभा चुनाव से पहले मोहन यादव की एक दर्जन से ज्यादा यात्राएं व सभाएं बिहार के विभिन्न जिलों में होगी। इसके तहत वे स्थानीय यादव समाज को भाजपा से जोड़ने की कोशिश करेंगे। उनके इस मिशन में बिहार के कई बड़े यादव नेता भी सहयोगी बनेंगे।

■ यादव वोट बैंक में सेंध लगाने के लिए मोहन यादव को सौंपी जिम्मेदारी

# मीरवाइज को दिल्ली जाने की मिली इजाजत

**श्रीनगर,** 9 जनवरी (एजेंसियां)। अंजुमन औकाफ जामा मस्जिद ने मंगलवार को कहा कि उसके अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक को जम्मू-कश्मीर अधिकारियों ने निजी यात्रा पर नई दिल्ली जाने की अनुमति दे दी है। वर्ष 2019 में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद मीरवाइज की यह पहली दिल्ली यात्रा है।

मस्जिद ने एक बयान में कहा कि जामा मस्जिद के मुख्य मौलवी मीरवाइज को राज्य के अधिकारियों ने आठ जनवरी को नई दिल्ली की यात्रा करने की अनुमति दी है। बयान में कहा गया, मीरवाइज ने अपनी यात्रा की व्यक्तिगत प्रकृति के बारे में बताया था जिसके बाद अधिकारियों ने उन्हें अनुमति दी। सितम्बर 2023 में नजरबंदी से रिहाई के बावजूद उन्हें बार-बार उनके घर पर हिरासत में रखा जाता है, खासकर शुक्रवार को। मीरवाइज कुछ हफ्तों में वापस आ जाएंगे।अंजुमन ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने मुख्य मौलवी को बिना किसी कारण लगातार 13 सप्ताह तक श्रीनगर की ऐतिहासिक जामिया मस्जिद में नमाज का नेतृत्व करने से रोक दिया।

# रामनवमी को हो रामलला मंदिर का लोकार्पण : राजीव

**पटना,** 9 जनवरी (देशबन्धु)। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय महासचिव राजीव रंजन ने केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार को राममन्दिर लोकार्पण की तिथि बढ़ाने की सलाह देते हुए मंगलवार को कहा है कि 500 वर्षों के बाद राममन्दिर का निर्माण खुशी की बात है लेकिन केंद्र सरकार और भाजपा के इसमें भी राजनीति किया जाना क्षोभ का विषय है।

रंजन ने कहा कि धार्मिक विषयों के कई जानकारों का मानना है कि आगामी 22 जनवरी को शुभ मुहूर्त कुछ ही समय का है, जो राममन्दिर के लोकार्पण जैसे महान कार्य के लिए उचित नहीं है। धर्मगुरुओं के मुताबिक रामनवमी का दिन इसके लिए सर्वाधिक शुभ है। उन्होंने सवालिया लिहाज में कहा कि भाजपा को बताना चाहिए कि धर्मगुरुओं के खिलाफ जाकर इतनी हडबडी में राममन्दिर का शुभारंभ करने की वजह क्या है। जदयू महासचिव ने रामनवमी का महत्व बताते हुए कहा कि मान्यता है कि



रामलला का अवतरण रामनवमी के दिन ही हुआ था। इसी दिन चैत्र में होने वाली दुर्गापूजा की महानवमी भी पड़ती है। सनातन धर्म को मानने वाले इस दिन को काफी शुभ मानते हैं। हर घर पूजा होती है और नई ध्वजा का आरोहण होता है। ऐसे भी जानकारी के मुताबिक नए राममन्दिर में प्रभु श्री राम बालरूप में प्रतिष्ठापित किये जा रहे हैं तो इसके लिए उनके अवतरण दिवस से बढ़िया दिन और कौन हो सकता है।

चिंता | *कश्मीर घाटी में कड़ाके की सर्दी के बीच शुष्क मौसम बना परेशानी का सबब*

# कम बर्फबारी व बारिश से दूरगामी प्रभावों को लेकर किसान चिंतित

■ सुरेश एस डुग्गर

जम्मू, 9 जनवरी (देशबन्धु)। माना कि इस समय कश्मीर में सर्दी की पकड़ बहुत मजबूत है और सबसे भयानक सर्दी की अवधि चिल्ले कलां जारी है पर कई सालों के उपरांत चिल्ले कलां के पहले 20 दिन शुष्क गुजरने से कश्मीरी चिंता में हैं कि क्या उनके हिस्से की बर्फ उन्हें मिलेगी या नहीं।

हालांकि मौसम विभाग बर्फबारी की अपनी भविष्यवाणियों को बार-बार बदल रहा है जिस कारण अब उस पर भी विश्वास करना मुश्किल हो गया है।

चिल्ले कलां की अवधि 40 दिनों की होती है और इस दौरान सर्दी अपने पूरे शबाब पर होती है। यह इस बार भी है तो पूरे शबाब पर लेकिन शुष्क सर्दी बिना बर्फ के है। न ही बारिश है और न ही बर्फ। नतीजतन इस सूखे से निजात पाने की खातिर कश्मीरी सिर्फ अल्लाह से दुआ



■ पर्यटन क्षेत्र से जुड़े लोगों के माथे पर भी खिंची चिंता की लकीरें

ही कर रहे हैं कि वह उन्हें इस सूखे से निजात दिलाए जिसने सब कुछ हिला कर रख दिया है। मौसम विभाग के अनुसार, ऐसा सूखा मौसम पिछले पांच वर्षों में नहीं देखा गया है। जबकि दिसम्बर और जनवरी में बारिश का मौसम बिल्कुल भी नहीं देखा गया है। चिल्ले कलां 21 दिसम्बर, 2023 को शुष्क रूप से शुरू हुआ, और इस अवधि के दौरान कश्मीर में कहीं भी कोई महत्वपूर्ण बर्फबारी नहीं हुई। सबसे कठोर सर्दियों की अवधि 31 जनवरी को समाप्त होने वाली है, इसके बाद 31 जनवरी से 19 फरवरी तक 20 दिनों की चिल्ले खुर्द (छोटी ठंड) और 20 फरवरी से 10 दिनों की, 2 मार्च तक चिल्ले बच्चा (बच्चों की ठंड) होगी। जानकारी के लिए चिल्ले कलां एक फारसी शब्द है जिसका अर्थ है प्रमुख शीत।

हालांकि, कश्मीर में, सबसे कठोर सर्दियों के शुरुआती 20 दिनों में कश्मीर में शुष्क मौसम बना हुआ है और अब स्थानीय मौसम विभाग ने 15 जनवरी तक इसके जारी रहने की भविष्यवाणी की है। यह बात अलग है कि 30 दिसम्बर से लेकर अब तक मौसम विभाग कई बार बर्फबारी की भविष्यवाणी और पूर्वानुमान प्रकट कर चुका है पर कोई भी सच साबित नहीं हुए हैं। मौसम विभाग के निदेशक डा. मुख्तार अहमद कहते थे कि पहले भी ऐसे सूखे के दौर आए हैं। उनके बकौल, वर्ष 2022 में, दिसम्बर बिना किसी बारिश के बीत गया था, और फिर वर्ष 2018 में, दिसंबर और जनवरी बिना किसी बारिश के समाप्त हुआ था। उन्होंने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि कश्मीर में चल रहा सूखा कोई नई घटना नहीं है। और अब ताजा पूर्वानुमान के अनुसार, मैदानी इलाकों में मौसम आमतौर पर बादल छाए रहने की उम्मीद वाला है, जम्मू संभाग में एक या दो स्थानों पर बहुत हल्की बारिश और कश्मीर के अलग-अलग अत्यधिक ऊंचे इलाकों में बहुत हल्की बर्फबारी होने की संभावना जताई जा रही है।

मौसम विभाग कहता है कि 10 से 15 जनवरी के बीच मौसम शुष्क रहने का अनुमान है और कुल मिलाकर, 15 जनवरी तक कोई महत्वपूर्ण मौसम गतिविधि अर्थात बर्फबारी होने की उम्मीद नहीं है।

उल्टा पुल्टा

पति : तुम्हारे पापा मानते क्यों नहीं ? जले पर नमक छिड़कने की आदत गई नहीं अब तक उनकी।
पत्नी : क्यों क्या हुआ ?
पति : आज फिर से पूछ रहे थे कि मेरी बेटी से शादी करके खुश तो हो न ?

# कैपिटल ज़ोन

## पालतू व आवारा पशुओं के दाह संस्कार के लिए एक समान नीति लाएंगे : शैली

**नई दिल्ली,** 9 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली की मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने मंगलवार को द्वारका में दिल्ली नगर निगम द्वारा विकसित पहले पालतू पशु शवदाह गृह का निरीक्षण किया। पालतू पशु शवदाह गृह में सुविधाओं का

**■ मेयर ने पालतू पशु शवदाह गृह में सुविधाओं का किया निरीक्षण**

निरीक्षण करते हुए डॉ. शेली ओबरॉय ने कहा कि शवदाह गृह अपनी हरित तकनीक के साथ पर्यावरण-अनुकूल पशु दाह संस्कार सेवाएं प्रदान कर रहा है। पालतू पशु प्रेमी विधिवत हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार अपने प्यारे पालतू पशुओं का गरिमापूर्ण दाह संस्कार कर सकते हैं। इसके साथ ही शवदाह गृह में प्रदान की जा रही अन्य सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि निगम के कई जोन में पशु चिकित्सा सेवाओं विभाग द्वारा आवारा कुत्तों के अंतिम संस्कार के लिए शवदाह गृह सुविधा मुफ्त दी जाती है, जबकि अन्य जोन में लोग 500 रुपए में ऐसी सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। हम जल्द ही दिल्ली नगर निगम के सभी जोन में पालतू पशुओं और आवारा पशुओं के



**आवारा पशुओं के लिए लोगों को बेहद कम दरों पर ऐसी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी : डॉ. शैली ओबरॉय**

दाह संस्कार के लिए एक समान नीति लाएंगे। आवारा पशुओं के लिए लोगों को बेहद कम दरों पर ऐसी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि दाह संस्कार सेवाओं के अलावा एक हरा-भरा मेमोरियल पार्क भी विकसित किया जा रहा है। ऐसी हरित पट्टी से क्षेत्र में प्रदूषण का स्तर कम होगा। पालतू जानवरों की याद में वृक्षारोपण की सुविधा भी उपलब्ध है। मेयर ने दिल्ली और उसके आसपास के सभी पालतू पशु मालिकों से शवदाह गृह में सस्ती दरों पर पालतू पशु दाह सुविधाओं का उपयोग करने का आग्रह किया। इस अवसर पर नजफगढ़ जोन उपायुक्त अभिषेक कुमार मिश्रा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### किफायती दरों पर पालतू पशुओं का दाह संस्कार कर रहा निगम

नगर निगम पालतू शवदाह गृह द्वारा पालतू पशुओं का दाह संस्कार किफायती दरों पर कर रहा है। कुत्तों और 30 किलो से कम वजन वाले छोटे पशुओं के दाह संस्कार के लिए 2,000 रुपए और इससे अधिक वजन वाले जानवरों के लिए 3,000 रुपये लिए जा रहे हैं। पालतू पशु शवदाहगृह में सीएनजी संचालित दो भट्टियों का उपयोग एक दिन में 10 पालतू पशुओं और 15 छोटे आवारा पशुओं का दाह संस्कार किया जा सकता है। दिल्ली नगर निगम का पालतू पशु शवदाह गृह 700 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैला हुआ है। यह द्वारका के सेक्टर 29 में एमसीडी के कुत्ता नसबंदी केंद्र के निकट स्थित है।

## सेंट स्टीफंस कॉलेज का हो रहा विस्तार

**नई दिल्ली,** 9 जनवरी (देशबन्धु)। राजधानी के चांदनी चौक एरिया में स्थित डीयू के जाने-माने सेंट स्टीफंस कॉलेज का अब विस्तार हो रहा है। अब सेंट स्टीफंस कॉलेज को स्थापित करने वाली संस्था दिल्ली ब्रदरहुड सोसाइटी डीबीएस सेंट स्टीफंस कैम्ब्रिज स्कूल स्थापित करने जा रही है। यह स्कूल दिल्ली-सोनीपत सीमा पर तहसील राई में स्थापित हो रहा है। जब दिल्ली में उपयुक्त जगह मिलेगी तो यहां पर स्कूल स्थापित किया जाएगा। डीबीएस से जुड़े हुए ब्रदर सोलोमन जॉर्ज ने बताया कि प्रतिष्ठित सेंट स्टीफंस कॉलेज स्कूल स्तर पर शुरुआत करने जा रहा है। इसकी शाखा दिल्ली-एनसीआर से शुरू कर पूरे देश में खोले जाएंगे। छात्रों को यहां बेहतरीन माहौल मिलेगा जहां उनका सर्वांगीण विकास हो पाएगा। उन्होंने बताया कि सेंट स्टीफन कॉलेज का गौरवशाली इतिहास रहा है। दिल्ली में ब्रदरहुड ऑफ दि एसेंनडेंड क्राइस्ट की स्थापना सन 1877 में हुई थी। इस संस्था का संबंध कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी से है। इन्होंने ही राजधानी में सेंट स्टीफंस कॉलेज, सेंट स्टीफंस अस्पताल और दिल्ली जंक्शन के पास सेंट स्टीफंस चर्च की स्थापना की। सेंट स्टीफंस कैंब्रिज स्कूल आगामी शिक्षा सत्र से खुल रहा है। यह स्कूल को-एजुकेशन होगा। जहां छात्र और छात्राएं दोनों को बराबर का अवसर उपलब्ध होगा।



## निगम सरकार में दिल्ली की सफाई व्यवस्था चरमराई : राजा इकबाल

**नई दिल्ली,** 9 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व महापौर राजा इकबाल सिंह ने दिल्ली की चरमराई सफाई व्यवस्था को लेकर दिल्ली नगर निगम की आप सरकार पर बड़ा हमला बोला। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि आप पार्टी दिल्ली की जनता से 1 जनवरी 2024 तक कूड़े के पहाड़ों को खत्म करने के वादे के साथ निगम की सत्ता पर काबिज हुई थी। किंतु आज उस 1 तारीख को बीते कई दिन हो गए हैं लेकिन दिल्ली की सफाई व्यवस्था बुरी तरह से चरमरा गई है और लैंडफिल साइटों पर कूड़ा बढ़ गया है।

राजा इकबाल सिंह ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा था कि हम सफाई के लिए निगम की अतिरिक्त 850 करोड़ रुपए का फंड जारी करेंगे लेकिन उसका भी कोई अता पता नहीं है। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि दिल्ली की अनधिकृत कॉलोनियों में नालियां और पीडब्ल्यूडी के नाले कूड़े से लबालब भरे पड़े, पूरी दिल्ली कूड़ा कूड़ा है और चारों तरफ गंदगी का



**■ लैंडफिल साइटों पर कूड़ा बढ़ने पर साधा निशाना**

आलम है लेकिन इस बात की सुध लेने वाला कोई भी नही है। ऐसे में यह अभियान दिल्ली की जनता की आंखों में धूल झोंकना मात्र है। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि कल से दिल्ली के सफाई कर्मचारी हड़ताल पर जा रहे हैं क्योंकि उनका शोषण हो रहा है। भारतीय जनता पार्टी दिल्ली नगर निगम की आप सरकार की कार्यप्रणाली की कड़ी निन्दा करती है। निगम में आप पार्टी के शासनकाल में कर्मचारी परेशान हैं एवं दिल्ली की जनता त्रस्त है।

## सार संक्षेप

### फायरबोल्ट ने लॉन्च की एंड्रॉइड रिस्टफोन ड्रीम

**नई दिल्ली।** भारत की अग्रणी स्मार्ट वेयरेबल ब्रांड फायरबोल्ट ने अपने ड्रीम रिस्टफोन को लॉन्च किया गया। यह एक अत्याधुनिक एंड्रॉइड स्मार्टवॉच है जो वेयरेबल टेक्नॉलोजी के क्षेत्र की नई परिभाषा लिखेगी। एंड्रॉइड 8.1 ओएस और गूगल प्ले स्टोर के साथ, यह रिस्टफोन एक स्मार्टफोन को एक शानदार स्लीक और कॉम्पैक्ट स्मार्टवॉच डिजाइन में बदलता है। लॉन्च डे पर सिर्फ 5999 रुपये की आकर्षक कीमत पर उपलब्ध यह रिस्टफोन 10 जनवरी से फ्लिप्कार्ट, फायरबोल्ट डॉट कॉम और पूरे भारत के ऑफलाइन स्टोरों पर उपलब्ध होगी। रिस्टफोन 12 अलग-अलग रंगों और स्ट्रैप डिजाइनों के साथ बेहतरीन रेंज प्रदान करता है, जो उपयोगकर्ताओं को पर्सनलाइज्ड स्टाइल आप्शन देता है। फायरबोल्ट के सीईओ और संस्थापक अर्णव किशोर ने कहा कि हम फायरबोल्ट एंड्रॉइड रिस्टफोन का अनावरण करते हुए बेहद रोमांचित हैं, यह वेयरेबल टेक्नॉलोजी के क्षेत्र में वाकई एक चमत्कार है। ग्राउंडब्रेकिंग डिवाइस बारीकी लेकिन आसान है, यूजर्स को कम्युनिकेशन, हेल्थ मोनिटरिंग और मनोरंजन में शानदार अनुभव प्रदान करती है।

### वर्क इंडिया ने भारत में वार्षिक हायरिंग ट्रेंड्स को सामने रखा

**नई दिल्ली।** ब्लू-कॉलर रिक्रूटमेंट के क्षेत्र में भारत के अग्रणी टेक प्लेटफॉर्म वर्कइंडिया ने 2023 में देश के जॉब मार्केट से जुड़े ट्रेंड्स और ग्रोथ पैटर्न को लेकर विश्लेषण जारी किया है। आंकड़े बताते हैं कि बीते साल देश में रोजगार के अवसरों और उम्मीदवारों के आवेदन के मामले में उल्लेखनीय विकास के साथ एक गतिशील माहौल देखने को मिला है। वर्कइंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, जॉब ओपनिंग्स में 4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जिससे 7.5 लाख रोजगार के नए अवसर सृजित हुए। इसी तरह उम्मीदवारों के आवेदन 9 प्रतिशत बढ़े, जो दिखाता है कि रोजगार चाहने वालों की संख्या 67 लाख बढ़ी है। ये आंकड़े रोजगार के अवसरों और उम्मीदवारों की संख्या के बीच बहुत बड़ा अंतर भी दिखाते हैं। इस रिपोर्ट को लेकर वर्क इंडिया के सीईओ एवं सह-संस्थापक नीलेश डुंगरवाल ने कहा कि यह रिपोर्ट भारत में ब्लू-कॉलर जॉब मार्केट में विकास की संभावनाओं का प्रमाण है। ये आंकड़े भारतीय कार्यबल के लचीलेपन को दिखाते हैं, साथ ही इससे नौकरी चाहने वालों और रोजगार प्रदान करने वालों की बदलती प्राथमिकताओं की झलक भी दिखती है। हमें विश्वास है कि ये आंकड़े कंपनियों, नीति निर्माताओं और रोजगार चाहने वालों को बेहतर निर्णय लेने में मदद करेंगे।

### अमेजन डॉट इन के संक्रांति फेस्टिव स्टोर के साथ मनाएं फसल के मौसम का उत्सव

**नई दिल्ली।** अमेजन डॉट इन पर विशेषरूप से तैयार किए गए पोंगल और संक्रांति फेस्टिव स्टोर से इस त्योहारी सीजन में आकर्षक डील्स हासिल करें, जिसमें ग्राहकों के लिए विभिन्न श्रेणियों के उत्पादों का एक विस्तृत चयन पेश किया जा रहा है। यह वन-स्टॉप-शॉप आपको एथनिक वियर, इलेक्ट्रॉनिक्स, एप्लाएंसेस, होम डेकोर, फैशन और ब्यूटी उत्पाद, एक्सेसरीज, ताजे फल, सब्जियां, फूल आदि सहित उत्पादों की एक विस्तृत श्रंखला पर आकर्षक डील्स प्रदान करेगी। ग्राहक 18 जनवरी तक इन ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं, और अपने घर पर आराम से बैठकर खरीदारी करते हुए बड़ी बचत कर सकते हैं। वनप्लस, आसुस, कैडबरी, हैप्पीलो, फिलिप्स, जस्ट हर्ब्स, अमूल, लाइजॉल, अनार्वा, आशीर्वाद, गोल्ड आर्ट इंडिया, लिगनम आर्ट्स जैसे शीर्ष ब्रांड्स आकर्षक डील्स की पेशकश कर रहे हैं।

## पांच राज्यों में कांग्रेस के साथ चुनावी गठबंधन के लिए आप तैयार : गोपाल राय

**नई दिल्ली,** 9 जनवरी (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी (आप) ने पंजाब समेत पांच राज्यों में कांग्रेस के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ने पर अपना रुख बरकरार रखा है और उसने कहा कि अब तक की चर्चा सकारात्मक रही है। पार्टी की दिल्ली इकाई के संयोजक गोपाल राय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आप और

**■ अगली बैठक में सीट को लेकर होगी बातचीत**

कांग्रेस विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया का हिस्सा हैं और उन्होंने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए सीट बंटवारे पर सोमवार को चर्चा की। राय ने एक संवाददाता सम्मेलन से इतर कहा कि दोनों पार्टियों के बीच सीट बंटवारे पर बातचीत शुरू हो गई है। हमने



दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, गोवा और गुजरात में गठबंधन में चुनाव लड़ने पर अपना रुख बरकरार रखा है।

अब तक सकारात्मक चर्चा हुई है। यह पूछे जाने पर कि पार्टी किन-किन सीट पर चुनाव लड़ना चाहती है, आप नेता ने कहा कि इन राज्यों में किसी विशेष सीट को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई। दिल्ली और पंजाब में आप सत्ता में है। कांग्रेस की दोनों राज्यों की इकाइयां आप के साथ किसी भी तरह के समझौते के विरोध में हैं। पंजाब में कांग्रेस और आप के बीच गठबंधन में चुनाव लड़ने को लेकर खुलेआम बयानबाजी हो रही है। राय ने कहा कि हम गठबंधन में चुनाव लड़ना चाहते हैं।

अगली बैठक में सीट को लेकर बातचीत होगी। जब हम गठबंधन में होते हैं तो हमें आधिकारिक रुख अपनाना होता है। इस बारे में दोनों पार्टियां अपनी तैयारियां करेंगी और फिर चर्चा करेंगी। कांग्रेस और आप ने सोमवार को पंजाब, दिल्ली और अन्य राज्यों में लोकसभा चुनावों के लिए सीट बंटवारे की संभावनाओं पर चर्चा की। उन्होंने इंडिया गठबंधन के दो प्रमुख घटकों के बीच व्यवस्था को अंतिम रूप देने के लिए फिर से मिलने का फैसला किया।



■ नई दिल्ली के विज्ञान भवन में विभिन्न विभागों में डीएसएसएसबी/यूपीएससी के उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र सौंपते दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना। फोटो इम्तियाज खान

## कर्मचारियों के बीच पहुंचे सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन



**नई दिल्ली,** 9 जनवरी (देशबन्धु)। सिविल लाइन जोन में कार्यरत सफाई सफाई कर्मचारियों के बुलावे पर दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग के

**■ कर्मचारियों ने किया चेयरमैन संजय गहलोत का स्वागत**

चेयरमैन संजय गहलोत मंगलवार को जोन के वार्ड संख्या-18 में पहुंचे जहां कर्मचारियों ने चेयरमैन संजय गहलोत का जोरदार स्वागत किया और अपनी विभिन्न समस्यायों से अवगत कराया। मौके पर उपस्थित कर्मचारियों ने प्रमुख रूप से नियमितीकरण में हो रही देरी, बकाया एरियर, दो सालों से रुका हुआ बोनस एवं बढ़ोतरी, ठेकेदारी प्रथा समापन, रिटायर हुए कर्मियों का अंतिम लाभांश, प्रोमोशन, मेडिकल सुविधा इत्यादि समस्यायों से अवगत कराया। मौके पर उपस्थित आम आदमी पार्टी से निगम पार्षदा टिम्सी शर्मा ने भी कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि महापौर के समक्ष कर्मचारियों की समस्यायों को रखा जाएगा।

### संजय गहलोत ने कर्मचारियों को भरोसा दिलाया

वहीं चेयरमैन संजय गहलोत ने भी कर्मचारियों को भरोसा दिलाया कि आयोग द्वारा उचित कड़े कदम उठाए जाएंगे। कार्यक्रम में ट्रेड यूनियन लीडर्स राहुल टांक, मोहनी चंदेलिया, अनिल चूड़ीआना, डॉ. प्रमोद म्हरोलिया, आज़ाद बागड़ी, सुरेंदर चंदेल, सतीश उज्जैनवाल, बिजेन्द्री गहलोत, संगीता म्हरोलिया, कमलेश बेनीवाल, राजवीर उज्जैनवाल, विनोद छारा समेत सैकड़ों कर्मचारी मौजूद रहे।

## राजधानी में ठगी के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** 9 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने फ्लैट दिलाने के नाम पर 40 से अधिक लोगों को कथित तौर पर ठगने और 5 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि का दुरुपयोग करने के आरोप में 38 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान द्वारका सेक्टर-23 निवासी प्रदीप सहरावत के रूप में हुई है। वह इसी तरह के छह अन्य धोखाधड़ी के मामलों में भी शामिल पाया गया। वैभव कुमार सिंह और अन्य की शिकायत पर ईओडब्ल्यू पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया। ईओडब्ल्यू में शिकायतें द्वारका जिले से मिली थी और ये शिकायतें डीडीए की लैंड पूलिंग पॉलिसी धोखाधड़ी से संबंधित थी। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि उन्हें कैंप डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के पदाधिकारियों द्वारा एल-जोन (द्वारका) में द क्रिस्टल रेजीडेंसी और ईडन हाइट प्रोजेक्ट में फ्लैट खरीदने के लिए प्रेरित किया गया था, जिसे द्वारका में 10 एकड़ भूमि में बनाया जाना था।

## रैपिडो ने कैब महोत्सव का किया आयोजन

**नई दिल्ली,** 9 जनवरी (देशबन्धु)। भारत के प्रमुख कम्यूट ऐप रैपिडो ने मंगलवार को दिल्ली में अब तक के सबसे बड़े कैब महोत्सव का आयोजन किया। 600 से अधिक कैप्टन्स ने इस आयोजन में हिस्सा लिया, जिन्हें गारंटीड उपहार जैसे फ्रिज, वॉशिंग मशीन, टेलीविजन आदि दिए गए। रैपिडो के सह-संस्थापक पवन गुंटुपल्ली ने कैप्टन्स के साथ बातचीत की और उन्हें उपहार देकर उनकी सराहना की। इस अवसर पर कैप्टन्स को उनकी कड़ी मेहनत के लिए सराहा गया, यह आयोजन अपने कैप्टन्स के लिए रैपिडो की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। अपने कैप्टन्स के प्रति आभार व्यक्त करते हुए पवन गुंटुपल्ली, सह-संस्थापक, रैपिडो ने कहा कि रैपिडो में हम कैप्टन्स के साथ सिर्फ लेनदेन के दायरे से आगे बढ़कर मजबूत रिश्ते बनाना चाहते हैं। हम अपने उपभोक्ताओं एवं कैप्टन्स दोनों को सर्वश्रेष्ठ सेवाएं प्रदान करने के लिए तत्पर हैं। हम जीरो कमीशन के साथ रैपिडो कैब्स लेकर आए हैं ताकि हमारे कैप्टन्स की अच्छी कमाई हो सके। कैब महोत्सव जैसे जश्न हमारे कैप्टन्स के प्रति आभार व्यक्त करने का जरिया हैं। आने वाले सालों में हम उन्हें सशक्त बनाने के लिए इस तरह की पहलों का आयोजन करते रहेंगे। रैपिडो ने हाल ही में 60000 से अधिक कैप्टन्स के फ्लीट के साथ दिल्ली एनसीआर में कैब सर्विस का लॉन्च किया। आने वाले दो महीनों में रैपिडो दिल्ली में 40000 से अधिक रोजगार के अवसर उत्पन्न करेगी।



**■ अपने कैप्टन्स को सम्मानित करने के लिए किया आयोजन**

## निरंकारी संत समागम की तैयारियां शुरू

**नई दिल्ली,** 9 जनवरी (देशबन्धु)। 57वें वार्षिक निरंकारी संत समागम का आयोजन दिनांक 26, 27 एवं 28 जनवरी को सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के सान्निध्य में सेक्टर 14 एवं 15, पतंजली फूड फैक्ट्री के पास, मिहान, सुमठाणा, नागपुर के विशाल मैदान में होने जा रहा है। इस विशाल आध्यात्मिक संत समागम को सफल बनाने हेतु विगत् 24 दिसम्बर 2023 से ही विधिवत् रूप में स्वैच्छिक सेवाओं का आरंभ हो गया है उसके उपरांत से ही विदर्भ क्षेत्र के अतिरिक्त समूचे महाराष्ट्र से भी हजारों की संख्या में निरंकारी सेवादल के सदस्य, स्वयंसेवक एवं श्रद्वालु भक्त बड़ी ही लगन, निष्ठा और निष्काम भावना से समागम स्थल पर पहुंचकर तैयारियों में अपना भरपूर योगदान दे रहे हैं। संत समागम की तैयारियां अत्यंत उत्साह के साथ की जा रही है। बच्चे, युवा, वृद्व सभी हर्षोल्लास के साथ बढ़चढ़कर तनमयतापूर्वक इन सेवाओं में लगे हुए हैं। कहीं पर मैदानों को समतल किया जा रहा है तो कहीं समागम स्थल की स्वच्छता एवं सड़क निर्माण इत्यादि पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।


**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा-201310
जिला गौतमबुद्ध नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर-जुनपत की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या-जे.यू.एन.01243, भूखण्ड संख्या-69-ए, क्षेत्रफल-120 वर्ग मीटर श्री राम गोपाल पुत्र श्री नत्थी, निवासी-ग्राम-चमरावली बोडाकी, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी श्री राम गोपाल पुत्र श्री नत्थी की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान सर्वश्री जितेन्द्र कुमार, ओमकार सिंह पुत्रगण स्व० श्री राम गोपाल सिंह, निवासी-ग्राम-चमरावली बोडाकी, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके सर्वश्री जितेन्द्र कुमार, ओमकार सिंह पुत्रगण स्व० श्री राम गोपाल सिंह, निवासी-ग्राम-चमरावली बोडाकी, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में सहः आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण



**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा-201310
जिला गौतमबुद्ध नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर-हजरतपुर की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या-एच.ए.जी.093, भूखण्ड संख्या-एच-51, क्षेत्रफल-70 वर्ग मीटर श्री राम गोपाल पुत्र श्री नत्थी, निवासी-ग्राम-चमरावली बोडाकी, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी श्री राम गोपाल पुत्र श्री नत्थी की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान सर्वश्री जितेन्द्र कुमार, ओमकार सिंह पुत्रगण स्व० श्री राम गोपाल सिंह, निवासी-ग्राम-चमरावली बोडाकी, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके सर्वश्री जितेन्द्र कुमार, ओमकार सिंह पुत्रगण स्व० श्री राम गोपाल सिंह, निवासी-ग्राम-चमरावली बोडाकी, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में सहः आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण



**उत्तर रेलवे**
**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि. मण्डल इंजीनियर-चतुर्थ, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई-टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | सहायक मंडल अभियंता जींद के अधिकार क्षेत्र में नीचे 1x600 मिमी व्यास के आवरण पाइप के माध्यम से 400 मिमी व्यास डीआई जल पाइप लाइन प्रदान करना/बिछाना किलोमीटर पर रेलवे ट्रैक 11/17-18 पांडु-पिंडारा और ललित खेड़ा रेलवे स्टेशनों के बीच 150 पानी/सीवेज उदेश्य के लिए 300 मिमी व्यास एम-एस केसिंग पाइप के माध्यम से मिमी व्यास डीआई वाहक पाइप किमी पर ट्रैक के नीचेः 107/28-30 डी-एल-आई-बी-टी-आई पर 200 मिमी व्यास डी-आई वाहक पाइप 300 मिमी व्यास के माध्यम से पानी/सीवेज उदेश्य के लिए एम-एस केसिंग पाइप ट्रैक के नीचे किमीः 13/7-8 और 250 मिमी व्यास डीआई ट्रैक के नीचे पानी/सीवेज उदेश्य के लिए 400 मिमी व्यास एमएस केसिंग पाइप के माध्यम से वाहक पाइप किमी हेतु कार्य। (निविदा संख्या 51-W-IV-23-24) |
| अनुमानित लागत | (1) रु.1,42,67,015.01 |
| धरोहर राशि | (1) रु.2,21,300.00 |
| ई-निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | ई-निविदा भरने का समय कार्य 16.01.2024 को 15.00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 30.01.2024 को 15.00 बजे |
| निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है |

पत्र संख्या : 128-डब्लू/260/निविदा सूचना/NIT 51-डब्लू-4-23-24
दिनांकः 08.01.2024 78/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

उवाच

संस्था की ओर से लगातार विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे है। संस्था का उद्देश्य समाज को एक साथ लेकर चलना और जरूरतमंद परिवारों की मदद करना है। आने वाले समय में सामूहिक विवाह का आयोजन भी कराया जाएगा। इसके अलावा संस्था को जो भी कार्य समाज के उत्थान के लिए करने होंगे हम मिलकर करेंगे। संस्था में लगभग इस समय 1500 से अधिक परिवार सदस्य है।

**वीरेन्द्र मेहता, संस्था अध्यक्ष**

## नगर निगम की सदन की बैठक में जमकर हंगामा

**गाजियाबाद,** 9 जनवरी (देशबन्धु)। गाजियाबाद नगर निगम सदन की बैठक में गाजियाबाद का नाम बदलने के प्रस्ताव पर मोहर लगा दी

- **गाजियाबाद का नाम बदलने के प्रस्ताव को हरी झंडी, शासन को जाएगा प्रस्ताव**
- **1648 करोड़ का पूरक बजट हुआ पास**

गई। हालांकि आज की बैठक काफी हंगामेदार रही। बैठक में पार्षदों ने पुलिस द्वारा सदन में जाने से पहले तलाशी लेने का विरोध किया। इसके अलावा और भी कई अन्य मामलों पर पार्षदों में हंगामा किया। महापौर सुनीता दयाल द्वारा शहर के 40 कम्यूनिटी संेटरों में से 20 निजी हाथों में दिए जाने के प्रस्ताव पर पार्षदों ने जमकर हंगामा काटा।

सुबह 11 बजे बैठक महापौर सुनीता दयाल की अध्यक्षता में मंगलवार को बैठक शुरू हुई। जो कई घंटे तक चली।









बैठक में पूरक बजट को हरी झंडी दे दी गई वहीं गाजियाबाद का नाम बदलने के प्रस्ताव को भी पास कर दिया गया। यह प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा और शासन की अनुमति के बाद गाजियाबाद का नाम गजप्रस्थ या फिर हरनंदी नगर होगा। बैठक के दौरान ये भी तय हुआ कि जिन मलीन बस्ती आदि में पहली बार टेक्स तय किया जा रहा है, उनमें केवल दो साल अवधि का टेक्स

वसूल किया जाएगा। निगम के पॉश कालोनियों के कम्युनिटी सेंटर जीडीए की तर्ज पर निजी हाथों में दिए जाने के प्रस्ताव को लेकर जबरदस्त हंगामा हुआ। पार्षदों के बीच नौकझोक हुई। कुछ पार्षदों ने कहा कि जीडीए के द्वारा ज्यादातर कम्युनिटी सेंटर निजी हाथों में दिए जाने जाने के बाद पूरे शहर में प्राधिकरण के खिलाफ माहौल है। हालांकि नगर आयुक्त विक्रमादित्य मालिक ने कहा कि निगम को आत्म निर्भर बनाने के लिए कुछ कदम उठाने होंगे।

निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष राजीव शर्मा ने कहा कि निगम के द्वारा तरणताल भी लीज पर दिए गए, लेकिन उनसे क्या आय हासिल हो रही है,ये स्पष्ट किया जाए। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य पूर्ण स्थिति ये है कि अधिकारियों के द्वारा दावा किया जा है कि निगम की आय में बढ़ोत्तरी

हुई है,लेकिन वार्डो में प्रस्तातित 30-30 लाख राशि के काम नहीं हो रहे है। भाजपापार्षद सचिन डागर का कहना था कि दुर्भाग्य पूर्ण स्थिति ये है कि निगम में काम नहीं हो रहे है,पार्षद पीड़ित है। उनका तर्क था कि एजेंडे पर बाद में चर्चा हो।

बैठक के दौरान उस वक्त हंगामेदार स्थिति पैदा हो गई जब नगर प्रशासन द्वारा तमाम पार्षदों के आगे से माइक हटवा दिए गए। सचिन डागर का तर्क था कि फिर बैठक बुलाने का औचित्य ही क्या है। हालांकि नगर आयुक्त का तर्क था कि सदन चलाने के लिए व्यवस्था बनानी होगी।

कम्युनिटी सेंटर लीज पर दिए जाने के पहलू पर महापौर का तर्क था कि निगम के द्वारा सभी कम्युनिटी सेंटर लीज पर नहीं दिए जाने है। जो सदन तय करेंगा उसी के आधार पर तय किया जाएगा। बैठक के दौरान 1648 करोड़ के बजट को दी हरी झंडी मिल गई।

बैठक के दौरान टैक्स से जुड़े मामलों के निर्धारण के लिए महापौर की अध्यक्षता में कमेटी गठन का निर्णय लिया गया। ये भी तय किया गया किजो पूर्व पार्षदों को भी कमेटी में शामिल किया जाए।

निगम की सदन बैठक के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। सदन कक्ष के बाहर भी सुरक्षा की व्यवस्था की गई थीं।

## शासनादेश की शर्तों के तहत एक भी बिल्डर लिखित सहमति देने नहीं पहुंचा प्राधिकरण

**नोएडा,** 9 जनवरी (देशबन्धु)। एक भी बिल्डर शासनादेश की शर्तों के तहत लिखित सहमति देने नोएडा प्राधिकरण नहीं पहुंचा है। शनिवार को नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन के साथ हुई बैठक में बिल्डरों ने सहमति देने को मंगलवार तक का समय मांगा था।

फ्लैट खरीदारों को जल्द राहत दिलाने के लिए अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों में कुछ संशोधन कर पिछले महीने यूपी कैबिनेट ने मंजूरी दे दी थी। इसको लेकर शासनादेश भी करीब 20 दिन पहले जारी कर दिया गया था। शासनादेश को लागू कराने के लिए बीते शनिवार को औद्योगिक विकास आयुक्त एवं नोएडा-ग्रेनो प्राधिकरण के चेयरमैन ने नोएडा एरिया की 57 परियोजनाओं के बिल्डरों के साथ बैठक की थी। बैठक में 57 में से 47 परियोजनाओं के बिल्डर पहुंचे थे।

इसके बाद रविवार को 4 और परियोजनाओं के बिल्डर चेयरमैन के साथ बैठक के लिए पहुंचे। इस दिन भी 6 परियोजनाओं के बिल्डर नहीं पहुंचे। बैठक में चेयरमैन ने एक-एक बिल्डर से बात कर शासनादेश के फायदों के बारे में बताया। इसके साथ ही उनको परियोजना पर 31 दिसम्बर 2023 तक बकाए की अपडेट जानकारी दी। उस समय अधिकांश

- **57 बिल्डरों के साथ प्राधिकरण चेयरमैन ने की थी बैठक**

बिल्डरों ने मौखिक रूप से इसका पालन करने को लेकर सहमति दे दी थी। इसके साथ ही बिल्डरों ने सीईओ के समक्ष लिखित में सहमति देने के लिए 9 जनवरी यानि मंगलवार तक का समय मांगा था। उन्होंने कहा था कि तब तक वे अपने स्तर से भी बकाए की गणना करा लेंगे। अब मंगलवार बीत जाने के बाद भी एक भी बिल्डर ने प्राधिकरण कार्यालय आकर लिखित सहमति नहीं दी है। इस बारे में नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि इस सप्ताह बिल्डरों की सहमति आने का इंतजार किया जाएगा।

### सार संक्षेप

## नोएडा में पंजाबी समाज मनाएगा लोहड़ी




**नोएडा।** नोएडा में लोहड़ी को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। इस संबंध में नोएडा पंजाबी एकता समिति ने एक 'प्रेसवार्ता' सेक्टर 51 में आयोजित की गई। वार्ता के दौरान बताया समिति के महासचिव नरेंद्र चोपड़ा ने बताया कि 11 जनवरी 2024 को लोहड़ी का पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। जिसमें मुख्य रूप में सांसद डॉ. महेश शर्मा, विधायक नोएडा पंकज सिंह, मनजिंदर सिंह सिरसा और कई वरिष्ठ अतिथि उपस्थित रहेंगे। इसकी शुरुआत 7 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ होगी। जिसमें लोहड़ी के गीत और पंजाबी गीतों का संगम एवं भांगड़ा होगा। संगीतकार हरलीन सिंह, धीरज भंडारी पॉप स्टार टी-सीरीज जी म्यूजिक के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जाएगा। रात साढ़े आठ बजे लोहड़ी जलाई जाएगी। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम जारी रहेंगे। इसके अलावा पंजाबी भोज भी रहेगा।

## गैंगस्टर कॉलोनाइजर के करीबियों के घर पर ईडी का छापा



**बुलंदशहर।** नगर निवासी गैंगस्टर कॉलोनाइजर सुधीर गोयल के करीबियों के ठिकानों पर मंगलवार को सुबह ईडी ने छापेमार कार्रवाई की। भूमाफिया सुधीर गोयल पर करोड़ों की जमीन की धोखाधड़ी करने का आरोप है। पुलिस सुधीर पर गैंगस्टर की कार्रवाई कर भूमाफिया को जेल चुकी है। प्रॉपर्टी डीलर और कॉलोनाइजर सुधीर गोयल के आवास और दफ्तर सहित गैंगस्टर सुधीर गोयल के करीबियों पर ईडी ने शिकंजा कसते हुए टीम ने मंगलवार सुबह से सुधीर के आवास और दफ्तर सहित 4 से 5 करीबियों के ठिकानों पर छापेमारी की कार्रवाई कर रही है। इसके बाद गैंगस्टर एक्ट में जेल में बंद सुधीर गोयल के करीबी पत्रकार डब्बू मित्तल और व्यापारी नेता नीरज जिंदल के घर छापा मारा। इसके अलावा गैंगस्टर सुधीर गोयल के आवास और दफ्तर सहित दो और करीबियों के घर भी रेड जारी है। बुलंदशहर पुलिस ने पिछले महीने भूमाफिया सुधीर गोयल, उसकी पत्नी और 4 अन्य लोगों पर कार्रवाई की। फरार गैंगस्टरों को पुलिस ने पीलीभीत जिले से गिरफ्तार किया था।

## एमिटी यूनिवर्सिटी के आसपास चलाया अभियान

**नोएडा।** नोएडा के एमिटी यूनिवर्सिटी के आसपास मंगलवार को यातायात विभाग ने अभियान चलाया। अभियान के दौरान वाहनों पर ब्लैक फिल्म, रॉन्ग साइड आने वाले व सड़क पर अवैध रूप से खड़े वाहनों के विरूद्ध पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए 15 गाड़ियों को सीज किया गया। 20 गाड़ियों को टो किया गया। 30 गाड़ियों की ब्लैक फिल्म उतारते हुए उनका चालान किया गया। अभियान के दौरान यातायात नियमों का पालन न करने वाले लगभग 250 वाहनों के विरूद्ध चालान की कार्रवाई गई।

## कांग्रेस ने पूछे वाराणसी दुष्कर्म मामले पर सवाल

**नोएडा,** 9 जनवरी (देशबन्धु)। नोएडा महानगर अध्यक्ष रामकुमार तंवर के नेतृत्व में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान रामकुमार तंवर ने कहा कि पूरा प्रदेश अपराध की आग

- **बोले चुनाव के कारण आरोपियों को बचा रही थी भाजपा सरकार, प्रेस वार्ता कर लगाए आरोप**

में जल रहा है। वे बेखौफ होकर प्रतिदिन अपराधों को अंजाम दे रहे हैं। वर्ष 2023 एनसीआरबी रिपोर्ट के आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश महिलाओं के प्रति अपराधों के मामले में पहले स्थान पर है। इसी रिपोर्ट के अनुसार पूरे भारत में होने वाले अपराधों में 15 प्रतिशत अपराध उत्तर प्रदेश में होते हैं। हालात कितने बदत्तर हो गए हैं इसकी सिर्फ दो बानगी देखिए।

एक प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में जहां 2 नवम्बर 2023 को आईआईटी बीएचयू की छात्रा का तीन



लड़कों द्वारा जबरन गन पॉइंट पर दुष्कर्म किया गया। 3 नवम्बर को ही कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने बता दिया था कि इस घटना में भाजपा के लोगों का हाथ है।

इस पर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दी गई। 5 नवम्बर को सीसीटीवी फुटेज से लड़कों की पहचान कर ली गई 8 नवम्बर को पीड़िता द्वारा भी उनकी पहचान कर ली गई। आरोपित की पुष्टि होने के पश्चात भाजपा द्वारा उन्हें मध्य प्रदेश के चुनाव प्रचार में भेज दिया गया।

ऐसे में सवाल यह उठता है कि आरोपियों की पहचान होने के बाद भी उनको गिरफ्तार करने में 2 महीने क्यों लगे? क्या पांच राज्यों में चुनाव के कारण भाजपा आरोपितों को बचा रही थी? अगर छात्रों और कांग्रेस अध्यक्ष का इतना दबाव न होता तो शायद आरोपित पकड़े भी नहीं जाते। संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है और दुर्भाग्य यह है कि यह घटना भारत के प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी की है।

इस अवसर पर दिनेश शर्मा ने कहा कि एक घटना प्रदेश के मुख्यमंत्री के क्षेत्र गोरखपुर की है। जहां विनोद उपाध्याय को सुल्तानपुर में पुलिस द्वारा कथित मुठभेड़ में मार दिया गया। यह बात आईने की तरह साफ है की गोरखपुर में रहने वाले विनोद उपाध्याय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पुराने विरोधी रहे हैं। योगी जी के मुख्यमंत्री बनने के बाद विनोद उपाध्याय पर शिकंजा बढ़ता गया और क्रमश: उन ईनाम की धनराशि भी मामले को गंभीर दिखने के लिए बढ़ाई गई।

## आवंटी की राशि का समायोजन कर प्रमोटर्स से विवाद कराया समाप्त

**ग्रेटर नोएडा/ नोएडा,** 9 जनवरी (देशबन्धु)। उ.प्र. रेरा कंसिलिएशन फोरम ने ग्रेटर नोएडा के आवंटी और बिल्डर के बीच चल रहे विवाद को समाप्त कराते हुए उसे फ्लैट पर कब्जा दिलाने का रास्ता साफ कराया। दरअसल, आवंटी राजीव अग्रवाल ने देविका गोल्ड होम्ज परियोजना में लगभग रुपए 16 लाख 76 हजार की लागत की एक इकाई के लिए एग्रीमेंट फॉर सेल किया। इसके अनुसार प्रमोटर को लगभग 16 लाख 49 हजार रुपए का भुगतान कर दिया गया।

आवंटी को तय समय तक कब्जा नहीं मिलने पर उसने बिल्डर से शिकायत की। परियोजना की प्रगति से असंतुष्ट आवंटी ने कब्जे के लिए प्राप्त अंतिम मांग राशि में अनियमित शुल्क करीब 8 लाख का सत्यापन कराने साथ ही विलम्ब अवधि का ब्याज प्राप्त करने के लिए 2022 में उ.प्र. रेरा कंसिलिएशन फोरम में शिकायत (GAU212202114040) दर्ज की।

रेरा फोरम ने दोनों पक्षों के मध्य आपसी सहमति से हुए समझौते के अनुसार प्रमोटर व आवंटी की मांगों का परस्पर समायोजन कराया गया। इससे आवंटी की देनदारी न्यूनतम 2 लाख 50 हजार रह गई। जिसका भुगतान करके कब्जा मिलना तय हुआ। इसके अलावा प्रमोटर द्वारा एडवांस रख-रखाव की राशि वास्तविक कब्जे की तिथि से लागू होगी जिसपर दोनों पक्ष सहमत हो गए और विवाद का आपसी सहमति से समाधान करवा दिया गया।

कंसिलिएशन फोरम की मध्यस्थता के बाद प्रोमोटर द्वारा कब्जा मिलने में हुए विलम्ब ब्याज का समायोजन अंतिम मांग राशि में किया गया। एडवांस रख-रखाव शुल्क वास्तविक कब्जे की तिथि से लेने पर सहमति बनाई गई। जिसपर प्रोमोटर तथा आवंटी ने अपनी सहमति दे दी। इस प्रकार दोनों पक्षों के मध्य समझौता करवा कर विवाद समाप्त करा दिया गया। उ.प्र. रेरा अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी के अनुसार, 'कंसिलिएशन फोरम प्रोमोटर और आवंटी आपसी सहमति से विवाद का समाधान कर सकते हैं। क्योंकि यहां कॉन्सिलिएटर के साथ-साथ प्रोमोटर और आवंटियों के संघ की मध्यस्थता से विवाद का समाधान शीघ्र कराने का प्रयास किया जाता है।' उ.प्र. रेरा द्वारा एनसीआर में स्थापित कन्सिलीएशन फोरम में सुनवाई के माध्यम से लगभग 1,300 से ज्यादा मामलों में लगभग रुपए 510 करोड़ की परिसंपत्तियों को विवाद मुक्त कराया गया है।

## वरिष्ठ ईएनटी सर्जन ब्रजपाल त्यागी ने रेबीज सीरम को लेकर व्यवस्था पर उठाए सवाल

**गाजियाबाद,** 9 जनवरी (देशबन्धु)। वरिष्ठ ईएनटी सर्जन व राष्ट्रवादी जनसत्ता दल के चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. ब्रजपाल त्यागी ने रेबीज सीरम को लेकर व्यवस्था पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा है कि एंटी रेबीज न होने से 24 हजार मरीजों की ज़िंदगी से हर रोज़ खिलवाड़ किया जा रहा है। यहां जारी एक बयान में



- **प्रदेश में रोजाना हो रहा 24 हजार मरीजों के जीवन से खिलवाड़**

उन्होंने कहा है कि एक ज़िले में क़रीब तीन सौ मरिजो को प्रति दिन रेबीज के इंजेक्शन लग रहे है तो 80 ज़िलो के हिसाब से यह संख्या 24 हजार (चोबीस हज़ार) हो जाती है। रेबीज कंट्रोल करने की नेशनल व विश्व स्वास्थ्य संगठन की गाइड लाईन कहती है कि अगर बंदर /डॉग व अन्य रेबीज फैलाने वाले जानवर के काटने पर अगर एक बूंद खून भी निकलता है तो उस घाव में एंटी रेबीज सीरम के साथ साथ एंटी रेबीज वैक्सीन सब डरमल व मांस पेशी में लगना बहुत आवश्यक है। सीरम घाव के नीचे व वैक्सीन डेल्टॉयड रीजन में इंट्रा डरमल (ब्लेब बनने तक) व इंट्रामुस्कुलर रूट से 0,3,7,14,28 दिन में लगना चाहिए। अन्यथा रेबीज का इन्फेक्शन हो सकता है जो की 100 प्रतिशत जान लेवा बीमारी है। पालतू डॉग व अन्य रैबिड एनिमल जो की वैक्सीनेटेड होते है, उनके काटने पर 0, 3 दिन में वैक्सीन व सीरम दोनों लगना ही चाहिये। ग़ाज़ियाबाद में पिछले तीन साल में लग भग 3,28,500 मरीज़ बिना एंटी रेबीज सीरम के ट्रीटमेंट ले चुके है भविष्य में इन मरिजो का क्या होगा। यह हमारे प्रदेश के हेल्थ सिस्टम पर बहुत बड़ा सवालिया निशान उठाता है।

## जून 2024 में अपनी नई इमारत में शिफ्ट हो जाएगा प्राधिकरण का ऑफिस

**नोएडा,** 9 जनवरी (देशबन्धु)। सेक्टर-96 में बन रहे प्राधिकरण के ऑफिस की नई डेड जून 2024 हो गई

- **डबल टावर की है इमारत, 303 करोड़ हो रहे खर्च**
- **62 प्रतिशत काम पूरा, 2019 थी पहली डेडलाइन**
- **दो जेई और एक मैनेजर की लगाई गई ड्यूटी**

है। यानी इस साल ही प्राधिकरण अपने नए आफिस में शिफ्ट हो जाएगा। निर्माण में तेजी आए इसके लिए यहां दो जई एक मैनेजर की डिप्यूट किया गया है। इसके अलावा सप्ताह में एक दिन डीजीएम स्तर पर इमारत की प्रगति रिपोर्ट देखी जा रही है। दरअसल आईआईटी की रिपोर्ट में निर्माणधाधीन इमारत में कई स्थानों पर कमजोर पाई गई थी। रिपोर्ट के आधार पर निर्माण के साथ उनकी मरम्मत की जा रही है। ऐसे में दोनों कार्य एक साथ किए जा रहे हे।

### अब जानते है क्या इमारत में

परियोजना का निर्माण 24 हजार वर्गमीटर किया जा रहा है। इसमें दो टावर बनाए जा रहे है। पहला टावर ग्राउंड प्लस 3 यानी चार मंजिल पहले ये 18 मंजिल का बनना था। इसका एरिया 11 हजार 340 वर्गमीटर। दूसरा टावर ग्राउंड प्लस सात फ्लोर कुल आठ फ्लोर का। कुल कवर्ड एरिया 14 हजार 840 वर्ग मीटर। आडिटोरियम 1780 वर्ग मीटर क्षमता 488 नग। प्रथम बेसमेंट पार्किंग 19678 वर्ग मीटर। सेकंड बेसमेंट पार्किंग 19678 वर्गमीटर। परियोजना का कुल बजट 303.92 करोड़। सिविल कार्य के लिए 231.11 करोड़। विद्युत के लिए 72.81 करोड़।

**इन क्षेत्रीय ऑफिस को किया जाएगा शिफ्ट**

सेक्टर-19 सिविल और मेंटेनेंस, सेक्टर-39 इलेक्ट्रिकल और मेंटेनेंस विभाग, सेक्टर-20 सर्किल ऑफिस, सेक्टर-5 जल खंड और बाह्य एजेंसी, सेक्टर-6 मुख्य प्रशासनिक खंड का कार्यालय, सेक्टर-39 जन खंड के अन्य ऑफिस

जिससे उम्मीद है जून तक इस इमारत का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा।

नई इमारत का 62 से 70 प्रतिशत काम पूरा किया जा चुका है। इसकी पहली निर्माण कंपनी को ब्लैक लिस्ट किया जा चुका है। अब नए अनुबंध के तहत एमएस एसटी कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी इसका निर्माण कर रही है। जोकि प्रिंट रेट से 8.88 प्रतिशत अधिक है। कंपनी प्राधिकरण की नई बिल्डिंग को बनाने के लिए प्रतिभा इंडस्ट्री लिमिटेड को चुना गया था। उसे 2019 तक निर्माण पूरा करना था। तीन बार एक्सटेंशन देने के बाद निर्माण कार्य की गति काफी धीमी रही। इसलिए कंपनी को ब्लैक लिस्ट कर दिया गया। जिस समय कंपनी ने काम करना बंद किया उस समय तक वो टावर-1 में ग्राउंड प्लस तीन फ्लोर और टावर-2 में ग्राउंड प्लस सात फ्लोर और ऑडिटोरियम का स्ट्रक्चर कार्य पूरा कर चुकी थी। यही नहीं टावर-1 में तीसरे फ्लोर तक प्लास्टर कार्य व स्टोन फ्लोरिंग दूसरे फ्लोर तक कर चुका था। कुल लागत बजट 231.91 करोड़ के सापेक्ष फर्म की ओर से 116.05 करोड़ रुपए खर्च किया जा चुका था।

**दो साल तक काम रहा बंद फिर रिस्क एंड कास्ट पर जारी हुए टेंडर**

दो साल तक काम बंद रहने के बाद प्राधिकरण ने अक्टूबर में दोबारा से कार्य के लिए निविदा जारी की। इस बार 11 अक्टूबर 2022 को एसटी कंस्ट्रक्शन के साथ प्राधिकरण ने एग्रीमेंट साइन किया। कंपनी ने बचे हुए काम को 92 करोड़ 37 लाख रुपए में पूरा करेगी। ये काम 2024 जनवरी तक पूरा करना था। लेकिन आईआईटी की रिपोर्ट ने सभी को चौका दिया। यहां कई स्थानों का मजबूती का आकलन किया गया। जो कमजोर पाए गए। ऐसे में उनकी मरम्मत का काम किया जा रहा है।

## 'अश्योर्ड रिटर्न' का लालच देकर पैसा कराया निवेश

**नोएडा,** 9 जनवरी (देशबन्धु)। कामर्शियल स्पेस बेचने के नाम पर नोएडा में चार बिल्डर (भूटानी इंफ्रा, ग्रुप 108, एड्वेंट,

- **4 बिल्डरों पर सर्च पूरी, 10 करोड़ कैश व जूलरी**
- **750 करोड़ के मिले अघोषित लेनदेन**

लाजिक्स) समेत दो ब्रोकर कंपनी पर इनकम टैक्स की रेड पूरी हो गई। देर शाम को सभी 28 लोकेशन से बरामद कैश ज्वेलरी और दस्तावेजों को जब्त कर लिया गया है। इन दस्तावेजों को वेरिफाइड कराया जा रहा है। इस प्रोसेस में करीब एक महीने का समय लग जाएगा। इन छह दिनों की सर्च में इनकम टैक्स को उम्मीद से ज्यादा टैक्स चोरी करीब 750 करोड़ से ज्यादा के अघोषित लेनदेन और 1000 से ज्यादा एग्रीमेंट मिले।

इसके अलावा 10 करोड़ रुपए के कैश और ज्वेलरी मिली। इस कैश रकम का कोई साक्ष्य कंपनी उपलब्ध कराई पा रही है। मनी लांड्रिंग के कोई साक्ष्य नहीं मिले है। लेकिन टैक्स चोरी का ये पूरा खेल एश्योर्ड रिटर्न पर खेला गया। ये प्रकार का लुभावने विज्ञापन है। जिसमें निवेशक प्रोजेक्ट में निवेश करता है। और उसे गारंटी दी जाती है कि पजेशन तक आपको स्पेस की लागत का इतना रुपए प्रतिमाह दिया जाएगा। जिसे ये टैक्स में कम शो करते थे। इस तरह से टैक्स चोरी की गई। जिसके प्रमाण एग्रीमेंट में मिले।

**स्पेस के हिसाब से 1 से 12 प्रतिशत तक एश्योर्ड रिटर्न का करते है वादा**

'एश्योर्ड रिटर्न' एक ऐसा पॉप्युलर टर्म है जिसका इस्तेमाल ग्राहकों को लुभाने के लिए कामर्शियल और रेजिडेंशियल रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स में सबसे ज्यादा किया जाता है। कई डेवलपर्स अपने रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स पर 'एश्योर्ड रिटर्न' का वादा करते हैं। पजेशन मिलने तक ग्राहकों को 1-12 प्रतिशत रिटर्न मिलने का ऑफर दिया जाता है। इस तरह के विज्ञापनों के जरिए लोगों को उनका पैसा अंडर कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट्स में निवेश करने के लिए लुभाया जाता है। बाजार में इस तरह की स्कीमों को अलग-अलग नामों से पेश किया जाता है। यहां भी भूटानी इंफ्रा और ग्रुप 108 ने लॉजिक्स के कमर्शियल स्पेस बेचने के लिए इसी एश्योर्ड रिटर्न का लुभावना ऑफर देकर

### गुरुवार को शुरू की गई थी सर्च

नोएडा यूनिट की ये सर्च छह दिनों तक चली। फरवरी 2022 में इनकम टैक्स विभाग को पहली बार टैक्स चोरी का इनपुट मिला। डेढ़ वर्ष पहले विभाग ने बिल्डरों पर सर्च की योजना तैयार की थी, लेकिन अनुमति नहीं मिलने पर सर्च को एक वर्ष तक रोके रखा गया। टैक्स चोरी के पुख्ता सबूत हाथ लगने के बाद दस्तावेजों को खंगालना काम शुरू किया। गुरुवार को दोपहर ढाई बजे चार बिल्डर और दो ब्रोकर पर कुल 37 लोकेशन पर सर्च की गई। पहले दिन साक्ष्य मिलने के बाद सर्च तेज की गई। इस पूरी सर्च में कई कर्मी छह दिनों तक घर नहीं लौटे।

### 2000 करोड़ का कर्ज चुकाने के लिए लॉजिक्स ने किया भूटानी से एग्रीमेंट

दरअसल, लाजिक्स ग्रुप ने इंडिया बुल्स से करीब 2000 करोड़ का लोन लिया। इस लोन के बाद उसने नोएडा में पांच से छह प्लाट लिए। यह प्लाट आफिस, कामर्शिलय स्पेस के लिए थे। यहां निर्माण शुरू किया गया लेकिन आधा अधूरा निर्माण के बाद लाजिक्स ने काम बंद कर दिया। इंडिया बुल्स की ओर से लोन जमा करने का दबाव बनाया जा रहा है, जिसके चलते लाजिक्स ने भूटानी ग्रुप के साथ एक एग्रीमेंट साइन किया, इसके तहत भूटानी ग्रुप इनका कामर्शियल स्पेस बना कर बेचेगा। धीरे धीरे लोन के राशि लाजिक्स को देगा। इसी में टैक्स चोरी का खेल हुआ।

निवेशकों का पैसा लिया।

एग्रीमेंट में एश्योर्ड रिटर्न के मिले साक्ष्य

सर्च के दौरान मिले एग्रीमेंट में एश्योर्ड रिटर्न के दस्तावेज मिले है। यानी इन निवेशकों ने स्पेस का पूरा पैसा बिल्डर के खाते में जमा किया है। यही पैसा 40 प्रतिशत के हिसाब से कैश में दिया गया। अब इन दस्तावेजों को खंगाला जा रहा है। जिससे टैक्स चोरी का आकलन किया जा सके। वहीं फारेन इन्वेस्टमेंट के साक्ष्य भी एग्रीमेंट से मिले है। इसको लेकर जल्द कंपनियों के डायरेक्टरों से पूछताछ की जा सकती है।

**एश्योर्ड रिटर्न एक प्रकार की गैर कानूनी स्कीम इससे बचे**

सिक्यॉरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) ने पहले ही 'एश्योर्ड रिटर्न' को गैरकानूनी स्कीम घोषित कर रखा है। सेबी ने ग्राहकों को चेताया है कि जब भी आपको ऐसे एश्योर्ड रिटर्न ऑफर किए जाएं जो वास्तविक नहीं हैं, वहां अपना पैसा निवेश न करें। कई ग्राहकों ने पहले भी शिकायत की है कि या तो डेवलपर उन्हें पैसे का भुगतान करना बंद कर देते हैं या फिर रेगुलर पेमेंट होने के कुछ महीनों बाद चेक बाउंस हो जाते हैं। कई बार तो प्रिंसिपल अमाउंट भी फंस जाता है और ग्राहक खुद को ठगा हुआ महसूस करते हैं। क्योंकि अगर आपका प्रिंसिपल अमाउंट खतरे में हैं तो ऐसे रिटर्न्स की भी कोई गारंटी नहीं है। इस तरह की स्कीम के साथ ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी करने वाले लोगों के खिलाफ कई FIR फाइल हो चुकीं हैं।

उवाच

विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य जन सामान्य को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय में जागरुक करते हुए उनको योजनाओं के लाभ से लाभान्वित करना है, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का सीधा लाभ पहुंच सके और कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।

**धीरेन्द्र सिंह, विधायक**



# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास लगेंगे लॉजिस्टिक उद्योग

■ लॉजिस्टिक पार्क में सभी जरूरी सुविधाएं देने के लिए यमुना प्राधिकरण की टीम करेगी नागपुर का दौरा


■ एयरपोर्ट के पास लॉजिस्टिक और एविएशन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए तीन नए सेक्टर होंगे विकसित

**ग्रेटर नोएडा,** 9 जनवरी (देशबन्धु)। नोएडा एयरपोर्ट के पास लॉजिस्टिक उद्योग लगेंगे। उद्यमियों को बेहतर लॉजिस्टिक सुविधाएं दी जाएंगी। लॉजिस्टिक पार्क में सभी जरूरी सुविधाएं देने के लिए यमुना प्राधिकरण की टीम नागपुर का दौरा करेगी। यहां पर मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क विकसित किया गया है।

लॉजिस्टिक पार्क के लिए लोकेशन और सुविधाओं के हिसाब से यमुना प्राधिकरण क्षेत्र बेहतर है। यह इलाका यमुना एक्सप्रेस वे और ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस वे से जुड़ा हुआ है। यह दिल्ली हावड़ा रेलमार्ग से नजदीक है। इस इलाके को दिल्ली-हावड़ा और दिल्ली-मुंबई रेलमार्ग से जोड़ने की तैयारी चल रही है। इस काम के बाद यह इलाका ईस्टर्न और वेस्टर्न फ्रेट कॉरिडोर से भी जुड़ जाएगा। यहां पर देश का सबसे बड़ा नोएडा एयरपोर्ट का निर्माण कार्य चल रहा है। इन सबको देखते हुए यहां पर लॉजिस्टिक सबसे बेहतर मुफीद रहेगा। प्राधिकरण ने एयरपोर्ट से लगे हुए सेक्टर-6, 7 और 8 में लॉजिस्टिक और एविएशन इंडस्ट्री को बढ़ावा देगा। जमीन अधिग्रहण से पहले यमुना प्राधिकरण इस इलाके का सर्वे करा रह है। सर्वे रिपोर्ट आने के बाद अधिग्रहण प्रक्रिया शुरू होगी। इन सेक्टर में लॉजिस्टिक उद्योग लगेंगे। इसके लिए यहां पर सभी सुविधाएं दी जाएंगी। महाराष्ट्र में नागपुर के पास मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क विकसित किया गया है। प्राधिकरण की टीम इसका दौरा करेगी ताकि सभी जरूरी सुविधाएं विकसित की जा सकें।

### नोएडा एयरपोर्ट पर डिजिटल सेवा के लिए उपकरण लगने हुए शुरू

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर यात्रियों के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होगी। एयरपोर्ट पर डाटा सेंटर माड्यूल स्थापित कराने का काम शुरू हो गया। दो दिन एयरपोर्ट पर डाटा सेंटर का माड्यूल पहुंच गया। जिसे लगने का काम एयरपोर्ट पर शुरू हो गया। फरवरी में एयरपोर्ट से विमानों का ट्रायल शुरू हो जाएगा। नोएडा एयरपोर्ट यात्रियों की सुविधा के लिए पूरी तरह से डिजिटल होगा। एयरपोर्ट पर चेक-इन कियोस्क, स्वाचालित बैग ड्राप और ईगेट्स साहित स्व-सेवा पीपीएस पूरी तरह एकीकृत होगा। नोएडा एयरपोर्ट से विमान संचालित करने के लिए मौसम संबंधित ऑकड़े उपलब्ध होना बेहद जरूरी है। इसके लिए एयरपोर्ट साइट पर विटर फाग एक्सपेरिमेंट सिस्टम लग चुका है। दिसम्बर माह से सिस्टम ने काम करना शुरू कर दिया है। विटर फाम एक्सपेरिमेंट सिस्टम से नोएडा एयरपोर्ट पर मौसम संबंधित सटीक जानकारी उपलब्ध होना शुरू हो गया है।



# नक्शे के विपरीत निर्माण करने पर 700 फ्लैट आवंटियों को नोटिस

**ग्रेटर नोएडा,** 9 जनवरी (देशबन्धु)। आवंटित फ्लैट में नक्शे से विपरीत निर्माण कार्य करने पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 700 आवंटियों को नोटिस जारी किया है। इन आवंटियों से कहा गया है कि वह फ्लैट को अपने मूल स्वरूप में लौटा लें। अगर ऐसा नहीं करते हैं तो प्राधिकरण खुद अवैध निर्माण हटा देगा।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर ओमिक्रान, सेक्टर म्यू-2 आदि में 30 वर्ग मीटर, 40 वर्ग मीटर के फ्लैट आवंटित किए हैं। सेक्टर म्यू-2 में करीब 1100 फ्लैट आवंटित किए गए। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को शिकायत मिली कि आवंटियों ने नक्शे के विपरीत निर्माण कार्य करा लिया है। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने जांच के आदेश दिए। इस सर्किल के अधिकारियों ने इन फ्लैट का सर्वे कराया। रिपोर्ट के मुताबिक, करीब 700 आवंटियों ने फ्लैट में नक्शे के विपरीत निर्माण कार्य कर लिया है। रिपोर्ट बताती है कि अवैध निर्माण की शुरुआत ग्राउंड फ्लोर से शुरू होती है। धीरे-धीरे यह ऊपर की मंजिल तक पहुंच जाता है। अवैध निर्माण के चलते टॉवरों का स्वरूप बदल गया। प्राधिकरण अब इनके खिलाफ कार्रवाई की तैयारी में है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने इन आवंटियों को नोटिस जारी किया है। नोटिस में कहा गया है कि आवंटी अवैध निर्माण को सात दिन के अंदर हटा दें। अवैध निर्माण हटाने के बाद प्राधिकरण को सूचित करें। अगर ऐसा नहीं किया प्राधिकरण खुद कार्रवाई करेगा।

# प्रेमजाल में फंसाकर पैसे ऐंठने वाले गिरोह गिरफ्तार



■ फोन व मैसेज करके लोगों को बुलाते व झूंठे मुकदमे की धमकी देकर ऑनलाइन पैसा कराते थे ट्रांसफर

**ग्रेटर नोएडा,** 9 जनवरी (देशबन्धु)। सूरजपुर पुलिस ने लोगों को प्रेमजाल (हनी ट्रैप) में फंसाकर झूठा मुकदमा लिखाने के नाम पर पैसे ऐंठने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है, गिरोह को संचालित करने वाला फर्जी वकील, उसका साथी व दो महिला गिरफ्तार कर एक बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया है। इनके पास से आनलाईन शांपिंग कर लिया गया घरेलू सामान, नगद रूपए, कार व मोबाइल आदि बरामद किया गया है। पीड़ित ने थाना सूरजपुर पर एक महिला कविता तथा उसके साथी फारूख (फर्जी वकील) व उनके अन्य साथियों द्वारा एक राय होकर उसे लड़की से मिलाने का झांसा देकर हनी ट्रैप में फंसाकर मारपीट व गाली गलौज करने एवं जान से मारने की धमकी देने व वादी को जेल भिजवाने व इज्जत खराब करने और जान-माल का भय दिखाकर नगद व उसके पेटीएम कुल 1,63,000 रुपए ले लेने के सम्बन्ध में तहरीर दी गई थी जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया था।

सूरजपुर पुलिस व सीडीटी टीम के संयुक्त प्रयास से आरोपी फारूख, कविता, विष्णु उर्फ डमरू,पूजा व एक अन्य बाल अपचारी महिला को विशाल मेगा मार्ट के पास कस्बा सूरजपुर से गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास से घरेलू सामान कपडे, जूते, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आदि कीमत लगभग 40,000 रुपए व नगद 82,000 रुपए वादी का मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन व वैगनार कार बरामद हुए है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। एडीसीपी सेंट्रल नोएडा हृदेश कठेरिया ने बताया कि पूछताछ पर आरोपियों ने बताया कि गिरोह की मुख्य सरगना कविता है, जो कि अपने साथी फारूख व कुछ पुरुष साथियों व स्वयं की पुत्री व भतीजी व अन्य लड़कियों के साथ मिलकर किसी भी व्यक्ति के बारे में जानकारी कर या मोबाइल पर मिसकाल, मैसेज के माध्यम से दोस्ती बनाकर प्रेमजाल में फंसाते है, जब वह इनमें से किसी महिला से मिलने आता है, तब उसे सुनसान स्थान पर लेकर उसे संगीन मुकदमों में फंसाने व जान माल का भय दिखाकर उनसे नगद रूपये व आनलाईन बैंक खाता रूपए डलवाकर छोड देते है। पीड़ित व्यक्ति सामाजिक लाज भय के कारण शिकायत आदि नहीं करते है। इस गैंग पर पहले भी अलग अलग थानों में मुकदमें दर्ज किया गया है।

## सार संक्षेप

### गौवंशी को आवारा कुत्तों से बचाकर गौशाला पहुंचाया



**जेवर।** कस्बे के खुर्जा रोड स्थित विद्युत उपकेन्द्र के समीप घूम रहे एक गौवंशी को आवारा कुत्तों के चंगुल से बचाकर समाजसेवियों ने नगर पंचायत अध्यक्ष की मदद से गौशाला में आश्रय दिलाया। भाजपा कार्यकर्ता एवं सामाजसेवी संजय पाराशर ने बताया कि मंगलवार सुबह को लोगों की मदद से एक गौवंशी पर हमला कर रहे आवारा कुत्तों से बचाकर उन्होंने नगर के गौरक्षा दल के सदस्यों से सम्पर्क किया। जिसके बाद गौरक्षा दल के सदस्यों ने गौवंशी को अपनी सुपदर्गी में ले लिया तथा नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण माहेश्वरी की मदद से उसे नगर पचायत द्वारा संचालित गौशाला में आश्रय दिया। गौवंशी की जान बचाने पर लोगों ने गौरक्षा दल के सदस्यों व नगर पंचायत अध्यक्ष की सराहना की है।

### जिला न्यायाधीश ने राजकीय वृद्धाश्रम का किया निरीक्षण



**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश के पालन में जनपद न्यायाधीश, अवनीश सक्सेना ने मंगलवार को राजकीय वृद्धाश्रम, दनकौर का निरीक्षण किया। कार्यक्रम के दौरान जिला जज ने वृद्धजनों को कम्बल आदि वितरित किये। निरीक्षण के दौरान राजकीय वृद्धाश्रम में पायी गई खामियों को दुरुरत करने के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में वृद्धजनों को पेंशन, आधार कार्ड आदि के बारे में जानकारी उपलब्ध करायी गयी।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# गुड हेल्थ कैप्सूल की पूरे जिले में बिक्री पर लगी रोक

**ग्रेटर नोएडा,** 9 जनवरी (देशबन्धु)। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार केम ने बताया कि लाइसेन्स अधिकारी/निदेशक आयुर्वेद सेवाएं उ.प्र. लखनऊ ने सूचना जारी किया है कि मै. मेडविन फार्माटेक, 50 गजानन्द इण्डस्ट्रीयल पार्क, नमावाड रोड जनपद- इन्दौर एवं मै. सिमको आर्गेनिक, प्लाट इण्डस्ट्रीयल एरिया, नागजीरी जनपद- उज्जैन (म0प्र0) के द्वारा निर्मित 'गोल्ड हेल्थ कैप्सूल' (आयुर्वेदिक औषधि) में कार्टिको स्टेरायड की मात्रा पायी गई है।

जोकि जनमानस के स्वास्थ्य के लिए अत्यन्त ही हानिकारक है। इसी क्रम में गौतम बुद्ध नगर जिले के सभी मेडिकल स्टोर पर उक्त फर्मों द्वारा निर्मित गुड हेल्थ कैप्सूल की बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई गई है। किसी भी मेडिकल स्टोर द्वारा उक्त औषधि की बिक्री करते हुए पाये जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ



**जेवर,** 9 जनवरी (देशबन्धु)। तहसील सभागार में बार एसोसिएशन जेवर के नव निर्वाचित पदाधिकारियों द्वारा शपथग्रहण की गई। जिसमें मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश अवनीश सक्सैना व चेयरमेन बार काउंसिल ऑफउत्तर प्रदेश शिव किशोर गौड़ तथा विशिष्ठ अतिथि सिविल जज जूनियर डिवीजन जेवर नाज़िम अकबर व मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बबीता पाठक मौजूद रहे। शपथग्रहण कार्यक्रम का संचालन संयुक्त रूप से एल्डर कमेटी सहायक प्रभारी हरचरण लाल शर्मा एडवोकेट व विजेन्द्र अत्री एडवोकेट ने किया।

एल्डर कमेटी के सदस्यों ने बताया कि जेवर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के लिए नवनिर्वाचित सुनील चौधरी, सचिव पद के लिए मोहित शर्मा, सहसचिव उम्मेद छौंकर, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार, उपाध्यक्ष विनय छौंकर आदि को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर नोएडा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष उमेश भाटी, सचिव धीरेन्द्र भाटी व जेवर तहसील के सभी अधिवक्ता आदि मौजूद रहे।

# कड़ाके की ठंड के बीच वृद्धाश्रम में सामाजिक संगठन ने वितरित किए कम्बल व गर्म कपड़े

**ग्रेटर नोएडा,** 9 जनवरी (देशबन्धु)। कड़ाके की ठंड से असहाय बेसहारा बेघर लोगों की सहायता के लिए सामाजिक संगठन महिला उन्नति संस्था सदस्य जगह-जगह जाकर कम्बल एवं गर्म कपड़े देकर ठंड से राहत पहुंचाने में लगे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को संगठन सदस्य ग्रेटर नोएडा के दनकौर स्थित वृद्धाश्रम पहुंचे और बुजुर्गों को फल व कम्बल वितरित किए। संस्थापक डॉ. राहुल वर्मा ने कहा कि पिछले कुछ दिन से कड़ाके की सर्दी पड़ रही है ऐसे में असहाय और बेघर लोगों को ठंड से बचाने के लिए सभी को मानवता के लिए आगे आना चाहिए और लोगों की मदद करनी चाहिए। वहीं जिलाध्यक्ष रेनु बाला शर्मा ने बताया कि आज संगठन सदस्यों ने यहां वृद्धाश्रम मे बुजुर्ग लोगों को फल एवं कम्बल बांटे है, सर्दी शुरू होने के बाद से ही संगठन सदस्य असहाय और बसहारा लोगों को कम्बल गर्म कपड़े देकर उनको ठंड से बचाने का प्रयास कर रहे है। इस दौरान उपाध्यक्ष रणवीर चौधरी, प्रदेश महासचिव डा. ओमवीर बघेल, नोएडा महानगर अध्यक्ष कविता सिंह और उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह बिष्ट आदि सदस्य उपस्थित रहे।



# राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 10 से 25 तक खाद्यान्न का होगा वितरण

**ग्रेटर नोएडा,** 9 जनवरी (देशबन्धु)। अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आवंटित आवश्यक वस्तुओं यथा गेहूं, चावल का वितरण 10 जनवरी से 25 जनवरी के मध्य संपन्न कराया जाएगा। इस अवधि में आवश्यक वस्तुओं का वितरण सुबह 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक ई-पॉस मशीन के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण के उपरांत किया जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि इस अवधि में बाजरा क्रय करने वाले जनपदों अलीगढ़, एटा, कासगंज, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, मैनपुरी, इटावा, औरैया, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, फर्रुखाबाद, बदायूं तथा संभल को छोड़कर अंत्योदय कार्ड धारकों को 14 किलो. गेहूं एवं 21 किलो. चावल का निःशुल्क वितरण लाभार्थियों में सुनिश्चित कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक अंत्योदय कार्डधारकों को 14 किलो0 गेहूं एवं 21 किलो. चावल एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को कार्ड में सम्मिलित प्रति यूनिट 2 किलो गेहूं व 3 किलो चावल विक्रेता द्वारा निःशुल्क वितरण किया जाएगा। विक्रेता द्वारा प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र लाभार्थी खाद्यान्न प्राप्ति से वंचित न रहे। उन्होंने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 की सूची में सम्मिलित समस्त उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि वह सम्बन्धित उचित दर विक्रेताओं से अपनी-अपनी आवश्यक वस्तुएं प्राप्त करें।

# पीआरडी स्वयं सेवक आगामी 20 जनवरी तक सभी मूल अभिलेख कराएं जमा

**ग्रेटर नोएडा,** 9 जनवरी (देशबन्धु)। जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी ने बताया कि युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशानुसार लम्बे अन्तराल से विभाग में उपस्थित नहीं होने वाले पीआरडी जवानों के द्वारा ऑनलाइन डाटा फीडिंग से छुटे हुए वैध रूप से 22 दिवसीय प्रारम्भिक प्रशिक्षण प्राप्त पीआरडी स्वयं सेवकों को जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में गठित समिति के माध्यम से 1 वर्ष या उससे अधिक समय से विभाग में अपनी उपस्थिति दर्ज न कराने के बाबजूद ड्यूटी, डाटा फीडिंग के लिए उपस्थित होने वाले पीआरडी स्वयं सेवकों के प्रकरणों पर विचार तथा शारीरिक फिटनेस का परीक्षण कराकर संस्तुति/आख्या महानिदेशालय को उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिए गए हैं। महानिदेशालय ने पीआरडी स्वयं सेवकों के ऑनलाइन डाटा फीडिंग हेतु अन्तिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की गई थी, परन्तु कुछ स्वयं सेवक अपने वांछित अभिलेखों के साथ डाटा फीडिंग हेतु उपस्थित नहीं हो सके।

ऐसी स्थिति में निर्धारित तिथि के उपरान्त डाटा फीड कराने एवं ड्यूटी की मांग करने वाले पीआरडी स्वयं सेवकों के शारीरिक फिटनेस एवं ड्यूटी हेतु उनकी उपयुक्कता का परीक्षण गठित समिति के माध्यम से कराकर महानिदेशालय को उपलब्ध कराने हेतु ऐसे वंचित स्वयं सेवकों को सूचित किया जाता है कि वे अपने समस्त मूल अभिलेख 20 जनवरी तक कार्यालय जिला युवा कल्याण अधिकारी, विकास भवन, कमरा नं. 311 में स्वयं उपस्थित होकर जमा कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरान्त आपके किसी प्रकार के प्रार्थना पत्र पर विचार किया जाना सम्भव नहीं हो सकेगा।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में लोगों को दिलायी गई पंच प्रण की शपथ



**ग्रेटर नोएडा,** 9 जनवरी (देशबन्धु)। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र वंचित लाभार्थियों को लाभान्वित किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत जहांगीरपुर देहात जेवर में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें नोडल अधिकारी भारत सरकार अभिषेक चौहान ने प्रतिभाग किया गया। आयोजित कार्यक्रम में विकसित भारत संकल्प यात्रा की प्रचार वैन के द्वारा ऑडियों व वर्चुअली प्रदर्शन कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार किया गया एवं छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर विधायक जेवर धीरेन्द्र सिंह द्वारा प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को शोल से सम्मानित किया गया एवं गर्भवती महिलाओं की गोद भराई व बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया तथा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को नये कनेक्शन, आयुष्मान भारत के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड एवं पात्र लाभार्थियों में कंबल का वितरण किया गया। विधायक ने पंच प्रण की शपथ दिलाते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य जन सामान्य को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय में जागरुक करते हुए उनको योजनाओं के लाभ से लाभान्वित करना है, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का सीधा लाभ पहुंच सके और कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। इस अवसर पर लाभार्थियों द्वारा अपने-अपने विचार एवं अनुभव भी साझा किये गए। कार्यक्रम में उप जिला अधिकारी जेवर अभय सिंह, उप कृषि निदेशक राजीव कुमार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी विपिन अग्रवाल, नायब तहसीलदार जेवर रामकृष्ण उपस्थित रहे।

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम मुरादगढी उपजिलाधिकारी सदर, गौतमबुद्धनगर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 588/एस0टी0-एस0डी0एम0/2023, दिनांक 28.08.2023 मृतक स्व0 श्री सतवीर सिंह पुत्री लीला सिंह निवासी ग्राम मुरादगढी परगना व तहसील जेवर जिला गौतमबुद्धनगर के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|
| मुरादगढी | 417म 460म 520ख | स्व0 श्री सतवीर सिंह पुत्र लीला सिंह निवासी ग्राम मुरादगढी परगना व तहसील जेवर जिला गौतमबुद्धनगर | हरज्ञान सिंह | पुत्र | 51 वर्ष |
| | | | मोती सिंह | पुत्र | 33 वर्ष |
| | | | मुकेश सिंह | पुत्र | 32 वर्ष |
| | | | किरनवती | पुत्री | 44 वर्ष विवाहित |
| | | | सीमा देवी | पुत्री | 35 वर्ष विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।
तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम जगनपुर अफजलपुर में तहसीलदार, महरौली, दिल्ली से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र सं0 90660000152459 दिनांक 26.09.2022 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक स्व0 कलावती पत्नी स्व0 फक्कर व फक्कर पुत्र स्व0 टोडर की मृत्यु कमशः दिनांक 08.10.2000 व 31.12.2015 को हो चुकी है व तहसीलदार, महरौली, दिल्ली से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र सं0 90660000155400 दिनांक 08.08.2022 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक स्व0 रामफली पत्नी स्व0 दयाराम व दयाराम पुत्र स्व0 टोडर की मृत्यु कमशः दिनांक 04.05.2021 व 22.03.2017 को हो चुकी है के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खाता संख्या | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| जगनपुर अफजलपुर | 114 | 369, 370 | स्व0 कलावती पत्नी स्व0 फक्कर व फक्कर पुत्र स्व0 टोडर नि0 ग्राम जौनापुर साउथ दिल्ली, दल्ली | श्री महरचन्द | पुत्र | 71 वर्ष | |
| | 737 | 892M,894M, 898M,899M | | श्रीमती सतपाली | पुत्री | 59 वर्ष | |
| | 404 | 343, 383, 386, 387 | | श्रीमती विमला | पुत्री | 64 वर्ष | |
| जगनपुर अफजलपुर | 114 | 369, 370 | स्व0 रामफली पत्नी स्व0 दयाराम व दयाराम पुत्र स्व0 टोडर नि0 ग्राम जौनापुर साउथ दिल्ली, दिल्ली | श्री भोपाल सिंह | पुत्र | 49 वर्ष | |
| | | 892M, | | श्रीमती कमलेश देवी | पुत्री | 53 वर्ष | |
| | | 894M, 898M, | | श्रीमती सुमन | पुत्री | 47 वर्ष | |
| | 737 | 899M | | श्री वेदपाल | पुत्र | 57 वर्ष | |

उपरोक्त परिवार सदस्यों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड अन्य अनुमन्य लाभ संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा। यदि उच्च स्तरीय जांच के कर्म में प्रश्नगत भूमि पर किसी न्यायालय या आदेश द्वारा कृषक का स्वत्व समाप्त होता है अथवा क्षेत्रफल कम किया जाता है तो कम हुए क्षेत्रफल अथवा सम्पूर्ण क्षेत्रफल के सापेक्ष इस वारिसान को स्वतः निरस्त समझा जाये।
तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औ0 वि0 प्राधिकरण

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम अच्छेजा बुजुर्ग व उस्मानपुर में उपजिलाधिकारी दादरी से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 662/एस0टी0-एस0डी0एम0/2019, दिनांक 16.10.2019 मृतक स्व0 श्रीमती अफसरी बेगम पत्नी साबिर अली नि0 ग्राम हल्दौनी, तहसील दादरी जनपद गौतमबुद्धनगर के स्थान पर उनके वारिसानों/पारिवारिक सदस्यों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग |
|---|---|---|---|---|---|
| अच्छेजा बुजुर्ग | 669 | स्व0 श्रीमती अफसरी बेगम पत्नी साबिर अली नि0 ग्राम हल्दौनी तहसील दादरी जनपद गौतमबुद्धनगर | श्री साकिर अली | पुत्र | 48 वर्ष |
| | | | श्री जाकिर अली | पुत्र | 42 वर्ष |
| | | | श्रीमती साइना | पुत्री विवाहित | 45 वर्ष |
| उस्मानपुर | 375 381 | | श्रीमती मुबिन | पुत्री विवाहित | 50 वर्ष |
| | | | श्रीमती शम्मों | पुत्री विवाहित | 36 वर्ष |

उपरोक्त वारिसानों/पारिवारिक सदस्यों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।
तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औ0 विकास प्राधिकरण

# भाषा शिक्षण संस्कारों का शिक्षण है : डॉ. विनोद 'प्रसून'



■ दक्षिण भारत में भी हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार में कार्यशाला के माध्यम से दे रहे हैं योगदान

**ग्रेटर नोएडा,** 9 जनवरी (देशबन्धु)। हिंदी शिक्षकों के बीच अपने सहज, सरल नवाचारों के लिए प्रसिद्ध एक प्रयोगधर्मी शिक्षक, संसाधक, कवि और लेखक डॉ. विनोद 'प्रसून' एनसीईआरटी, सीआईईटी, सीबीएसई-सीओई, सीबीएसई - भारत सहोदय से जुड़कर हिंदी के प्रचार-प्रसार में जुटे हैं और देश-विदेश में सैकड़ों हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन कर चुके हैं। कार्यशालाओं के माध्यम से दक्षिण भारत में भी हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार में जुटे हैं। डॉ. विनोद 'प्रसून' को हिंदी कार्यशाला हेतु आकाशवाणी ने भी आमंत्रित किया है। एनसीईआरटी द्वारा प्रकाशित हिंदी की कक्षा-एक व दो की नई पाठ्य पुस्तक 'सारंगी' की पाठ्यपुस्तक निर्माण समिति के सदस्य हैं और सीआईईटी-एनसीईआरटी के पीएम ई-विद्या चैनल से देश के बच्चों और शिक्षकों के लिए आपके कार्यक्रम प्रसारित होते हैं। वर्तमान में दिल्ली पब्लिक स्कूल, ग्रेटर नोएडा में हिंदी विभागाध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं। नवाचारों को देश के अग्रणी प्रकाशन न्यू सरस्वती हाउस प्रकाशन, नई दिल्ली ने अपनी व्याकरण पुस्तकों में प्रमुख स्थान दिया है।

'नव उन्मेश' व 'सार्थक हिंदी व्याकरण' नवाचारी प्रयोगों के कारण देशभर में चर्चित पुस्तकें हैं। व्याकरण जैसे कठिन विषय को गीतों में बांधकर सरल युक्तियों द्वारा पढ़ाने के कारण आपको हिंदी शिक्षण में लयात्मक नवाचारों का प्रणेता भी माना जाता है। आपकी सरल युक्तियों को विद्यार्थी और शिक्षक दोनों बेहद पसंद करते हैं। हिंदी शिक्षण में कक्षा को आनंद की अधिगमशाला बनाने के लिए शिक्षक/शिक्षिकाओं को सतत् प्रेरित करते हैं। डॉ. विनोद प्रसून को 'हिंदी की गूंज' द्वारा हिंदी सेवी सम्मान तथा अन्य प्रतिष्ठित संस्थाओं द्वारा ग्लोबल डायमंड अवॉर्ड, सरस्वती शिक्षक सम्मान, रोल मॉडल टीचर अवार्ड, स्टार रिसोर्स पर्सन अवॉर्ड आदि पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, बुधवार 10 जनवरी 2024
*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## शांति और चुप्पी के बीच पल रहा खतरा

प्रधानमंत्री मोदी 2-3 जनवरी को लक्षद्वीप में थे। यहां समुद्र किनारे टहलते, बैठे, गोताखोरी की पोशाक में उनके कई वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाई रहीं। खुद प्रधानमंत्री ने यहां की कुछ तस्वीरों को साझा करते हुए कहा- प्राकृतिक सुंदरता के अलावा लक्षद्वीप की शांति भी मंत्रमुग्ध कर देने वाली है। बेशक चुनावी, सियासी और धार्मिक व्यस्तताओं के बीच समुद्र की लहरों के बीच में श्री मोदी को शांति का अनुभव हुआ होगा। लेकिन उनकी लक्षद्वीप यात्रा के बाद एक अनावश्यक विवाद खड़ा हो गया है, जिससे अशांति के खतरे बढ़ रहे हैं। न जाने किस सोच के तहत लक्षद्वीप और मालदीव की तुलना शुरू हो गई। फिर मालदीव की नयी सरकार के दो-तीन मंत्रियों ने मोदीजी की तस्वीरों और भारत के पर्यटन व आतिथ्य उद्योग पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी, मालदीव सरकार ने उनके बयानों से किनारा करते हुए उन्हें सरकार से बर्खास्त भी कर दिया। लेकिन अब भी विवाद चल ही रहा है। राष्ट्रवाद के उन्मादी चैनल मालदीव को घुटने पर लाने, मालदीव के आका चीन को सबक सिखाने जैसे शीर्षकों से खबरें देने लगे हैं। यह बात समझ से परे है कि आखिर हम किस तरह की विदेश नीति को लागू करना चाहते हैं, जिसमें अपने पड़ोसियों से सौहार्द्रपूर्ण संबंध की जगह लड़ने-भिड़ने-झुकाने की बातें होने लगी हैं। कभी हम पाकिस्तान के लिए घर में घुसकर मारने की बात कहते हैं, कभी नेपाल की बाहें मरोड़ते हैं और कभी मालदीव को घुटने पर लाते हैं। हालांकि चीन का नाम लेने से भी घबराते हैं।

खैर अभी किस प्रयोजन से मालदीव का विवाद खड़ा किया गया है, इसका खुलासा शायद निकट भविष्य में हो। क्योंकि यह खुला तथ्य है कि भारत के फिल्मी सितारों से लेकर रईसों के लिए मालदीव छुट्टियां बिताने के लिए पसंदीदा स्थल है। बेशक भारत में एक से बढ़कर एक खूबसूरत पर्यटक स्थल हैं, लेकिन अधिकतर संपन्न और सक्षम भारतीय छुट्टियां बिताने के लिए विदेश ही जाना चाहते हैं। विदेशी पर्यटक भारत की विविधता भरी संस्कृति, प्राकृतिक सौंदर्य, ऐतिहासिक धरोहरों को देखने के लिए भारत आते हैं। देश में पसरी हुई गंदगी, विदेशी के नाम पर कई बार होने वाली ठगी, अभद्रता, असुरक्षा के बावजूद भारत के अनूठेपन को महसूस करने के लिए विदेशी सैलानी सदियों से भारत आते रहे हैं और आते रहेंगे। लेकिन अधिकतर भारतीयों के लिए पर्यटन का अर्थ अब नयी जगहों को देखना, खान-पान, संस्कृति की विविधता का आनंद उठाना न रहकर, दिखावा हो गया है। कुदरत की खूबसूरत को आंखों से होकर दिल में उतारने और इतनी सुंदर कायनात का हिस्सा होने पर रोमांचित होने की जगह अब इस बात को गर्व का विषय बनाया जाने लगा है कि किसने कितनी बार विदेशों में छुट्टियां बिताईं और कितनी खरीदारी विदेशी बाजार से की और कैसे पांच सितारा सुविधाओं का लुत्फ उठाया। अब इन्हीं संपन्न और सक्षम लोगों में से कुछ ने अचानक लक्षद्वीप को बढ़ावा देना शुरु कर दिया है। इनमें वो फिल्मी सितारे भी हैं, जिन्होंने नए साल का जश्न मालदीव में मनाया और दो दिन भारत के लोगों को लक्षद्वीप जैसे स्थलों को बढ़ावा देने के उपदेश देने लगे। इस दुचित्तेपन का कोई इलाज नहीं है, ये तो लोगों को अपने विवेक से समझना होगा कि जिन लोगों को उन्होंने अपना नायक बना कर रखा है, उनकी कथनी और करनी में कितना फर्क है।

जहां तक सवाल लक्षद्वीप के पर्यटन को बढ़ावा देने का है, तो यह काम बेशक प्रधानमंत्री, उनकी सरकार और समर्थक करें, लेकिन इसके साथ उन सवालों पर भी विचार कर लें, जिनकी वजह से एक खूबसूरत स्थल में शांति की जगह विकास का शोर हावी हो जाएगा। मोदीजी जब लक्षद्वीप की शांति को सोशल मीडिया पर साझा कर रहे थे, उसी दौरान मनाली की भी तस्वीरें सामने आई थीं, जहां कई किलोमीटर तक कारों की कतार लगी थी। हिमाचल के इस सुंदर पर्यटन स्थल पर अब छुट्टियां मनाने लोगों की भीड़ उमड़ती है। हर साल ऐसी तस्वीरें सामने आती हैं जब कुल्लू-मनाली, शिमला, या इसी तरह के हिल स्टेशन पर पर्यटकों का बोझ बढ़ जाता है। लोगों को प्राकृतिक नजारों का आनंद तो लेना है, लेकिन उसके लिए जरा सा भी कष्ट नहीं उठाना है। इसलिए पर्यटकों की सुविधा के लिए कहीं पहाड़ खोदकर सुरंग बनाई जाती है, कहीं जंगल काटकर रास्ते बनाए जाते हैं। नवंबर में सिलक्यारा सुरंग का जो हादसा हुआ, वह भी ऐसी ही एक परियोजना का हिस्सा है, जिसमें पर्यटक चारों धाम की यात्रा आसानी से कर लें। उत्तराखंड में केदारनाथ हादसे के वक्त भी हताहतों की संख्या इसलिए बढ़ी क्योंकि जरूरत से अधिक पर्यटक वहां मौजूद थे। नदी, जंगल, तालाब, पहाड़, रेगिस्तान, समुद्री किनारे, खाइयां, गुफाएं, हर तरह की धन-संपदा प्रकृति ने भारत पर लुटाई है, और भारतीय उतनी ही बेरहमी से इस संपदा को खत्म होते भी देख रहे हैं। लक्षद्वीप की बात करने वालों ने शायद अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में काटे जा रहे वनों और आदिवासी संस्कृति के साथ हो रहे खिलवाड़ की ओर कभी ध्यान नहीं दिया। मुंबई के बीच में ही आरे वन को मेट्रो शेड के लिए काटा गया और उसका विरोध हुआ तो लक्षद्वीप की वकालत करने वाले फिल्मी सितारों ने चुप्पी साध ली। अभी छत्तीसगढ़ में हसदेव के जंगलों के लाखों पेड़ों को काटने की तैयारी है और कई हजार पेड़ काटे जा चुके हैं। यहां कोयले का भंडार है, जिसे निकालकर खरबपतियों को अपनी जेब का वजन और ज्यादा बढ़ाना है। जंगल के कटने से जैव विविधता, जंगली जानवर, आदिवासी सबका अस्तित्व खतरे में आ चुका है, लेकिन एक अजीब सी चुप्पी सत्ता के ऊपरी स्तरों पर पसरी हुई है।

शांति और चुप्पी के बीच देश की प्राकृतिक धरोहर और प्रचुर संपदा के लिए बढ़ रहे खतरे को पहचानने की जरूरत है।

# ईसाई समुदाय को लुभाने में जुटे मोदी

गत 25 दिसंबर, 2023 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कई ईसाईयों को क्रिसमस की बधाई देने और उनसे बातचीत करने के लिए अपने घर निमंत्रित किया। उन्होंने समाजसेवा के क्षेत्र में ईसाई समुदाय के योगदान और प्रभु ईसा मसीह की समावेशी शिक्षाओं की सराहना की। उन्होंने ईसाई समुदाय के नेताओं से अपने पुराने और लम्बे संबंधों के बारे में भी अपने मेहमानों को बताया। इसके कुछ दिन बाद केरल में कुछ सैकड़ा ईसाईयों ने भाजपा की सदस्यता ले ली। 'द हिन्दू' ने लिखा : 'भाजपा की राज्य इकाई की कोट्टयम में हुई बैठक में तय किया गया कि ईसाई समुदाय को आकर्षित करने के लिए 10 दिन की स्नेह यात्रा निकाली जाएगी जिसके दौरान पार्टी मणिपुर हिंसा सहित विभिन्न मसलों पर अपनी बात समुदाय के सामने रखेगी।' केरल के मुख्यमंत्री पिनयारी विजयन ने बिलकुल ठीक कहा कि-'मणिपुर में हालत यह हो गई है कि आबादी का एक हिस्सा... ईसाई समुदाय वहां रह ही नहीं सकता... हम सबने देखा है कि इस मामले में राज्य और केंद्र दोनों सरकारों ने चुप्पी साध रखी है' (द इंडियन एक्सप्रेस, मुंबई, जनवरी 2 2024)।

अगला आम चुनाव नज़दीक है और आरएसएस-भाजपा ने ईसाई समुदाय को लुभाने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। जहां तक ईसाई समुदाय की वर्तमान स्थिति का सवाल है, उसे विभिन्न राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय रपटों और धार्मिक स्वतंत्रता सूचकांकों से समझा जा सकता है। 'वादा न तोड़ो अभियान' के अनुसार, देश में हर दिन ईसाईयों की प्रताड़ना की दो घटनाएं होती हैं। उत्तर प्रदेश में....'करीब 100 पास्टर और आम पुरुष और महिलाएं भी गैर-क़ानूनी धर्मपरिवर्तन करवाने के आरोप में जेलों में बंद हैं, जबकि वे या तो जन्मदिन मना रहे थे या इतवार की विशेष प्रार्थना सभा कर रहे थे।'

एक ज्ञापन के अनुसार, सरकार कार्डिनलों और पास्टरों के खिलाफ अपनी विभिन्न जांच एजेंसियों का इस्तेमाल भी कर रही है। यूनाइटेड क्रिश्चियन फोरम के अनुसार, सन् 2022 के पहले सात महीनों में ईसाईयों पर हमलों की 302 घटनाएं हुई। नेशनल सॉलिडेरिटी फोरम एंड इवैंजेलिकल फेलोशिप ऑफ़ इंडिया के आर्चबिशप पीटर मेकेडो द्वारा दायर एक याचिका के मुताबिक, 'राज्य ऐसे समूहों के खिलाफ त्वरित और आवश्यक कार्रवाई करने में असफल रहा है जिन्होंने ईसाई समुदाय के खिलाफ व्यापक हिंसा की, नफरत फैलाने वाले भाषण दिए, उनके आराधना स्थलों पर हमले किये और उनकी प्रार्थना सभाओं में व्यवधान उत्पन्न किये।'

अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी आयोग (यूएससीआईआरएफ) ने लगातार चौथे साल भारत को 'विशेष सरोकार' वाला देश निरुपित किया है और अमेरिकी सरकार से कहा है कि वह इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए अपनी नीतियां बनाए।

ओपन डोर्स के अनुसार, 'वर्तमान सरकार के मई 2014 में सत्ता में आने के बाद से ईसाईयों पर दबाव में नाटकीय वृद्धि हुई है...हिन्दू अतिवादी अन्य धर्मों के लोगों पर बिना किसी भय के हमले करते हैं और कुछ इलाकों में उन्होंने गंभीर हिंसा की है...बड़ी संख्या में राज्य सरकारें धर्मांतरण-विरोधी कानून लागू कर रही हैं जिनका घोषित उद्देश्य हिन्दुओं का जबरदस्ती दूसरे धर्मों में परिवर्तन रोकना है मगर असल में उनके बहाने ईसाईयों को धमकाया और प्रताड़ित किया जाता है...पास्टर होना इस देश में सबसे ज्यादा जोखिम वाला काम बन गया है। हिन्दू अतिवादी पास्टरों पर हिंसक हमले करते हैं ताकि आम ईसाईयों के मन में डर का भाव बैठाया जा सके।'


राम पुनियानी

**अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी आयोग (यूएससीआईआरएफ) ने लगातार चौथे साल भारत को 'विशेष सरोकार' वाला देश निरुपित किया है और अमेरिकी सरकार से कहा है कि वह इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए अपनी नीतियां बनाए। ओपन डोर्स के अनुसार, 'वर्तमान सरकार के मई 2014 में सत्ता में आने के बाद से ईसाईयों पर दबाव में नाटकीय वृद्धि हुई है...हिन्दू अतिवादी अन्य धर्मों के लोगों पर बिना किसी भय के हमले करते हैं**

ईसाई समुदाय की वर्तमान स्थिति की जड़ में है हिन्दू राष्ट्रवादी आख्यान जिसमें इस्लाम और ईसाईयत को विदेशी धर्म माना जाता है. आरएसएस के द्वितीय सरसंघचालक एम.एस. गोलवलकर ने अपनी पुस्तक 'बंच ऑफ़ थॉट्स' में लिखा है कि ईसाई और कम्युनिस्ट, हिन्दू राष्ट्र के आतंरिक शत्रु हैं।

आरएसएस की शाखाओं में भी इसी आशय की बातें सिखाई जातीं हैं। हिन्दू राष्ट्रवादी गतिविधियों में उछाल के साथ ईसाईयों के खिलाफ हिंसा सबसे पहले देश के आदिवासी इलाकों में शुरू हुई। प्रचार यह किया गया कि ईसाई मिशनरीज़ जबरिया, धोखाधड़ी और लोभ-लालच से आदिवासियों को ईसाई बना रही हैं। ईसाई धर्म भारत के सबसे पुराने धर्मों में से एक है। ऐसा कहा जाता है कि सेंट थॉमस मालाबार के तट पर उतरे और 52 ईस्वी में उन्होंने वहां देश के पहले चर्च की स्थापना की। कुछ अन्य स्त्रोतों के अनुसार, वे चौथी सदी में मालाबार आये थे। सन् 2011 की जनगणना के अनुसार, देश की कुल आबादी में ईसाईयों का प्रतिशत 2.3 है। मजे की बात यह है कि सन 1971 से इसमें लगातार गिरावट आ रही है : 1971-2.60फीसदी, 1981-2.44फीसदी, 1991-2.34फीसदी, 2001-2.30फीसदी, 2011-2.30फीसदी (सभी आकंड़े जनगणना से)।

मगर बेसिरपैर के दुष्प्रचार के नतीजे में गुजरात के डांग में सबसे पहले (25 दिसंबर 1998 से लेकर 3 जनवरी 1999 तक) ईसाई-विरोधी हिंसा हुई। इसके बाद, 22 जनवरी 1999 की रात आरएसएस के अनुषांगिक संगठन बजरंग दल के कार्यकर्ता राजेंद्र पाल उर्फ दारासिंह ने पास्टर ग्राहम स्टेंस और उनके दो मासूम पुत्रों को जिंदा जला दिया। दारासिंह इस समय उम्रकैद की सज़ा काट रहा है। इस घटना को तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ केआर नारायणन ने 'दुनिया के काले कारनामों की सूची का हिस्सा' बताया। स्टेंस ऑस्ट्रलियाई मिशनरी थे और ओडिशा के क्योंझर, मनोहरपुर में काम करते थे। जब वे अपने दो बच्चों टिमोथी और फिलिप के साथ एक खुली जीप में सो रहे थे तब दारासिंह ने कुछ लोगों के साथ मिलकर तीनों को जिंदा जला दिया। आरोप यह लगाया कि कुष्ठ रोगियों की सेवा के बहाने वे धर्मपरिवर्तन करवा रहे थे।

घटना की जांच के लिए नियुक्त वाधवा आयोग ने पाया कि पास्टर स्टेंस धर्मपरिवर्तन में संलग्न नहीं थे और जिस इलाके में वे काम कर रहे थे वह की ईसाई आबादी में कोई बढोत्तरी नहीं हुई थी। इसके बाद से दूरदराज के इलाकों में ईसाई-विरोधी हिंसा जारी रही। अधिकांश मामलों में इस तरह की हिंसा क्रिसमस के आसपास होती थी। फिर 25 अगस्त, 2008 को ओडिशा के कंधमाल में भयावह हिंसा शुरू हुई जिसमें 100 से ज्यादा ईसाई मारे गए, ईसाई महिलाओं के साथ दिल दहलाने वाली बलात्कार की घटनाएं हुईं और कई चर्चों को आग के हवाले कर दिया गया। तब से ईसाई-विरोधी हिंसा चल ही रही है यद्यपि यह सुनिश्चित किया जाता है कि उस पर ज्यादा शोरशराबा न हो। अक्सर दूरदराज के इलाकों में काम रहे पादरियों को तब घेरा जाता है जब वे प्रेयर मीटिंग संचालित कर रहे हों। बजरंग दल और उसके जैसे अन्य संगठनों के सदस्य प्रेयर मीटिंग्स में बाधा डालते हैं। पादरियों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जाता है और उन्हें परेशान किया जाता है।

मणिपुर में ईसाईयों के खिलाफ करीब सात महीनों से हिंसा चल रही थी। कुकी, जिनमें से अधिकांश ईसाई हैं, डबल इंजन सरकार के निशाने पर हैं। मणिपुर और दिल्ली दोनों में भाजपा की सरकारें हैं। प्रधानमंत्री ने साफ़ कर दिया है कि इस ईसाई-विरोधी हिंसा को रोकना उनकी सरकार की प्राथमिकताओं में नहीं है। वे दुनिया भर में जा रहे हैं मगर मणिपुर के लिए उनके पास वक्त नहीं है। कुछ हिम्मतवर सामाजिक कार्यकर्ताओं और पत्रकारों ने इस इलाके में भ्रमण कर हिंसा की आग को बुझाने का प्रयास किया लेकिन सरकार की उदासीनता के चलते इस खाई को भरना मुश्किल होगा।

इस समय प्रधानमंत्री मोदी जो कर रहे हैं, वह केवल छवि बनाने की कवायद है। केरल में कई धनी ईसाई इस हिन्दू बहुसंख्यकवादी राजनीति के जाल में फंस रहे हैं। यह भी सच है कि ईडी, इनकम टैक्स आदि के कहर से बचने के लिए ईसाई समुदाय के शीर्ष धार्मिक नेतृत्व का एक हिस्सा सरकार के साथ खड़ा होने को आतुर है।

हमें यह समझना होगा कि मोदी एंड कंपनी एक तरफ तो ईसाई समुदाय को हाशिये पर धकेल देना चाहते हैं तो दूसरी ओर वे चुनावों में उनके वोट भी हासिल करना चाहते हैं।

**(अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनियां)**

# भारत के ऋण को नियंत्रित करने की आवश्यकता

■ **नन्तू बनर्जी**

भारत के वर्तमान सामान्य सरकारी ऋण के बारे में तुरंत घबराहट की आवश्यकता नहीं है, परन्तु अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की चेतावनी कि यह मध्यम अवधि मेंया 2028 तक देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 100 प्रतिशत से अधिक हो सकता है, चिंता का विषय है। आईएमएफ ने कहा है कि दीर्घकालिक जोखिम अधिक हैं और उसने 'वित्तपोषण के नये और अधिमानत: रियायती स्त्रोतों' की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

दिलचस्प बात यह है कि आईएमएफ के भारत के कार्यकारी निदेशक, केवी सुब्रमण्यन ने कहा-'संप्रभु ऋण से जोखिम बहुत सीमित हैं क्योंकि यह मुख्य रूप से घरेलू मुद्रा में दर्शाया गया है। पिछले दो दशकों में वैश्विक अर्थव्यवस्था का सामना करने वाले झटके की भीड़ के बावजूद, भारत का सार्वजनिक ऋण-से-जीडीपी अनुपात 2005-06 में 81प्रतिशत से बढ़कर 2021-22 में 84प्रतिशत हो गया था जो 2022-23 में पुन: 81प्रतिशत हो गया। आईएमएफ ने 2023 में वैश्विक ऋण के.97 खरब होने का आकलन किया है।

आईएमएफ ने कहा कि भारत को अपने सार्वजनिक ऋण को कम करने के लिए मध्यम अवधि में महत्वाकांक्षी राजकोषीय समेकन की आवश्यकता है। इसने कहा: 'निकट अवधि में एक तेज वैश्विक विकास की मंदी व्यापार और वित्तीय चैनलों के माध्यम से भारत को प्रभावित करेगी। आगे वैश्विक आपूर्ति व्यवधानों से आवर्तक वस्तु मूल्य अस्थिरता हो सकती है, जिससे भारत के लिए राजकोषीय दबाव बढ़ सकता है। घरेलू रूप से, मौसम के झटके मुद्रास्फीति के दबाव को प्रज्वलित कर सकते हैं और आगे खाद्य निर्यात प्रतिबंधों को बढ़ावा दे सकते हैं। यदि स्थितियां बहुत अच्छी हुईं तो इसके विपरीत अपेक्षित उपभोक्ता मांग और निजी निवेश को बढ़ावा दे सकता है।'

आईएमएफ अपने बयान के अंतिम भाग के बारे में बिल्कुल सही है कि भारत में लगातार बढ़ती उपभोक्ता मांग उच्च उत्पादन, आपूर्ति और निवेश को प्रेरित कर रही है। भारत की आयात-नेतृत्व वाली अर्थव्यवस्था मौजूदा वैश्विक मंदी के खिलाफ कुछ हद तक अछूता है। अप्रत्याशित परिस्थितियों को छोड़कर, अर्थव्यवस्था को अगले 10 वर्षों में कम से कम तेज गति से बढ़ने की उम्मीद है।

पिछले हफ्ते, यह बताया गया कि दुनिया भर की सरकारों द्वारा संचित समग्र सार्वजनिक ऋण 2023 में .97 ट्रिलियन पर था। यह 2019 में जो कुछ भी था, उससे 40प्रतिशत अधिक है। संयुक्त राज्य अमेरिका में कुल विश्व सार्वजनिक ऋण का 33प्रतिशत हिस्सा है। अमेरिका का ऋण-जीडीपी अनुपात 123.3 प्रतिशत है। जापान के लिए, यह 255.2प्रतिशत है, जो वैश्विक ऋण का 11प्रतिशत है। इटली का 143.7प्रतिशत है, और इसके बाद फ्रांस (110प्रतिशत), कनाडा (106.4प्रतिशत), यूके (104 प्रतिशत), ब्राजील (88.1 प्रतिशत) और चीन (83 प्रतिशत) है। पिछले एक दशक में कुल वैश्विक ऋण में .100ट्रिलियन की वृद्धि हुई है, जो सरकारों, घरों और निजी क्षेत्र द्वारा ऋण संचय की गति को एक साथ दिखाती है। 2023 की पहली छमाही में, दुनिया के जीडीपी के 336प्रतिशत के लिए कुल वैश्विक ऋण .307 ट्रिलियन का लेखांकन था।

अभी के लिए, भारत सरकार की ऋण की स्थिति निश्चित रूप से बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के संदर्भ में चिंताजनक नहीं है। हालांकि, देश के कई राज्यों की ऋण स्थिति के बारे में भी ऐसा नहीं कहा जा सकता है, जो सीमित राजस्व सृजन क्षमताओं का सामना कर रहे हैं, जिससे बड़े पैमाने पर ऋण सेवा समस्याएं होती हैं। राज्यों को हर साल अधिक उधार लेने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है तथा उनके ऋण का बोझ बढ़ना जारी है।

पंजाब के लिए 2023-24 में अनुमानित ऋण-राज्य जीडीपी अनुपात 46.8प्रतिशत है। इसके बाद हैं बिहार (37.8प्रतिशत), पश्चिम बंगाल (37.7 प्रतिशत), राजस्थान (36.8प्रतिशत), केरल (36.6प्रतिशत), आन्ध्र प्रदेश (33.3प्रतिशत), उत्तर प्रदेश (32.1प्रतिशत), मध्य प्रदेश (30.4प्रतिशत), तमिलनाडु (25.6प्रतिशत) और असम (24.4प्रतिशत)। कुछ छोटे भारतीय राज्यों में बहुत अधिक ऋण-एसजीडीपी अनुपात है। उदाहरण के लिए, अरुणाचल प्रदेश में अनुपात 53प्रतिशत है। उच्च ऋण-एसजीडीपी अनुपात वाले राज्यों में पंजाब, नागालैंड, मणिपुर और मेघालय शामिल हैं। राज्य सरकार के ऋण में उनके समग्र उधार का 65 प्रतिशत शामिल है। वे अप्रैल और नवंबर 2023 के बीच 28प्रतिशत बढ़े। आर्थिक गतिविधि में मंदी के कारण एसजीडीपी विकास को नकारात्मक जोखिम हो सकता है।

**भारत सरकार की ऋण की स्थिति निश्चित रूप से बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के संदर्भ में चिंताजनक नहीं है। हालांकि, देश के कई राज्यों की ऋण स्थिति के बारे में भी ऐसा नहीं कहा जा सकता है, जो सीमित राजस्व सृजन क्षमताओं का सामना कर रहे हैं, जिससे बड़े पैमाने पर ऋण सेवा समस्याएं होती हैं। राज्यों को हर साल अधिक उधार लेने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है तथा उनके ऋण का बोझ बढ़ना जारी है।**

केंद्रीय और राज्य सरकारों के बढ़ते ऋण स्वयं एक विकासशील संघीय अर्थव्यवस्था में स्वाभाविक लगेंगे। दुर्भाग्य से, इन सरकारी ऋणों के पीछे के कारण विकास की तुलना में नि:शुल्क सेवा एवं धन देने के साथ अधिक जुड़े हुए प्रतीत होते हैं। दोनों केंद्रीय और राज्य सरकारें चुनाव जीतने के लिए एक आंख के साथ कम आय वाले समूहों को बड़े पैमाने पर नि:शुल्क सेवा और नकद दे रही हैं। उदाहरण के लिए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल नवंबर में घोषणा की थी कि राशन की दुकानों के माध्यम से गरीबों के लिए सरकार की मुफ्त खाद्य अनाज योजनाअगले पांच साल के लिए बढायी जायेगी जिससे 81 करोड़ लोगों को लाभ होगा। इसमें 11 लाख करोड़ खर्च होगा। यह इस तथ्य के बावजूद है कि सरकार के अपने अनुमान से, देश में गरीबों की संख्या लगभग 20 करोड़ है।

जाहिर है, राशन की दुकानों के माध्यम से भोजन का उपहार राष्ट्रीय और राज्यों के चुनाव के मद्देनजर दिया गया है। राज्य सरकारों के शीर्ष पर राजनीतिक दल एक-दूसरे के साथ उपहार देने में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, जबकि भारत के अधिकांश सेवानिवृत्त औद्योगिक कर्मचारियों को केवल 100 रुपये को योगदान पेंशन के रूप में प्रति माह दिया जाता है।

देश और राज्यों के लिए एक उच्च ऋण-जीडीपी अनुपात का स्वागत किया जा सकता है यदि यह सामाजिक और औद्योगिक बुनियादी ढांचे के विकास और सार्वजनिक सेवाओं के सुधार पर उच्च विकास व्यय का परिणाम है। परन्तु वर्तमान ऋण में वृद्धि इसके कारण नहीं है। यह तो उपहारों के कारण है। यह मूलरूप से उन्हें सत्तारूढ़ पार्टी के लिए वोट हासिल करने के तरीके के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके अलावा, अधिकांश राज्यों में, गरीब शासन की गुणवत्ता जिम्मेदार ऋण प्रबंधन को प्रभावित कर रही है। यह चिंता का विषय है कि राज्य सरकारों की सीमित राजस्व बढ़ाने वाली शक्तियों के बावजूद राजनीतिक दबाव तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे ऋण का उपयोग विकास और रोजगार को प्रोत्साहित नहीं करते जिसके प्रति राजनीतिक नेतृत्व को चिंता करनी चाहिए।

## पावन प्रसंग

# दूसरों को सुखी बनाओ

अपना व्यक्तित्व सामान्यतया उतना ही दीख पड़ता है, जितना कि खाने-कमाने के काम आता है; यह उसका बहुत छोटा सा अंश है। इसकी क्षमता इतनी ही है कि उससे जीवन यात्रा की गाड़ी घिसटती चले। धान की तरह उगने और कटने में ही जिंदगी समाप्त हो जाती है। जिस-तिस तरह से जिंदगी गुजार लेना मानव जीवन का लक्ष्य नहीं हो सकता। इतना तो कृमि-कीटक भी कुशलतापूर्वक कर लेते हैं। अंतराल की गहराई में घुसा जाए, परिस्कृत दृष्टिकोण के बरमे से उसे खोदा जाए, तो पता चलेगा कि इसी भूमि में वह सब कुछ विद्यमान है, जिसे जीवन- संपदा कास सारतत्व कहा जा सकता है और विश्व-वसुधा का सारभूत वैभव। हम अपनी प्रतिभा जगाएं और उपयोगिता बढ़ाएं। अपने लिए उपयोगी बनें, साथ ही परमात्मा एवं विश्व की समष्टि आत्मा के लिए भी। अनुपयोगी किसी के लिए भी न रहें। जो अपने लिए उपयोगी होता है, वह दूसरों के लिए भी उपयोगी हो सकता है। दूसरों की सेवा- सहायता करने के लिए यह आवश्यक है कि हम अपने आपको उपयोगी बनाएं। दूसरों का शोषण करके अपना वैभव बढ़ाना उस मृगतृष्णा की तरह है जो देखने में सच मालूम पड़ते हुए भी नितांत मिथ्या होती है। भलाई और बुराई का ऐसा वर्गीकरण नहीं हो सकता, जो अपने लिए एक तरह का और दूसरों के लिए दूसरी तरह का परिणाम उत्पन्न करे। आग औरों के लिए गरम और अपने लिए ठंडी सिद्ध हो; ऐसा हो ही नहीं सकता। दूसरों के लिए अनुपयोगी सिद्ध होने वाला व्यक्ति अपने लिए भी घाटे का निमित्त बनता है। प्रभिशालियों की गणना में वे ही आते हैं जिन्होंने देश समाज के कल्याण में हाथ बंटाया हो। औरों को सुखी बनाए बिना कोई सुखी नहीं हो सकता। पेड़ लगाने पर औरों की तरह अपने को भी उसकी छाया में बैठने का अवसर मिलता है। औरों के लिए कुआं, जलाशय बनाने वाले उससे अपनी भी प्यास बुझाते हैं। इसी प्रकार स्वयं को मद्यपान का अभ्यासी बनाकर अपनी ही शरीर, मन और धन की ही बर्बादी नहीं करते संपर्क में आने वाले दूसरे लोग भी उस बुरी आदत से हानि उठाते हैं। निंदा का भाजन तो उन्हीं को होना पड़ता है। संक्षेप में अपनी क्षमताओं को इस स्तर तक परिष्कृत कर लेना कि उससे स्वयं और दूसरे भी लाभान्वित हो सकें, तभी उसकी प्रतिभा है। इसका विकास ही युग की मांग है। अत: इस ओर प्रत्येक को ध्यान चाहिए।

अपनी गलती मानने और दूसरों से कुछ सीखने के लिए जो व्यक्ति तैयार रहते हैं, वे अपनी महत्ता की सहज छाप दूसरों पर छोड़ते हैं। अक्खड़, जिद्दी, अशिष्ट और रुखे स्वभाव के व्यक्ति अकारण ही अपने मित्रों की संख्या घटाते और विरोधियों को बढ़ाते चले जाते हैं। हमें सज्जनोचित नम्रता, शिष्टता और सज्जनता का वार्तालाप ही करना चाहिए, वरन समय-समय पर लोगों की सहायता और सेवा का भी कुछ न कुछ प्रयत्न करते रही रहना चाहिए। अपनी उदारता की छाप छोड़ने वाला ही लोकप्रिय बन सकता है। हम अपनी ही तरह जूसरों की इच्छाएं भी जानें, उनकी अभिरुचि, आकांक्षा तथा समस्याओं को सुनें, समझें और जितनी उचित तथा संभव हो उतनी उनकी सहायता करें।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# बाधाओं को पार कर सशक्त बनती महादलित समाज की किशोरियां

21वीं सदी के भारत ने कई क्षेत्रों में बदलाव व विकास के नए प्रतिमान स्थापित किया है। चाहे वह नए अनुसंधान का क्षेत्र हो, अभियांत्रिकी विकास, प्रौद्योगिकी विकास, बौद्धिक विकास, सामरिक क्षमता या फिर कुशल नेतृत्व की बात हो, कोई ऐसा सेक्टर नहीं है जहां भारतीयों ने अपना परचम न लहराया हो. परंतु इसी भारत का एक दूसरा चेहरा उसका ग्रामीण क्षेत्र है जो आज भी अपनी संकीर्ण मानसिकता, पुरानी विचारधाराओं व परंपराओं से उबर नहीं सका है। विशेषकर जाति, समुदाय और महिलाओं के मामले में ग्रामीण समाज अब भी वैचारिक रूप से पिछड़ा हुआ नज़र आता है। दलित-महादलित महिलाओं व किशोरियों के प्रति उसका नजरिया यथावत बना हुआ है। किशोरियों को घर से बाहर न निकलने देना, कहीं अपना पक्ष न रखने देना, खेलने-कूदने पर मनाही, पढ़ाई-लिखाई में रोक-टोक और जल्द शादी आदि चीजें इस समाज की महिलाओं और किशोरियों के विकास में रोड़ा बनी हुई है जिससे वह संस्कृति और परंपरा के नाम पर ज़िंदा रखना चाहता है। वहीं उसी क्षेत्र के संभ्रांत परिवार की महिलाओं व किशोरियों को पूरी आजादी मिलती है।

दरअसल ग्रामीण क्षेत्र का पितृसत्तात्मक समाज अपनी पकड़ बनाये रखने के लिए किशोरियों व महिलाओं को सामाजिक वर्जनाओं में जकड़े रखना चाहता है। इसके लिए वह 'समाज क्या कहेगा' यह भय दिखाकर महिलाओं व किशोरियों के अधिकारों को दबा कर रखता है। इस तरह अपने ही घर में महिलाओं और किशोरियों के शोषण का सिलसिला शुरू हो जाता है। इस दौरान यदि किसी किशोरी ने हिम्मत दिखाई तो उसे न जाने कितने तानें, फब्तियां और जलालत सहनी पड़ती है। जबकि ग्राम पंचायत व शिक्षक बहाली में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण भी दिया जा रहा है। इसके बावजूद पिछड़े व दलित परिवार की किशोरियों को अपने सपनों को पूरा करने में अनेकों कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

बिहार के मुजफ्फरपुर जिला मुख्यालय से करीब 55 किमी दूर साहेबगंज प्रखंड के शाहपुर गांव की रहने वाली महादलित समुदाय की 22 वर्षीय संजना कुमारी इसका उदाहरण है जो हाल ही में विकास मित्र के पद पर चयनित हुई हैं। संजना बताती है कि वह दो बहनें और एक भाई है. जब वह मैट्रिक करने वाली थी तभी पिता का देहांत हो गया। उनके गुजरने के बाद घर की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय हो गई। घर चलाने के लिए दोनों बहनों को आगे आना पड़ा बड़ी बहन बच्चों को ट्यूशन और कोचिंग पढ़ाने लगी वहीं संजना सिलाई करके अपने घर को चलाने में मदद करने लगी। संजना की मां सरिता देवी कहती है कि खेती करके अपने बच्चों का भरण-पोषण व पढ़ाई-लिखाई पूरी कराई। पति के गुजरने के बाद गांव-समाज एवं रिश्तेदारों ने यह कह कर बेटियों की शादी के लिए दबाव डालना शुरू कर दिया कि पढ़ाई में लगने वाले खर्चों से उनकी शादी हो जाएगी, लेकिन मैंने शादी की बात छोड़ बेटियों को आगे पढ़ने की ठानी, इसके लिए मुझे गांव-समाज से भी लड़ाई लड़नी पड़ी। आखिरकार उनकी मेहनत रंग लाई। संजना का साहेबगंज ब्लॉक में विकास मित्र के पद पर बहाली हो गई, वहीं बड़ी बहन शिक्षक भर्ती की तैयारी में लगी है, जबकि उसका छोटा भाई आठवीं कक्षा में पढ़ रहा है।

बिहार में सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं व कार्यों को दलित-महादलित परिवार तक पहुंचाने के लिए विकास मित्र की बहाली की जाती है। यह बहाली पंचायत स्तर पर की जाती है। बिहार महादलित मिशन के तहत अलग-अलग जिले के पंचायतों में विकास मित्र की बहाली होती है। इन्हें सरकार की ओर से लगभग 15,481 रुपए प्रतिमाह मानदेय मिलता है। विकास मित्र को अपने ही पंचायत के महादलित परिवार की आधारभूत संरचना का सर्वे करना, सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजना की जानकारी देना, वृद्धापेंशन, बचत खाता, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तीकरण आदि से संबंधित योजनाओं की पड़ताल व क्रियान्वयन कराने की जवाबदेही होती है।

**सिमरन सहानी, मुजफ्फरपुर बिहार**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

## जापान के संसद भवन के गेट पर मिली संदिग्ध वस्तु

**टोक्यो।** जापान के नेशनल डाइट बिल्डिंग के मुख्य द्वार पर एक संदिग्ध वस्तु पाई गई। स्थानीय मीडिया ने मंगलवार को कहा है कि यह खतरनाक नहीं है। यह मामला दोपहर करीब साढ़े तीन बजे (स्थानीय समयानुसार) का है। नेशनल डाइट बिल्डिंग के मुख्य द्वार पर एक संदिग्ध वस्तु पाई गई। पुलिस ने जांच के लिए अपने विस्फोटक निपटान दस्ते को भेजा। जांचकर्ताओं ने बाद में पुष्टि करते हुए कहा कि संदिग्ध वस्तु एक फोटो और एक पत्र वाले मैसेंजर बैग की तरह दिख रही थी जो खतरनाक नहीं थी।

# दुनिया भर में भारत की भावना का प्रतीक हैं प्रवासी : मोदी

### प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक प्रवासी भारतीय दिवस पर शुभकामनाएं दी

**नई दिल्ली,** 9 जनवरी (एजेंसियां)। इस साल के प्रवासी भारतीय दिवस (पीबीडी) पर 32 मिलियन से अधिक मजबूत भारतीय प्रवासियों की उपलब्धियों और योगदान का जश्न मनाते हुए, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पूरे विश्व में विश्व, एकता और विविधता की भारत की भावना को बढ़ावा देने व उसको मूर्त रूप देने के लिए उनकी सराहना की। हर साल 9 जनवरी को मनाया जाने वाला यह दिन राष्ट्र के लिए प्रवासी भारतीय समुदाय के योगदान का सम्मान करता है, और 1915 में दक्षिण अफ्रीका से भारत में महात्मा गांधी की वापसी की याद भी दिलाता है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रवासी भारतीय दिवस पर शुभकामनाएं। यह दुनिया भर में भारतीय प्रवासियों के योगदान और उपलब्धियों का जश्न मनाने का दिन है। हमारी समृद्ध विरासत को संरक्षित करने और वैश्विक संबंधों को मजबूत करने के प्रति उनका समर्पण सराहनीय है।

■ पहली बार 2003 में तत्कालीन प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने की थी शुरुआत



वे दुनिया भर में एकता और विविधता की भारत की भावना का प्रतीक हैं। इस बीच, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि प्रवासी भारतीयों ने भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जयशंकर ने एक्स पर लिखा, प्रवासी भारतीय दिवस पर, दुनिया भर में फैले भारतीय प्रवासियों को शुभकामनाएं। हमें आपकी उपलब्धियों पर बहुत गर्व है। आपका उत्कृष्ट योगदान भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अब तक, विदेश मंत्रालय ने 17 पीबीडी सम्मेलन आयोजित किए हैं, जो प्रवासी भारतीयों के साथ जुड़ने और प्रवासी भारतीयों को एक-दूसरे के साथ बातचीत करने में सक्षम बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करते हैं। यह कार्यक्रम, जो 2015 से हर दो साल में मनाया जाता है, पहली बार 2003 में भारत के तत्कालीन प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा पेश किया गया था। कांग्रेस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रवासी भारतीय दिवस पर, हम विदेशों में भारत के राजदूत होने के लिए अपने प्रवासी भारतीयों को धन्यवाद देते हैं और राष्ट्र में प्रवासी भारतीय समुदाय के योगदान का सम्मान करते हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने एक्स पर कहा, प्रवासी भारतीय दिवस पर दुनिया भर में जीवंत भारतीय प्रवासियों को शुभकामनाएं। हमारी समृद्ध संस्कृति और मूल्यों के राजदूत के रूप में, उन्होंने दुनिया भर में एक स्थायी प्रभाव डाला है।

## इजरायली ड्रोन हमले में हिजबुल्लाह के तीन सदस्यों की मौत

**बेरूत,** 9 जनवरी (एजेंसियां)। लेबनान के दक्षिण में बिंट जेबिल जिले में स्थित लेबनानी नगर पालिका घंडौरीयेह में एक कार को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हमले में हिजबुल्लाह के तीन सदस्य मारे गए। स्थानीय टीवी चैनल एलबीसीआई ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

हिजबुल्लाह ने हालांकि अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की है। सुरक्षा सूत्र ने सोमवार को कहा कि इजरायल ने लेबनान के हिजबुल्लाह आंदोलन के एक शीर्ष कमांडर को मार डाला जब अमेरिका के शीर्ष राजनयिक गाजा संघर्ष को बढ़ने से रोकने के लिए पश्चिम एशिया का दौरा कर रहे थे।

सोमवार को लेबनानी समूह ने पहली बार अपने 'कमांडर' की हत्या की घोषणा की और उसका नाम विसाम हसन ताविल बताया। लेबनान में एक सुरक्षा अधिकारी ने सुरक्षा कारणों से नाम न छापने का अनुरोध करते हुए कहा कि ताविल की 'दक्षिण में हिजबुल्लाह के संचालन के प्रबंधन में अग्रणी भूमिका थी' और उसकी कार को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हमले में ताविल की मौत हो गई। इजरायली सेना ने कहा कि उसने सोमवार को लेबनान में हिजबुल्लाह के 'सैन्य



स्थलों' पर हमला किया लेकिन ताविल की मौत पर तुरंत कोई टिप्पणी नहीं की।

पिछले हफ्ते हिजबुल्लाह के गढ़ बेरूत में हमले के बाद इस महीने लेबनान में यह दूसरी हाई-प्रोफाइल हत्या है जिसमें हमास के उप नेता सालेह अल-अरुरी की मौत हो गई थी। अमेरिकी रक्षा विभाग के एक अधिकारी ने बताया है कि इजरायल ने बेरूत में हमला किया है जिससे गाजा में संघर्ष फैलने की आशंका बढ़ गई है।

## सुडोकू 6432

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 3 | 5 | | |
| | | | | | | | 1 | |
| 2 | | | | 1 | 5 | | | 9 |
| 5 | | | | 2 | 8 | | | 1 |
| | | 8 | | | | 2 | | |
| 1 | | | 9 | 7 | | | | 3 |
| 7 | | | 1 | 5 | | | | 6 |
| | 2 | | | | | | | |
| | | 4 | 2 | | | | 8 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : बुधवार 10 जनवरी, 2024 पौष कृष्ण पक्ष 14

### राशिफल

मेष -आज आप में ताजगी और स्फूर्ति का अभाव रहेगा। स्वभाव में क्रोध की अधिकता रहेगी। इस कारण आपका काम बिगड़ने की संभावना रहेगी। अतः क्रोध पर नियंत्रण रखें।

वृषभ -हाथ में लिए हुए काम समय पर पूरा न होने पर हताशा का अनुभव होगा। कार्य सफलता में थोड़ा विलंब होगा। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब होगा। नए काम की शुरुआत के लिए उचित समय नहीं है।

मिथुन -आज दिन की शुरुआत आरामदायक, प्रसन्नतापूर्वक और स्फूर्ति के साथ करेंगे। मेहमानों और मित्रों के साथ पार्टी पिकनिक और समूह भोजन का आयोजन करेंगे। नए कपड़े, गहने और वाहन की खरीदारी का योग है।

कर्क -आज के दिन आपको चिंता रहित और खुश रखेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ विशेष समय व्यतीत करेंगे। कार्य में सफलता और यश मिलेगा। नौकरीपेशा वालों को नौकरी में लाभ होगा।

सिंह -आज के दिन आप तन-मन से स्वस्थ रहेंगे। आपकी रचनात्मकता नया स्वरूप प्रदान कर सकेगी। प्रिय व्यक्ति के साथ की मुलाकात सुखद रहेगी। संतान की प्रगति का समाचार मिलेगा।

कन्या -आज के दिन सभी कामों में प्रतिकूलता का अनुभव होगा। स्वास्थ्य खराब होगा। मन चिंताग्रस्त रहेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ अनबन होने से अशांति रहेगी। सार्वजनिक रूप से मानहानि होने की संभावना रहेगी।

तुला -वर्तमान समय भाग्यवृद्धि का है। ऐसे में नए काम शुरू करने के लिए आज का दिन शुभ है। योग्य जगह पर पूंजी निवेश लाभदायक रहेगा। परिवार में भाई-बंधुओं के साथ आत्मीयता और मेल- मिलाप रहेगा।

वृश्चिक -पारिवारिक कलह- द्वेष का अवसर न आएं, इसका ध्यान रखें। पारिवारिक सदस्यों के साथ गलतफहमियों से बचें। मन में उत्पन्न नकारात्मक विचारों को दूर करें। विद्यार्थियों को विद्या प्राप्ति में अवरोध आएगा।

धनु -आज आपके निर्धारित काम में सफलता और आर्थिक लाभ की संभावना है। सपरिवार मांगलिक कार्यक्रम में उपस्थित होंगे। कहीं घूमने जाने या खासकर किसी तीर्थयात्रा पर जाने की संभावना है।

मकर -आज आप धार्मिक और आध्यात्मिक प्रवृत्तियों में ज्यादा व्यस्त रहेंगे। पूजा-पाठ या धार्मिक कामों के पीछे धन खर्च होगा। सगे-संबंधियों तथा परिजनों के साथ संभलकर बोलें।

कुंभ -आज आप नए काम की शुरुआत या उसकी योजना बना सकेंगे। नौकरी या व्यवसाय में लाभ की प्राप्ति होगी। मित्र आपकी प्रगति में सहायक होगी। आर्थिक लाभ की दृष्टि से आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा।

मीन -नौकरी या व्यवसाय में सफलता मिलने तथा उच्च अधिकारियों के अच्छे व्यवहार से आप प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। व्यापारियों के व्यापार में वृद्धि होगी और बकाया राशि प्राप्त होगी। पिता तथा बुजुर्गों से लाभ मिलेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## दो और टोही उपग्रह लॉन्च करेगा द. कोरिया

**सोल,** 9 जनवरी (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया इस साल स्पेसएक्स के फाल्कन-9 लॉन्च वाहन पर दो और सैन्य टोही उपग्रह प्रक्षेपित करने की योजना बना रहा है। दक्षिण कोरियाई रक्षा अधिग्रहण कार्यक्रम प्रशासन (डीएपीए) ने बताया कि गत एक दिसंबर को दक्षिण कोरिया ने कैलिफोर्निया के वैंडेनबर्ग एयर फोर्स बेस से फाल्कन-9 रॉकेट पर इन्फ्रारेड और इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल सेंसर से लैस अपना पहला प्रोजेक्ट 425 टोही उपग्रह लॉन्च किया तथा दक्षिण कोरिया ने 2025 तक चार और उपग्रहों को कक्षा में स्थापित करने की योजना बनाई है। डीएपीए ने एक बयान में कहा, सिंथेटिक एपर्चर रडार (एसएआर) वाले दो उपग्रहों को क्रमशः अप्रैल और नवंबर 2024 में फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से फाल्कन-9 रॉकेट पर प्रक्षेपित करने की योजना है। बयान में कहा गया है कि उत्तर कोरिया से बढ़ते मिसाइल और परमाणु खतरों के मद्देनजर अंतरिक्ष टोही क्षमताओं का विस्तार करने के लिए उपग्रहों की आवश्यकता है। इन्फ्रारेड और इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल सेंसर वाले उपग्रह पृथ्वी की सतह की विस्तृत तस्वीरें लेते हैं लेकिन घने बादलों के माध्यम से तस्वीरें नहीं ले सकते हैं जबकि एसएआर तकनीक वाले उपग्रह रिमोट सेंसिंग सिस्टम का उपयोग करके मौसम की परवाह किए बिना डेटा एकत्र कर सकते हैं।

## ब्लिंकन ने गाजा संकट पर चर्चा के लिए सऊदी क्राउन प्रिंस से की मुलाकात



■ मानवीय संकट और लाल सागर में जहाजों पर हाउती हमलों पर चर्चा की


**वाशिंगटन,** 9 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से मुलाकात की और गाजा में मानवीय संकट और लाल सागर में जहाजों पर हाउती हमलों पर चर्चा की। विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने यह जानकारी दी।

मिलर ने सोमवार को एक प्रेस बयान में कहा, विदेश मंत्री एंटनी जे. ब्लिंकन ने आज अल उला में सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से मुलाकात की। विदेश मंत्री ने गाजा में मानवीय स्थिति को तत्काल हल निकालने और संघर्ष को और फैलने से रोकने की आवश्यकता पर जोर दिया। विज्ञप्ति में कहा गया है कि ब्लिंकन और बिन सलमान ने लाल सागर में वाणिज्यिक जहाजों पर हाउती हमलों को रोकने सहित क्षेत्रीय तनाव को कम करने के लिए चल रहे प्रयासों पर भी चर्चा की।

अमेरिकी राजनयिक ने फिलिस्तीनी राज्य की स्थापना सहित अधिक सुरक्षित और एकीकृत मध्य पूर्वी क्षेत्र के निर्माण के महत्व पर जोर दिया।

यह बैठक गाजा में युद्ध को रोकने के प्रयास के लिए अपने मध्य पूर्व दौरे के हिस्से के रूप में ब्लिंकन की इज़रायल यात्रा से पहले हुई है।

## वर्ग पहेली 6432



**बायें से दायें:-**

१. लोगों की मानसिकता
४. नक्शेकदम
६. सीमा, प्रतिष्ठा
७. धीमा
८. एक से अधिक
१०. पत्थर
११. एक छोटी चिड़िया
१३. असहमति (उर्दू)
१४. दुर्घटना
१५. सैनिकों का अभ्यास, कसरत
१७. वह धन जिसे तुरंत अदा किया जाए, सिक्कों के रूप में धन
१९. मातृभूमि (उर्दू)
२१. राक्षस, असुर
२२. जंगल में पैदा होने वाला
२४. कौशल्या

**ऊपर से नीचे:-**

१. करत-करत अभ्यास के...होत सुजान
२. मृत्यु-शोक (उर्दू)
३. 'टाईम कीपर'
४. पधारना
५. उत्तर भारत की एक नदी
९. कलाकार (उर्दू)
११. निमंत्रण
१२. ऊंचा
१३. मानव (उर्दू)
१४. आवश्यकता, चाह (उर्दू)
१५. ऋणी
१६. आजीवन अविवाहित रहने वाली स्त्री
१८. कछुआ
१९. व्यापारी
२०. मक्खन
२३. शीघ्र (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6431

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ मो | रा | २ र | जी | ■ | ■ | ३ रु | का | ४ व | ट |
| ल | ■ | क्त | ■ | ५ उ | त्कृ | ष्ट | ■ | ह | ■ |
| ६ भा | ट | क | ■ | क | ■ | ७ ज | ल | म | ८ ग्न |
| व | ■ | म | ■ | ९ सा | कि | न | ■ | ■ | था |
| ■ | १० ज | ल | ११ से | ना | ■ | ■ | १२ वि | प्ल | व |
| ■ | र्ज | ■ | व | ■ | १३ ध | म | नी | ■ | त |
| १४ आ | र | १५ क्ष | क | ■ | व | ■ | १६ त | १७ था | ■ |
| वे | ■ | म | ■ | १८ क | ल | १९ गी | ■ | ति | ■ |
| २० द | क्ष | ता | ■ | र्म | ■ | २१ द | र | का | २२ र |
| क | ■ | ■ | २३ मु | ठ | भे | ड़ | ■ | ■ | स |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## केन्या में सड़क दुर्घटना में करीब 15 लोगों की मौत

**नाकुरु (केन्या),** 9 जनवरी (एजेंसियां)। केन्या में एक सड़क दुर्घटना में करीब 15 लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। कुरेसोई नॉर्थ सब-काउंटी पुलिस कमांडर यहूदा गैथेंगे ने मंगलवार को घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि घटना स्थानीय समयानुसार मध्यरात्रि के बाद 2:45 बजे एल्डोरेट-नाकुरु राजमार्ग पर हुई, जिसमें एक यात्री बस और एक शटल बस शामिल थी। श्री गैथेंगे ने कहा, हमने दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि दोनों वाहनों के बीच आमने-सामने की टक्कर हुई। दुर्घटना में मरने वालों में आठ वयस्क और सात बच्चे शामिल हैं।





पुलिस ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सभी मोटर चालकों से अत्यधिक सावधानी बरतने की अपील की है। पुलिस के अनुसार, केन्या में लापरवाही से गाड़ी चलाने, खतरनाक ओवरटेकिंग, नशे में गाड़ी चलाने, नशे में चलने, नशे में सवारी करने और हेलमेट का उपयोग न करने के कारण घातक दुर्घटनाएँ आम हैं। देश में इस वर्ष की शुरूआत से अब तक सडक हादसों में 40 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

### ईरान में बस-ट्रक की टक्कर में सात की मौत, 23 घायल

**तेहरान।** ईरान के पश्चिमी प्रांत लोरेस्तान में मंगलवार को एक बस और दो ट्रकों के बीच टक्कर में कम से कम सात लोगों की मौत हो गयी और 23 अन्य घायल हो गये। अर्ध-आधिकारिक समाचार एजेंसी फार्स ने यह जानकारी दी। फार्स ने प्रांतीय चिकित्सा आपातकालीन संगठन के प्रमुख मोहसिन अदिनेहवंद के हवाले से बताया कि खोर्रमाबाद और बोरुजर्ड काउंटी के बीच फ्रीवे पर आज तड़के हुई दुर्घटना में सात लोगों की मौत हो गयी।

## बांग्लादेश के नवनिर्वाचित सांसद आज लेंगे शपथ

**ढाका,** 9 जनवरी (एजेंसियां)। बांग्लादेश की संसद के नवनिर्वाचित सदस्य बुधवार को पद की शपथ लेंगे। एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने मंगलवार को यह पुष्टि की। संसद सचिवालय के वरिष्ठ सचिव केएम अब्दुस सलाम ने समाचार एजेंसी शिन्हुआ को बताया, स्पीकर शिरीन शर्मिन चौधरी बुधवार सुबह 10 बजे ढाका में एक समारोह में प्रधानमंत्री शेख हसीना सहित सांसदों को पद की शपथ दिलाएंगे। चुनाव आयोग के अनुसार, रविवार को हुए चुनावों में शेख हसीना के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ अवामी लीग (एएल) पार्टी ने 298 में से 223 सीटें जीतीं हैं। 2009 से पार्टी की लगातार यह चौथी जीत है। इससे पहले पार्टी ने 1996 से लेकर 2001 तक सरकार चलाई थी। शेख हसीना आधिकारिक तौर पर बांग्लादेश के इतिहास में सबसे लंबे समय तक शासन करने वाली नेता हैं।

## आज का इतिहास

1616-ब्रिटिश राजदूत सर थॉमस रो ने अजमेर में जहांगीर से मुलाकात की।

1623 - इटली के वेनीज़ नगर में गाज़ेट नामक विश्व का पहला समाचार पत्र प्रकाशित हुआ।

1824 -ब्रिटेन के रसायनशास्त्री जोज़फ ऐस्पीडियन ने सीमेंट बनाई।

1836 -प्रोफेसर मधुसूदन गुप्ता ने पहली बार मानव शरीर की आंतरिक संरचना का अध्ययन किया।

1839 -भारतीय चाय इंग्लैंड पहुँची।

1863 - लंदन में विश्व की पहली भूमिगत रेल सेवा शुरू हुई।

1912 -ब्रिटिश नरेश जार्ज पंचम और रानी मैरी ने भारत छोड़ा।

1916 - प्रथम विश्व युद्ध के दौरान रूस ने ओटोमन साम्राज्य को हराया।

1920 -वार्सा संधि के आधिकारिक तौर पर प्रभाव में आने से प्रथम विश्व युद्ध समाप्त हुआ।

1946 - लंदन में संयुक्त राष्ट्र महासभा की पहली बैठक में 51 राष्ट्रों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

1954 -ब्रिटेन ने बनाया हुआ दुनिया का पहला जेट विमान कॉमेट भूमध्यसागर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें विमान में सवार सभी 35 लोग मारे गए थे।

1963 -भारत सरकार ने स्वर्ण नियंत्रण योजना की शुरुआत की। जिसके तहत 14 कैरेट से अधिक के गहनों पर पाबंदी लगा दी। स्वीज़रलैंड के टाइट्स और सोलवेल नाम के दो व्यक्ति 1963 में इलेक्ट्रॉनिक घड़ी बनाने में सफल हुए। इस घड़ी में चाबी भरने की आवश्कता नहीं होती थी।

1972 -पाकिस्तान में जेल में नौ महीने से अधिक समय तक कैद रहने के बाद शेख मुजीबुर रहमान राष्ट्रपति के रूप में स्वतंत्र राष्ट्र बने बंगलादेश पहुंचे।

**उपलब्धि** कश्मीरियों के जमीं पर नहीं पड़ रहे पांव

## गूगल सर्च में कश्मीर ने स्विट्ज़रलैंड को पछाड़ा

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 9 जनवरी (देशबन्धु)। कश्मीरियों के पांव इस खबर के बाद जमीं पर नहीं पड़ रहे हैं कि गूगल डेटा के अनुसार, 2023 में वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक गूगल सर्च किए जाने वाले गंतव्य के रूप में कश्मीर ने स्विट्ज़रलैंड को पीछे छोड़ दिया है। सच में यह खुशी देने वाली खबर है कि कश्मीर 2023 में दुनिया भर में शीर्ष 10 सबसे अधिक खोजे गए गंतव्यों में से एक है। पिछले साल वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक गूगल किए गए गंतव्यों की सूची में, कश्मीर थाईलैंड के ठीक बाद छठे नंबर पर था।

इसे कश्मीर की तुलना में अधिक खोजें मिलीं। स्विट्ज़रलैंड दुनिया भर में यात्रियों और उत्साही लोगों के बीच एक बारहमासी पसंदीदा बना हुआ है।

आनलाइन खोज व्यवहार में यह बदलाव कश्मीर घाटी का पता लगाने के लिए विश्व भ्रमणकर्ताओं की जिज्ञासा को रेखांकित करता है, जिसकी तुलना अक्सर स्विट्ज़रलैंड से की जाती है। जानकारी के लिए वर्ष 2023 की सबसे अधिक गूगल किए गए गंतव्यों की रैंकिंग में, वियतनाम शीर्ष स्थान पर रहा, उसके बाद गोवा दूसरे स्थान पर रहा।

वर्ष 2023 में दुनिया भर में सबसे अधिक गूगल किए गए गंतव्यों की सूची में बाली और श्रीलंका ने क्रमशः तीसरा और चौथा स्थान हासिल किया। थाईलैंड ने पांचवें स्थान पर दावा



■ शीर्ष 10 सबसे अधिक खोजे गए गंतव्यों में से एक

किया, इसके बाद कश्मीर घाटी छठे स्थान पर रही। जबकि कूर्ग ने पिछले साल सबसे अधिक गूगल किए गए गंतव्य के रूप में सातवीं रैंक हासिल की, उसके बाद अंडमान और निकोबार द्वीप समूह थे। इटली और स्विट्ज़रलैंड ने 2023 में वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक गूगल किए गए गंतव्यों की सूची में नौवें और 10वें स्थान का दावा किया। यह सच है कि कश्मीर में पर्यटन में तेजी आई है, यात्री इस क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता और ऐतिहासिक महत्व के अनूठे मिश्रण की ओर तेजी से आकर्षित हो रहे हैं। गूगल पर कश्मीर की खोज में लोगों की अनूठी रुचि को देखते हुए, कश्मीर में पिछले साल पर्यटकों के प्रवाह में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। दावानुसार, इस वर्ष दो करोड़ से अधिक पर्यटकों ने घाटी का दौरा किया, साथ ही विदेशी पर्यटकों की संख्या में भी वृद्धि देखी गई।

ट्रैवल एजेंटों का दावा है कि इस साल विदेशी पर्यटन के पुनरुद्धार से कश्मीर को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा मिलेगा। एक ट्रैवल एजेंट उमर अहमद के बकौल, इस साल, हमने थाईलैंड, यूरोप और खाड़ी देशों से बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटकों को कश्मीर आते देखा। चूंकि सर्दियां ज्यादातर पर्यटकों को आकर्षित करती हैं।

## दुनिया को जानें

### दक्षिण कोरिया में कुत्तों के मांस का व्यवसाय होगा प्रतिबंधित

**सोल,** 9 जनवरी (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया में नए कानून के तहत कुत्तों का वध और उनके मांस की बिक्री पर पाबंदी लगा दी जाएगी। बीबीसी ने मंगलवार को बताया कि सांसदों ने इस व्यवसाय पर बने नए कानून का समर्थन दिया है। इस कानून के तहत कुत्तों को मांस के लिए पालना या उनके मांस को बेचने वालों को अधिकतम दो साल की सजा हो सकती है जबकि उनका वध करने पर तीन साल तक की जेल हो सकती है। फिलहाल, नए कानून के लागू होने से पहले किसानों और रेस्तरां मालिकों के पास रोजगार तथा आय के वैकल्पिक स्रोत खोजने के लिए तीन साल का समय है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार इस देश में 2023 में कुत्ते के मांस की ब्रिकी के लिए करीब1,600 रेस्तरां और 1,150 फॉर्म हाउस हैं। अब स्थानीय अधिकारियों को, इन व्यवसायों को पूर्णता बंद कराना होगा। सरकार ने कुत्ते के मांस बेचने वाले व्यवसायियों को समर्थन देने का वादा किया है लेकिन अभी मुआवजे की पेशकश का विवरण तैयार नहीं किया गया है। इस कानून को वर्ष 2027 में लागू किया जाएगा।

# प्रादेशिकी

**राज्य में 165 ब्लैक स्पॉट चिन्हित**

देहरादून। बैठक में जानकारी दी गई कि राज्य में 165 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किये गये हैं, जिनमें से 129 का सुधार किया गया है एवं 29 के सुधारीकरण की कार्यवाही गतिमान है। 43 ब्लैक स्पॉट ऐसे हैं जिनमें सुधार किये जाने के बाद कोई दुर्घटना नहीं हुई। सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा पर आधारित 52 हजार पुस्तकें शिक्षा विभाग को उपलब्ध कराई गई हैं।

## सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए हों प्रभावी प्रयास: धामी



- सीएम ने चारधाम यात्रा से पूर्व क्रैश बैरियर का काम पूरा करने के दिए निर्देश
- पर्यटक स्थलों के पास वाहन चालकों के लिए डोरमिट्री बनाई जाएगी
- क्रैश बैरियर के कार्यों की धीमी प्रगति पर मुख्यमंत्री ने जताई नाराजगी

**देहरादून,** 9 जनवरी (देशबन्धु)। राज्य के सभी चिन्हित मार्गों पर क्रैश बैरियर का अवशेष कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ चारधाम यात्रा से पहले पूर्ण किया जाए। ब्लैक स्पॉट पर नियमित रूप से रोड सेफ्टी ऑडिट किया जाए। राज्य के पर्यटक स्थलों के आस-पास जहां पर वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था की गई है, उन क्षेत्रों में वाहन चालकों के लिए डोरमिट्री की व्यवस्था भी की जाए। सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत बिना लाइसेंस के वाहन चलाने, नशे में वाहन चलाने वालों और यातायात के अन्य नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार सख्त कारवाई की जाए। यह निर्देश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक के दौरान अधिकारियों को दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन कारणों से सड़क दुर्घटनाएं अधिक हो रही हैं, इनको रोकने के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाई जाए।

चिन्हित मार्गों पर क्रैश बैरियर के कार्यों की धीमी प्रगति पर मुख्यमंत्री ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि जन सुरक्षा से संबधित ऐसे महत्वपूर्ण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि जनपदों में जिन स्थानों पर सड़क दुर्घटनाएं अधिक हो रही हैं, और वे अभी तक चिन्हित नहीं हुए हैं, सभी जिलाधिकारी जल्द ही ऐसे स्थलों को चिन्हित कर लें।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए लघु फिल्में बनाकर व्यापक स्तर पर प्रचार और प्रसार किया जाए। स्कूलों में भी सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता की जानकारी स्कूलों के पाठ्यक्रम में शामिल की जाए। मुख्यमंत्री ने बैठक में अधिकारियों को सड़कों के किनारे हो रहे अतिक्रमण को रोकने के लिये प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिये। इसके लिए पुलिस, नगर निगम, एमडीडीए और जिला प्रशासन लगतार कार्यवाही करें। जनपदों में भी जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा सड़कों के किनारे लगने वाले अतिक्रमण को रोकने के लिए सघन अभियान चलाया जाए। पुलिस और परिवहन विभाग द्वारा यातायात प्रबंधन के लिए जो कैमरे लगाये गये हैं, उनका इंटीग्रेशन किया जाए।

जनपदों में चिल्ड्रन ट्रैफिक पार्कों की स्थापना की जा रही है। पुलिस द्वारा ट्रैफिक आई -ऐप के माध्यम से जागरूकता, ट्रैफिक कार्टून बुक्स एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। बैठक में मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, आनन्द बर्द्धन, डीजीपी अभिनव कुमार, सचिव अरविन्द सिंह ह्यांकी, रविनाथ रमन, एच.सी. सेमवाल, सचिव एवं गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पाण्डेय एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि अयोध्या से निमंत्रण की जरूरत नहीं



**शिमला,** 9 जनवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि अयोध्या से निमंत्रण की जरूरत नहीं है। वहां हमारे प्रभु राम हैं, उन्होंने कहा कि हर काम की शुरुआत उनके नाम से ही होती है। प्राण-प्रतिष्ठा के बाद जब भी मौका मिलेगा और जब भगवान राम बुलाएंगे, तब हम जाएंगे। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू ने मंगलवार को शिमला में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में यह बात कही। गौरतलब है कि अयोध्या में राम मंदिर में राम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के साक्षी हिमाचल प्रदेश के करीब 80 गण्यमान्य लोग भी बनेंगे। इनमें विक्रमादित्य सिंह अकेले राजनेता होंगे। बेशक प्रदेश के पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता महेश्वर सिंह को भी अयोध्या आने का निमंत्रण मिला है, मगर उन्हें रघुनाथ मंदिर के प्रमुख छड़ीबरदार होने के नाते बुलावा दिया है। इसके अलावा बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा सहित कई अन्य प्रमुख हस्तियों को भी न्योता दिया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह को भी प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने का न्योता मिला है। अब देखना यह है कि विक्रमादित्य प्राण प्रतिष्ठा के दिन अयोध्या जाते हैं अथवा इससे पहले।

उधर अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन शिमला के राम मंदिर सहित प्रदेश के कई अन्य मंदिरों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को राममंदिर में एलईडी स्क्रीन पर श्रद्धालुओं को लाइव दिखाया जाएगा।20 से 22 जनवरी तक शिमला जिला के 80 मंदिरों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान मंदिरों की विशेष सजावट की जाएगी। शिमला के राम मंदिर में विशेष पाठ ए रामायण कथा और हवन यज्ञ होगा।

### मुख्यमंत्री ने इन्नर व्हील संस्था के प्रयासों को सराहा

शिमला। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज ओक ओवर, शिमला से इन्नर व्हील क्लब की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर इन्नर व्हील डिस्ट्रिक्ट 308 द्वारा आयोजित कार रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली दिल्ली में आयोजित अन्तरराष्ट्रीय स्तर के समारोह में सम्पन्न होगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इन्नर व्हील क्लब सामाजिक सरोकार से जुड़े अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन कर रहा है। उन्होंने इस संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था 100 वर्षों से समाज के जरूरतमंद वर्गों के कल्याण के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर रही है। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।

**सार संक्षेप**

### बस्ता रहित दिवस पर होगीं ये गतिविधियां

देहरादून। बस्ता रहित दिवस पर स्कूलों में मुख्यतः तीन प्रकार के कार्य व गतिविधियों का संचालन किया जायेगा जिसमें जैविक रूप, मशीन और सामग्री तथा मानवीय सेवाएं शामिल हैं। उच्च प्राथमिक विद्यालयों में जैविक रूप की गतिविधियों में छात्र-छात्राओं को मृदा प्रबंधन और मिट्टी के प्रारम्भिक कार्य तथा कृषि व बागवानी की विभिन्न पद्धतियां सिखाई जायेगी। इसी प्रकार मशीन और सामग्री के अंतर्गत छात्रों को कागज, लकड़ी, मिट्टी, कपड़ा, पेंट, स्याही जैसी सामग्रियों का उपयोग करके हस्तशिल्प कार्य तथा आधुनिक मशीनों सहित प्रारम्भिक मशीनों का उपयोग करना बताया जायेगा जबकि मानवीय सेवाओं के तहत कुशल संवाद की अभिरुचि और टीमों में काम करने की योग्यता, स्वास्थ्य देखभाल और आतिथ्य के आधार सहित बुनियादी सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी तथा तकनीकी कौशल सिखाया जायेगा। इसी प्रकार माध्यमिक विद्यालयों में जैविक रूप कार्यों के तहत प्रकृति अनुकूल कृषि, प्रकृति संरक्षण व पुनर्स्थापना, नर्सरी प्रबंधन, पशुधन पालन, वित्तीय सेवाएं, सौन्दर्य और व्यक्तिगत देखभाल एवं उद्योग संबंधी जानकारियां छात्र-छात्राओं को प्रदान की जायेगी।

### अंकिता भंडारी मामले में कांग्रेस ने प्रदर्शन कर की कार्रवाई की मांग

हल्द्वानी। बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड एक बार फिर से सुर्खियों में आ गया। बीते दिन अंकिता की मां ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए वीडियो जारी किया था। वहीं अंकिता के पिता ने पत्र लिखकर भाजपा के एक नेता का नाम उजागर किया है। वहीं अंकिता को न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस पार्टी पूरे प्रदेश में जगह-जगह धरना प्रदर्शन के माध्यम से अंकिता को न्याय दिलाने की मांग कर रही है। हल्द्वानी में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल के नेतृत्व में एसडीएम कोर्ट में प्रदर्शन किया। साथ ही अंकित भंडारी को न्याय दिलाने की मांग करते हुए एसडीएम के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। एसडीएम कोर्ट में कांग्रेसियों ने प्रदर्शन करते हुए कहा कि अंकित भंडारी हत्याकांड कि अभी तक न्याय जांच नहीं हो पाया है, मामले में वीआईपी का नाम सामने आया है। जिसे अंकित के माता-पिता ने उजागर भी किया है। लेकिन सरकार अभी तक वीआईपी तक नहीं पहुंच पाई है। ऐसे में कांग्रेस पार्टी अब अंकिता को न्याय दिलाने के लिए सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करने जा रही है। कांग्रेसियों ने कहा है कि अंकिता हत्याकांड का न्यायिक जांच हो और किसी सिटिंग जज के माध्यम से पूरे मामले का जांच कर पर्दाफाश किया जाए। गौरतलब है कि अंकिता भंडारी के मां ने बीते दिन वीडियो जारी करते हुए संघ और भाजपा संगठन में शामिल एक नेता का नाम लिया था और सरकार से न्याय की गुहार की थी।ऐसे में अब विपक्ष भी सरकार पर हमलावर हो गया है।

### सुडोकू 6432 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 1 | 4 | 9 | 3 | 5 | 6 | 2 |
| 4 | 5 | 9 | 7 | 6 | 2 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 9 |
| 5 | 9 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 4 | 1 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 9 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 9 | 7 | 6 | 8 | 5 | 3 |
| 7 | 8 | 3 | 1 | 5 | 4 | 9 | 2 | 6 |
| 9 | 2 | 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 | 4 |
| 6 | 1 | 4 | 2 | 3 | 9 | 7 | 8 | 5 |

## कांग्रेस लोकसभा चुनावों के लिये पूरी तरह तैयार : प्रतिभा सिंह



**शिमला,** 9 जनवरी (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिभा सिंह ने कहा है कि कांग्रेस लोकसभा चुनावों के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा है कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा 14 जनवरी से मनीपुर से शुरू होगी जो 20 मार्च को मुंबई में सम्पन्न होगी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की यह यात्रा पूर्व में भारत जोड़ो यात्रा की तरह मील का पत्थर साबित होगी। आज यहां कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में पत्रकारों के साथ अनौपचारिक बातचीत में प्रतिभा सिंह ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस इस बार लोकसभा चुनावों में अपनी जीत का परचम लहरायेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस बहुत ही मजबूत स्थिति में है। उन्होंने बताया कि 16 जनवरी को राजीव भवन शिमला में सभी जिला व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों व अग्रणी संगठनों के प्रदेश प्रमुखों की लोकसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर एक आवश्यक बैठक बुलाई गई है। बैठक में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू सहित प्रदेश सरकार के सभी मंत्रीगण, कांग्रेस विधायक बुलाये गए है। इसके अलावा पार्टी के उन नेताओं को भी बुलाया गया है जिन्होंने 2022 में विधानसभा चुनाव लड़ा था। बैठक में लोकसभा चुनावों की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

प्रतिभा सिंह ने अयोध्या में राम मंदिर प्रतिष्ठा में जाने के एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि भगवान श्रीराम सनातन धर्म मे आस्था रखने वाले सभी के है। उन्होंने कहा कि इस पर कोई भी राजनीति नही की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश देवी देवताओं की भूमि है और हम सब देवी देवताओं की पूजा अर्चना करते है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्व वीरभद्र सिंह ने प्रदेश में हजारों देवी देवताओं के मंदिरों का जीर्णोद्धार किया। उन्होंने कहा कि उनके परिवार को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण मिला है जिसे वह अपना सौभाग्य मानती है।

## सरकार का विशेष उद्देश्य प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करना: डा. धन सिंह



- स्वास्थ्य मंत्री ने 192 नवनियुक्त नर्सिंग अधिकारियों को दिये नियुक्ति पत्र
- स्वास्थ्य विभाग में एक वर्ष की अवधि के भीतर विभिन्न पदों पर निकाली जाएगी 11 हजार से अधिक पदों पर विज्ञप्ति

**पौड़ी,** 9 जनवरी (देशबन्धु)। स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत ने प्रेक्षागृह पौड़ी में नवनियुक्त 192 नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरण किये। कार्यक्रम से पूर्व मंत्री ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने सभी नर्सिंग अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए बेहतर तरीके से कार्य करने को कहा। आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सरकार का विशेष उद्देश्य प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करना है, जिससे आमजनमानस को बेहतर स्वास्थ्य लाभ उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि इस दिशा में सरकार निरंतर प्रयासरत है तथा सभी रिक्त पदों पर तेजी से भर्ती की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि नर्सिंग अधिकारियों की नियुक्ति वर्षवार कर जहां स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया जा रहा है। वहीं वर्षों से नियुक्ति का इंतजार कर रहे 192 नर्सिंग अधिकारियों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में एक वर्ष के भीतर चिकित्सक, नर्स, वार्ड ब्वाय सहित विभिन्न पदों पर 11 हजार से अधिक नियुक्तियां की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि जिन लोगों के अभी तक टीकाकरण, आभा आईडी, आयुष्मान कार्ड नहीं बन पाये हैं उन्हें तत्काल स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने कहा कि 2024 तक प्रदेश को टीबी मुक्त करना है, जिसमें पौड़ी जनपद का पहला स्थान है, जहां टीबी मुक्त करने में तेजी से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों को आम जनमानस को अधिक से अधिक स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने हेतु लोगों को जानकारी देने के साथ ही मौके पर लाभाविंत करने को कहा।

इस अवसर पर विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी, लैंसडाउन विधायक महंत दिलीप रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष शांति देवी, जिलाधिकारी डॉ0 आशीष चौहान, राज्य सहकारी संघ अध्यक्ष मातबर सिंह रावत, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार, एसीएमओ डॉ. रमेश कुंवर सहित अन्य अधिकारी व नवनियुक्त नर्सिंग अधिकारी उपस्थित थे।

## छह माह में होंगे नगर निकाय चुनाव, सचिव शहरी विकास ने दिया वचन



**मामले की अगली सुनवाई 16 अप्रैल को करेगा हाईकोर्ट**

**नैनीताल,** 9 जनवरी (देशबन्धु)। उत्तराखंड उच्च नयायालय ने राज्य में समय पर निकाय चुनाव नहीं कराने को लेकर दायर अलग अलग जनहित याचिकाओ में आज सचिव शहरी विकास नितिन भदौरिया हाजिर हुए। उन्होंने न्यायालय को आश्वस्त किया कि 6 महीने के भीतर राज्य में नगर निकाय चुनाव करा लिए जाएंगे। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा की खंडपीठ ने सचिव के बयान रिकॉर्ड करने के साथ ही दोनों याचिकाओं को लंबित रख दिया है और मामले की अगली सुनवाई 16 अप्रैल के लिए तय की है। आपको बता दें कि जसपुर निवासी मो. अनीश व अन्य ने उच्च न्यायालय में पी.आई.एल.कर कहा कि नगर पालिकाओं और नगर निकायों का कार्यकाल 2 दिसम्बर को समाप्त हो गया था, लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी सरकार ने चुनाव कराने का कार्यक्रम घोषित नहीं किया, उल्टा निकायों में अपने प्रशासक नियुक्त कर दिए। प्रशासक नियुक्त होने की वजह से आमजन को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, जबकि निकायों के चुनाव कराने के लिए सरकार के संज्ञानरत पूर्व से ही एक जनहित याचिका न्यायालय में विचाराधीन है। जनहित याचिका में कहा गया है कि सरकार को कोई अधिकार नहीं है कि वे निकायों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद प्रशासक नियुक्त करे। प्रशासक तब नियुक्त किया जाता है जब कोई निकाय भंग की जाती है। उस स्थिति में भी सरकार को छह माह के भीतर चुनाव कराना आवश्यक होता है। यहां इसका उल्टा है निकायों ने अपना कार्यकाल पूरा कर लिया है, लेकिन अभी तक चुनाव कराने का कर्यक्रम घोषित तक नहीं हुआ है। ऊपर से निकायों में अपने प्रशासक नियुक्त कर दिए जो कि संविधान के विरुद्ध है। लोकसभा और विधानसभा के चुनाव निर्धारित समय से होते हैं लेकिन निकाय चुनाव तय समय में क्यों नहीं होते। नियमानुसार निकायों के कार्यकाल समाप्त होने से छः महीने पहले चुनाव का कार्यक्रम घोषित हो जाना था, जो अभी तक नहीं हुआ।

## जनता के बीच जाने लायक नहीं कांग्रेस: करण नंदा

**शिमला,** 9 जनवरी (देशबन्धु)। हिमाचल में सियासी पारा चढ़ने लगा है। कांग्रेस गवर्नमेंट 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम के तहत आज से अगले 36 दिन तक प्रत्येक पंचायत में जाकर सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएगी। इस कार्यक्रम के जरिए सुक्खू सरकार जनता से सीधा संवाद करेगी। हर पंचायत में जा कर सरकार की 1 साल की उपलब्धियां बताई जायेंगी और जनता की समस्याओं का समाधान भी होगा। कई विधानसभाओं में सोमवार से ही इसकी शुरुआत हो गई है। वहीं दूसरी तरफ भाजपा सुक्खू सरकार के इस कार्यक्रम को हू ब हू पूर्व की जयराम सरकार के जनमंच कार्यक्रम को कॉपी कर रही है। भाजपा के मीडिया प्रभारी करण नंदा ने कहा कि सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम को लेकर मुख्यमंत्री खुद ही कन्फ्यूज हैं । पहले सीएम ने कहा कि 8 जनवरी से इसकी शुरुआत होगी। लेकिन आज उन्होंने कहा की अभी आधिकारिक शुरुआत कुछ दिन में होगी। जिससे ये पता चलता है कि सत्ता में आने के 1 साल के बाद कांग्रेस के चुनाव हारे प्रत्याशी, विधायक और मंत्री जनता के बीच जाने लायक नहीं हैं। हिमाचल में 90 फीसदी लोग गांव में रहते हैं। सुक्खू सरकार ने जनता तक पहुंचने के लिए सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की शुरुआत करने की बात कह रही है। इस कार्यक्रम के जरिए सरकार आगामी लोकसभा चुनावों के लिए अपनी सियासी जमीन को मजबूत करने में भी जुट गई है। बता दें कि इससे पहले जयराम सरकार में जनमंच और उससे पहले वीरभद्र सरकार में प्रशासन जनता के द्वार कार्यक्रम चलाया जा चुका है। पूर्व की जयराम सरकार के जनमंच कार्यक्रम के दौरान कई विवाद भी सामने आए। जिसमें अधिकारियों को जनता के सामने बेइजत करना, लताड़ लगाना, पैसे का दुरुपयोग करना जैसे गंभीर आरोप इस समय कांग्रेस ने विपक्ष में रहते हुए लगाए थे । कांग्रेस जनमंच कार्यक्रम को झंडमंच कार्यक्रम भी कई बार बता चुकी है।

आगामी लोकसभा चुनावों के लिए दोनो ही पार्टियां एक्शन मोड में दिखाई दे रही हैं । रिवाज बदलने से चूक गई बीजेपी भी पीछे नहीं है। भारतीय जनता पार्टी अयोध्या में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम और अक्षत कलश यात्रा को भुनाने के लिए घर-घर जा रही है।

## वाहन दुर्घटना में मरने वाले रेंज अधिकारियों का हरिद्वार में हुआ अंतिम संस्कार

**हरिद्वार,** 9 जनवरी (देशबन्धु)। ऋषिकेश के पास राजाजी टाइगर रिजर्व की चीला रेंज में सोमवार आठ जनवरी शाम को हुए सड़क हादसे में मारे गए दो रेंज अधिकारियों का आज मंगलवार नौ जनवरी को हरिद्वार में अंतिम संस्कार किया गया। इस हादसे में कुल चार लोगों की मौत हो हुई थी। वहीं पांच कर्मचारी घायल हुए थे। इसके अलावा एक महिला अधिकारी चीला शक्ति नहर में लापता है, जो हादसे के दौरान नहर में गिर गई थी। हरिद्वार के खड़खड़ी श्मशान घाट पर चीला रेंज अधिकारी शैलेश घिल्डियाल को उनके भाई आईएएस मंगेश घिल्डियाल, जो पीएमओ में उपसचिव के पद पर कार्यकरत है, उन्होंने मुखाग्नि दी। वहीं दूसरे रेंज अधिकारी प्रमोद ध्यानी का अंतिम संस्कार भी खड़खड़ी श्मशान घाट पर ही किया गया। प्रमोद ध्यानी के बेटे ने उन्हें मुखाग्नि दी। दोनों ही अधिकारियों को वनकर्मियों ने सलामी दी। इस दौरान उत्तराखंड के चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन समीर सिन्हा ने कहा कि यह एक दु:खद हादसा है। उन्होंने हादसे की जांच के आदेश दिए है। इसके साथ ही इस घटना में घायल हुए सभी वनकर्मियों के परिजनों के साथ पूरा विभाग खड़ा है। इस हादसे में अपनी जान गवाने वाले अधिकारियों और कर्मचारी के परिजनों की मुआवजा दिया जाएगा। साथ ही चीला शक्ति नगर में लापता वार्डन आलोकि की तलाश की जा रही है। अभीतक उनका कोई सुराग नहीं लग पाया है। बता दें कि राजाजी टाइगर रिजर्व की चीला रेंज में इलेक्ट्रिक व्हीकल का ट्रायल किया जा रहा है।



## दून नगर निगम में 60 करोड़ का घोटाला!



- एडवोकेट विकेश नेगी ने आरटीआई के माध्यम से किया बड़ा खुलासा
- मोहल्ला स्वच्छता समिति के कागजों में ठाकुर-ब्राह्मण, जाट, यादव, गुप्ता भी सफाई कर्मचारी

**देहरादून,** 9 जनवरी (देशबन्धु)। नगर निगम में अब एक और नया घोटाला उजागर हुआ है। निगम पार्षदों ने अफसरों के साथ मिलीभगत कर मोहल्ला स्वच्छता समितियों की आड़ में लगभग 60 करोड़ से भी अधिक की धनराशि का दुरुपयोग किया है। निगम के 100 वार्डों में 1021 पर्यावरण मित्रों की तैनाती की है। इनमें से अधिकांश को फर्जी पाया गया है। यह खुलासा किया है आरटीआई एक्टिविस्ट एडवोकेट विकेश नेगी ने। एडवोकेट विकेश नेगी के अनुसार पार्षदों ने जो पर्यावरण मित्र तैनात किये, उनमें कई गड़बड़ियां हैं। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। एडवोकेट विकेश नेगी ने आरटीआई के माध्यम से नगर निगम से मोहल्ला स्वच्छता समिति की नई सूची-2019 मांगी। आरटीआई से मिली इस सूची में सभी 100 वार्डों में पार्षदों द्वारा 1021 कर्मचारियों की तैनाती की गयी है। इन कर्मचारियों को प्रतिदिन 500 रुपये मिलते हैं। जानकारी के मुताबिक यह राशि पार्षद के माध्यम से इन कर्मचारियों को वितरित की जाती है। सूची में लगभग हर वार्ड में तैनात कई कर्मचारियों के नाम और पते को लेकर संशय की स्थिति है। आरटीआई के माध्यम से उपलब्ध कराई गई सूची में बड़ी संख्या में कर्मचारियों के पते दर्ज नहीं है।

### ठाकुर-ब्राह्मण, जाट, यादव, गुप्ता भी सफाई कर्मचारी

नगर निगम के 100 वार्ड हैं। प्रत्येक वार्ड में पार्षदों ने कम से कम पांच कर्मचारी तैनात किये हैं। जबकि एक वार्ड में 20 कर्मचारी भी रखे गये। इसके अलावा पांच वार्डों में 16-16 सफाई कर्मचारी रखे गये। सफाई कर्मचारियों में गोदियाल, नैथानी, शर्मा, गहलोत, रावत, चौहान, गुप्ता भी शामिल हैं। शुभम नाम के 15 से भी अधिक लोग हैं। इनका पता नहीं है। एक वार्ड में दो शुभम है और उनका पता 3 और 4 सालावाला, हाथीबड़कला दिखाया गया है। एडवोकेट नेगी के अनुसार हर पर्यावरण मित्र को प्रतिदिन 500 रुपए दिये जाते हैं। यह राशि वार्ड पार्षद के खाते में जाती है और पार्षद ही इसका भुगतान पर्यावरण मित्र को करता है।

### बिजनौर, सहारनपुर और मुजफ्फरनगर लोगों की कर दी तैनाती

आरटीआई से मिली लिस्ट में कई चौंकाने वाले तथ्य हैं। यदि चार-पांच वार्डों को छोड़ दिया जाएं तो लगभग सभी वार्ड में संदिग्ध कर्मचारियों की तैनाती हुई है। कई पर्यावरण मित्रों का पूरा नाम और पता भी नहीं है। कई पार्षदों ने ऋषिकेश, ऊधमसिंह नगर, रुड़की के अलावा उत्तर प्रदेश के बिजनौर, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर और आजमगढ़ के कर्मचारियों को भी अपनी टीम में शामिल किया है।

# प्रादेशिकी

## बार ने अधिवक्ता दीपक द्विवेदी को सदस्यता देंने से किया इनकार

**फर्रुखाबाद,** 9 जनवरी (देशबन्धु)। पूर्व में डिबार किए गए अधिवक्ता डॉ.दीपक द्विवेदी को बार नें सदस्यता देनें से इनकार कर दिया। बार एसोसिएशन नें अधिवक्ता को बार की सदस्यता देनें से साफ इनकार कर दिया है। दरअसल 22 सितम्बर 2018 को अधिवक्ता राजीव वाजपेयी नें बार काउंसिल उत्तर प्रदेश को एक शिकायत की थी। जिसमे कहा कि 19 सितम्बर 2018 को बार एसोसिएशन का चुनाव माडल बायलाज व नियमों के विपरीत कराया गया। इसके बाद बार कांउसिल उत्तर प्रदेश के कार्यालय अधीक्षक दीपक चतुर्वेदी द्वारा भेजे गए पत्र के आधार पर एल्डर्स कमेटी द्वारा पारित आदेश 5 सितम्बर 2023 निरस्त कर मामले का निस्तारण पुनः गुण-दोष के आधार पर किये जानें के लिए बार काउंसिल अध्यक्ष शिव किशोर गौड़ द्वार बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और महासचिव को निर्देशित किया गया।

# प्राण–प्रतिष्ठा कार्यक्रम में हों पुख्ता इंतेजाम : योगी




**लखनऊ,** 9 जनवरी (देशबन्धु)। मंगलवार को अयोध्या दौरे पर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीरामलला और हनुमान गढ़ी के दर्शन–पूजन के उपरांत श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। मकर संक्रांति के बाद प्रारंभ हो रहे प्राण प्रतिष्ठा के वैदिक अनुष्ठानों की जानकारी लेते हुए मुख्यमंत्री ने समारोह की सुरक्षा व अन्य व्यवस्थाओं में तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सभी आवश्यक सहयोग के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राण–प्रतिष्ठा समारोह में आ रहे गणमान्य जनों को अयोध्या में बेहतर आतिथ्य प्राप्त होना चाहिए। हर एक वीवीआईपी के विश्राम स्थल का चयन पूर्व में ही कर लिया जाए। मौसम के दृष्टिगत संभव है कि कुछ अतिथि एक–दो दिन पहले ही आ जाएं, ऐसे में उनके रुकने की बेहतर व्यवस्था हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में होटल और धर्मशालाएं हैं। होम स्टे की व्यवस्था भी है। टेंट सिटी की संख्या और बढ़ाए जाने की आवश्यकता है। कुंभ की तर्ज पर अयोध्या में 25–50 एकड़ में एक भव्य टेंट सिटी तैयार कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 जनवरी के उपरांत अयोध्या में दुनिया भर से रामभक्तों का आगमन होगा। उनकी सुविधा के लिए पूरे नगर में विभिन्न भाषाओं में साइनेज लगाए जाएं।

संविधान की 8वीं अनुसूची में सम्मिलित भाषाओं और संयुक्त राष्ट्र की 6 भाषाओं में साईनेज हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्म पथ, जन्मभूमि पथ, भक्ति पथ, राम पथ की थीम आधारित सजावट कराएं। यह उत्सव, आनंद का ऐतिहासिक अवसर है। ऐसे प्रयास करें कि हर आगंतुक/श्रद्धालु/पर्यटक यहां से सुखद अनुभव लेकर जाए। सभी टेंट सिटी में 10–10 बेडेड का स्वास्थ्य केंद्र तैयार कराएं। इसमें सामाजिक, सांस्कृतिक संगठन भी सहयोग के लिए उत्सुक हैं। यहां एम्बुलेंस की तैनाती हो। विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों को अयोध्या ने तैनात करें। टेंट सिटी की व्यवस्थाओं का मैने अवलोकन किया है। यहां अच्छी व्यवस्था है। साफ सफाई का ध्यान रखें। यहां ठहरने वालों को गर्म पानी मिले। टेंट सिटी में खाद्यान्न की उपलब्धता बनी रहे, इसके लिए खाद्य एवं रसद विभाग तथा मंडी परिषद द्वारा आवश्यक व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि रैन बसेरे को और व्यवस्थित करें। कई स्थानों पर इनकी संख्या बढ़ाने की आवश्यकता है। धर्मनगरी में रात्रि विश्राम करने वाला एक भी व्यक्ति ठंड से ठिठुरता न मिले। राहत आयुक्त के स्तर से इसके लिए आवश्यक प्रबंध किए जाएं। प्राण–प्रतिष्ठा समारोह में बड़ी संख्या में लोगों का आगमन हो रहा है। ऐसे में लखनऊ, प्रयागराज और गोरखपुर से अयोध्या मार्ग को ग्रीन कॉरिडोर के रूप में तैयार रखा जाए। वाहन चलते रहें, खड़े न रहें। इन मार्गों को रामायण/रामचरितमानस के श्लोकों/चौपाइयों/दोहों से आकर्षक बनाएं। विभिन्न भाषाओं में साइनेज भी लगाए जाएं। 22 जनवरी के समारोह के लिए पार्किंग और यातायात प्रबंधन की बेहतर कार्ययोजना बनाएं। अयोध्या को जोड़ने वाले प्रमुख मार्गों पर पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था हो। आगंतुकों के आवागमन के लिए इलेक्ट्रिक बसों की पर्याप्त उपलब्धता हो। इनकी पार्किंग के इंतजाम कर लें।

### आतिथ्य–सत्कार में स्वच्छता एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आतिथ्य–सत्कार में स्वच्छता एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है। इसमें जनसहयोग लें। धर्म पथ, जन्मभूमि पथ, भक्ति पथ, राम पथ जैसे प्रमुख मार्गों अथवा गलियों में धूल न उड़े, गंदगी न हो। जगह–जगह कूड़ेदान रखे हों। वेस्ट मैनेजमेंट की व्यवस्था हो। अभी 3800 से अधिक स्वच्छताकर्मी तैनात हैं, 1500 कर्मचारियों की संख्या और बढाएं। अयोध्या प्रतिबंधित पॉलीथिन मुक्त नगर हो, इसके लिए हम सभी को प्रयास करना होगा। 14 जनवरी से नगर में स्वच्छता विषयक विशेष अभियान चलाएं। नगर में कहीं भी गंदगी नहीं दिखनी चाहिए। प्राण–प्रतिष्ठा का यह ऐतिहासिक कार्यक्रम करोड़ों सभी सनातन आस्थावानों के लिए हर्ष–उल्लास, गौरव और आत्मसंतोष का अवसर है। पूरा देश राममय है। 22 जनवरी को सायंकाल हर देव मंदिर में दीपोत्सव मनाया जाएगा। हर सनातन आस्थावान अपने घरों/प्रतिष्ठानों में रामज्योति प्रज्ज्वलित कर रामलला का स्वागत करेगा। सभी सरकारी भवनों की साज–सज्जा कराई जाए। सायंकाल आतिशबाजी के भी प्रबंध हों।

# भरोसे की यात्रा है विकसित भारत संकल्प यात्रा : केशव

**लखनऊ,** 9 जनवरी (देशबन्धु)। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा सपनों, संकल्पों व भरोसे की यात्रा बन चुकी है। मोदी की गारंटी वाली गाड़ी को बड़े भाव से आज देश का हर क्षेत्र, हर परिवार अपने बेहतर भविष्य की उम्मीद के रूप में देख रहा है। केशव प्रसाद मौर्य मंगलवार को कौशाम्बी की ग्राम पंचायत–अटसरई में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व बच्चों को अन्नाप्राशन भी कराया। उप मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की लाभार्थी–रानी देवी, शकुन्तला देवी, सावित्री देवी, पुष्पा देवी एवं चन्द्रकली देवी को आवास की चाभी तथा मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थी–अनूप कुमार, पुजारी लाल एवं घनश्याम को आवास प्रमाण–पत्र वितरित किया।

उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 210 स्वयं सहायता समूहों को 3 करोड़ 15 लाख सीसीएल धनराशि सम्बन्धित समूह की महिलाओं को वितरित किया। इसी प्रकार उन्होंने ननकी, घनश्याम, गोमती, गुलाम रसूल एवं लखपतिया को वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृत प्रमाण–पत्र तथा संजना सिंह को दिव्यांग पेंशन स्वीकृत प्रमाण–पत्र एवं मंजू देवी, ज्योति देवी व सुमन देवी को उज्वला योजना के तहत निःशुल्क गैस कनेक्शन प्रमाण–पत्र तथा आराधना देवी, रेखा देवी व पुष्पा देवी को उज्वला योजना के तहत गैस सब्सिडी की डमी चेक वितरित किया।



उप मुख्यमंत्री ने लाभार्थियों को आवास की चाभी व प्रमाण-पत्र किए वितरित

## सार संक्षेप

### 10 से 25 जनवरी तक होगा निःशुल्क खाद्यान्न वितरण

**मेरठ।** जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि शासन का पत्र जो आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग, उप्र जवाहर भवन, लखनऊ महोदय को सम्बोधित है तथा कार्यालय को जिलाधिकारी महोदय के पृष्ठाकंन पांच जनवरी के माध्यम से प्राप्त हुआ है, के द्वारा अवगत कराया है कि भारत सरकार के पत्र के माध्यम से प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के अन्तर्गत अन्त्योदय परिवारों एंव पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को 1 जनवरी से आगामी पांच वर्षो तक निःशुल्क खाद्यान्न वितरित करने हेतु केंद्र सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है। इस सम्बन्ध में भारत सरकार द्वारा अधिसूचना दिनांक 4 दिसम्बर 2023 निर्गत की गई है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त के क्रम में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत माह जनवरी-2024 में आबंटित खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण दिनांक 10 जनवरी से 25 जनवरी तक वितरण कराया जाएगा, जिसमें अन्त्योदय श्रेणी के कार्डधारको को 14 किलो गेहूं व 21 किलो चावल (कुल 35 किलो खाद्यान्न) एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारको को उनसे सम्बद्ध यूनिटों पर 2 किलो गेहूं व 03 किलो चावल (कुल पांच किलो खाद्यान्न) का निःशुल्क वितरण उपरोक्त अवधि में ई-पोस मशीन के माध्यम से कार्डधारको में खाद्यान्न का वितरण कराया जाएगा।

### विशेष लोक अदालत का आयोजन 29 जनवरी से

**मेरठ।** अपर जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरीराम ने बताया कि उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के पत्र एवं कार्यपालक अध्यक्ष, उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा न्यायालय का कार्य पूर्ण करने क पश्चात न्यायालयो में लंबित विद्युत अधिनियम 2003 के अंतर्गत शमनीय दाण्डिक वादो का निस्तारण किये जाने हेतु दिनांक 29, 30 व 31 जनवरी विशेष लोक अदालत का आयोजन किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त के क्रम में उन्होंने बताया कि न्यायालयो में लंबित विद्युत अधिनियम 2003 के अंतर्गत शमनीय दाण्डिक वादो का निस्तारण किए जाने हेतु 29, 30 व 31 जनवरी विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

### साथी सहित पकड़ा गया फर्जी लूट दिखाने वाला मुनीम

**फर्रुखाबाद।** लूट की झूठी रिपोर्ट दर्ज करने वाले कोथाना शमशाबाद पुलिस ने फर्जी लूट के नाम पर लाखों रुपए हड़पने का प्रयास करने वाले मुनीम व उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया है। शमशाबाद थाना अध्यक्ष मनोज भाटी ने कोतवाली फर्रुखाबाद के मोहल्ला बजरिया निहालचंद निवासी आकाश गुप्ता पुत्र गणेश प्रकाश एवं दिलीप उर्फ पंपल पुत्र गिरजा शंकर राठौर को गिरफ्तार का लिया है। निशादेही ढाई लाख रुपए भी बरामद कर लिए गए। आकाश गुप्ता नगर फर्रुखाबाद के किराना बाजार 3/63 निवासी अमित वर्मा की पान मसाला एजेंसी का मुनीम है। आकाश बीते दिन शमशाबाद में ढाई लाख रूपयो की वसूली कर बाइक से घर जा रहा था। तभी उसने रास्ते में तीन बाइक सवारों द्वारा हमला कर ढाई लाख रूपयों का थैला लूट लिए जाने की घटना दर्शाकर काली पल्सर सवार तीन बदमाशों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# एएस इंटर कॉलेज मवाना में पहुंचे पुरातन छात्र

**मवाना,** 9 जनवरी (देशबन्धु)। एएस इंटर कॉलेज मवाना में स्वर्गीय सौभाग्यवती देवी धर्मपत्नी स्वर्गीय कैलाश चंद मित्तल (दादा-दादी) की स्मृति में पुरातन तीन छात्रों ने दो लाख रुपए दान देकर कक्ष का पुनर्निर्माण कराया। मंगलवार को पुरातन छात्र व तीनों भाइयों मुदित मित्तल, विदित मित्तल व उदित मित्तल ने कक्ष का फीता काटकर शुभारंभ किया।

उनके साथ प्रधानाचार्य डॉ.मेघराज सिंह, प्रबंध समिति के प्रबंधक पवन कुमार रस्तोगी, अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक के अलावा प्रबंध समिति के नरेश कुमार रस्तोगी, शैवाल दुबलिश, सचिन रस्तोगी, अमित रस्तोगी, विजय पाल रस्तोगी, नितिन रस्तोगी, अमित रस्तोगी, सुनील कुमार राजवंशी, आलोक कुमार रस्तोगी, योगेन्द्र उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य डॉक्टर मेघराज सिंह ने पुरातन छात्रों का आभार जताते हुए कहा कि इस कक्ष में प्रति वर्ष आने वाले छात्र–छात्राएं शिक्षा ग्रहण करेंगे। पिछले दो वर्षों में पुरातन छात्र–छात्राओं का इस विद्यालय को विशेष स्नेह प्राप्त हुआ है, जिस कारण यह विद्यालय दिन प्रतिदिन नए आयाम स्थापित कर रहा है।

# उपभोक्ता को मिले निर्बाध बिजली : चैत्रा

### प्रबंध निदेशक ने किया क्षेत्रीय कार्यालय व विद्युत उपकेंद्र का निरीक्षण



**मेरठ,** 9 जनवरी (देशबन्धु)। प्रबन्ध निदेशक चैत्रा वी. ने 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र फाजलपुर, गजरौला का निरीक्षण किया। प्रबन्ध निदेशक ने कहा सभी 33/11 केवी बिजलीघरों द्वारा उपभोक्ताओं को ट्रिपिंग फ्री विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए। औद्योगिक क्षेत्रों में 24×7 गुणवत्तापरक निर्बाध विद्युत आपूर्ति के निर्देश दिए ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। विद्युत उपकेंद्र के निरीक्षण के दौरान, प्रबन्ध निदेशक ने कहा कि विद्युत उपकेन्द्रों के ब्रेकर, सर्किट ब्रेकर एवं पावर ट्रांसफार्मर की नियमित मेन्टीनेन्स सुनिश्चित करायी जाये। बिजलीघरों में स्थित अभिलेखों एवं सुरक्षा उपकरणों का रख–रखाव, फायर सेफ्टी इक्यूप्मेन्ट की नियमित चैकिंग कराई जाए। उन्होंने अधिकारियों को परिसरों की साफ–सफाई, विद्युत आपूर्ति के सापेक्ष शत्प्रतिशत राजस्व संग्रह के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने तथा उपभोक्ताओं की शिकायतों का तत्परता से निस्तारण करने के निर्देश दिए। विद्युत उपकेंद्र का निरीक्षण करने के उपरान्त प्रबन्ध निदेशक द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय गजरौला का भ्रमण किया और वाणिज्यिक एवं तकनीकी बिन्दुओं की गहन समीक्षा की। 'एकमुश्त समाधान योजना' की समीक्षा करते हुए प्रबन्ध निदेशक ने कहा कि योजना का लाभ प्रत्येक पात्र उपभोक्ताओं को पहुंचाने के लिए अधिकारी/कर्मचारी समर्पित और सामूहिक प्रयास करें। प्रबन्ध निदेशक ने अधिकारियों को राजस्व वसूली में तेजी लाने तथा रीडिंग डिफेक्टिव (आरडीएफ), आइडेन्टिफाइड डिफेक्टिव(आईडीएफ) आदि दोषपूर्ण बिलों को माईक्रो प्लानिंग के तहत रिवाईज करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति के साथ–साथ बकायेदार उपभोक्ताओं से वसूली में तेजी लाई जाए। उन्होंने उपभोक्ताओं को रीडिंग आधारित सही बिल, सही समय पर निर्गत करने के निर्देश दिए। प्रबन्ध निदेशक ने कहा सभी सम्मानित उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराना निगम की प्राथमिकता है।

# नकल करते परीक्षार्थी पकड़े गए

**मेरठ,** 9 जनवरी (देशबन्धु)। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की बैक पेपर, सेमेस्टर परीक्षा एवं व्यवसायिक परीक्षाओं में गठित विशेष उड़ाका दल के संयोजक प्रोफेसर शिवराज सिंह गणित विभाग चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ, डॉक्टर विनय कुमार जनता वैदिक कॉलेज बड़ौत, डॉक्टर सुंदरपाल सिंह दिगंबर जैन कॉलेज बड़ौत, डॉ. रीना तोमर एसजीपीजी कॉलेज सरूरपुर खुर्द, डॉक्टर शैलेंद्र एमएम डिग्री कॉलेज खेकड़ा, तथा अन्य विशेष उड़ाका दल डॉक्टर जोगिंदर सिंह जेवी कॉलेज बड़ौत, डॉक्टर देवेंद्र संधू सीएसएसएस डिग्री कॉलेज माछरा, डॉक्टर स्नेहवीर पुंडीर डीजे कॉलेज बड़ौत, डॉक्टर कविता अग्रवाल डीजे कॉलेज बड़ौत के नेतृत्व में नकल पकड़ने का सिलसिला लगातार जारी है। आज दिनाक नौ जनवरी को विशेष उड़ाका दल–2 ने विश्वविद्यालय फ्लाइंग स्क्वाड्स के संयोजक प्रो. शिवराज सिंह पुंडीर के संचालन मे उड़ाका दल के सदस्यों डॉ. देवेन्द्र सिंह संधू, सीएसएसएस पीजी कॉलेज माछरा, डॉ. जोगिंदर सिंह ने निरीक्षण किया।

# अयोध्या से मेरठ पहुंची अखंड ज्योति



- श्री हनुमान शोभायात्रा समिति करेगी 5100 दीये का वितरण
- 21 जनवरी तक धानेश्वर चौक पर कर सकेंगे श्रद्धालु दर्शन

**मेरठ,** 9 जनवरी (देशबन्धु)। श्री हनुमान शोभायात्रा समिति (रजि.) मेरठ छावनी की टीम मंगलवार को अयोध्या से अखंड ज्योति लेकर मेरठ पहुंची। अखंड ज्योति धानेश्वर चौक स्थित महाराजा अग्रसेन मंदिर में स्थापित की गई जहां 21 जनवरी तक श्रद्धालु दर्शन कर सकेंगे। इसको लेकर मंगलवार को धानेश्वर चौक स्थित धानेश्वर मंदिर में प्रेसवार्ता की गई। गौरतलब है कि समिति मेरठ छावनी क्षेत्र में गत 33 वर्षों से विशाल एवं भव्य शोभायात्रा का आयोजन करती आ रही है। प्रेसवार्ता में जानकारी दी गई कि श्री हनुमान शोभायात्रा समिति की टीम चार दिन पहले अयोध्या गई थी जो कल टेन से चलकर मंगलवार तड़के मेरठ पहुंची। अखंड ज्योति लाने वालों में पंडित मदन शर्मा, पंकज शास्त्री, मुकेश कौशिक, विजेंद्र कौशिक, लोकेश कुमार, मनोज शास्त्री, मनीष ठाकुर, शिवम वर्मा, प्रमोद कुमार शामिल रहे जो श्री हनुमान शोभायात्रा समिति के सदस्य हैं। अखंड ज्योति धानेश्वर चौक स्थित महाराजा अग्रसेन मंदिर में स्थापित की गई है जिसे आगामी 21 जनवरी तक श्रद्धालु दर्शन कर लाभ उठा सकेंगे। अखंड ज्योति के 5100 दीपक श्रद्धालुओं को वितरीत किये जाएंगे। अखंड ज्योति श्री सिद्धबली हनुमान मन्दिर सदर नया बाजार से प्रारम्भ होकर चौक पत्ता मौहल्ला से सोती गंज, कुट्टी चौक से धानेश्वर मन्दिर चौक, दाल मण्डी, सरार्फा बाजार, ढोलकी मौहल्ला से होते पुलिस स्ट्रीट, सदर थाना, धर्मपुरी, बैंकर्स स्ट्रीट, सर्राफा बाजार, चौक बाजार, हनुमान चौक से घूमकर, आबूलेन फव्वारा चौक से होकर, तेली मौहल्ला, सदर कबाड़ी बाजार से होती हुई मन्दिर स्थल पर सम्पन्न होगी।

# कृषि यंत्रों के चयन के लिए ई–लॉटरी 11 जनवरी को

**मेरठ,** 9 जनवरी (देशबन्धु)। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन योजना, प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाईजेशन फार इन–सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेज्डू योजना एवं कृषि यंत्रीकरण की अन्य योजनाओं हेतु समस्त कृषकगण जिनके द्वारा टोकन बुक कराया गया है, को सूचित करते हुए बताया कि उनकी अध्यक्षता एवं जनपद स्तरीय कार्यकारी गठित समिति के सदस्यों की उपस्थिति में दिनांक 11 जनवरी 2024 दिन बृहस्पतिवार को प्रातः 10.00 बजे से विकास भवन सभागार में ई–लॉटरी की प्रक्रिया में संपन्न कराई जानी है। उन्होने समस्त कृषकगण को ससमय उपरोक्तानुसार प्रतिभाग करने हेतु कहा है।

# मोबाइल की दुकान में आग से हजारों का सामान जलकर नष्ट

**मवाना,** 9 जनवरी (देशबन्धु)। हस्तिनापुर रोड पर मंगलवार सुबह मोबाइल की दुकान में आग लगने से हजार रुपए के का सामान जल गया फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया मवाना में हस्तिनापुर रोड पर सचदेवा प्लाजा मैं मनीष वर्मा की मोबाइल की दुकान है मंगलवार सुबह अचानक दुकान में आग लग गई विभिन्न साधनों से आग बुझाने का प्रयास किया गया लेकिन सफलता नहीं मिली फायर ब्रिगेड के पहुंचने पर आग पर काबू पाया गया आग लगने से लगभग 100000 का नुकसान बताया जा रहा है। मवाना हस्तिनापुर ब्लाक के गांव अलीपुर मोरना में मृतक किसान जगबीर सिंह के परिवार को लोकदल के पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रभारी चौधरी गजेंद्र सिंह नीलकंठ समेत अनेक लोग सांत्वना देने पहुंचे। उन्होंने लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह एवं राष्ट्रीय महासचिव चौधरी विजेंद्र सिंह की ओर से पीड़ित परिवार को ढांढस बधाया और कहा कि लोकदल पार्टी पीड़ित एवं दुखी परिवार के साथ है। लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी विजेंद्र सिंह किसान जगबीर सिंह को हाल–चाल जानने न्यूट्रिमा हॉस्पिटल मेरठ पहुंचे थे। चौधरी गजेंद्र सिंह नीलकंठ, मीडिया प्रभारी चौधरी नरेश पाल सिंह, अमित शिवाच, सुरजीत धनखड़, प्रवीण, रियाजुद्दीन मलिक व सचिन प्रजापति ने कहा कि किसानों के दुख सुख में लोकदल पार्टी हमेशा साथ रहेगी। यह किसानों की पार्टी है। मृतक किसान जगबीर सिंह के परिवार को न्याय दिलाने के लिए पार्टी संघर्ष करेगी। जगबीर सिंह के पुत्र प्रिंस कुमार को इस दुख की घड़ी में धैर्य से कार्य करने व संयम से रहकर परिवार को संभालना के लिए कहा।

**आयोजन** *चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय ने निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित*

# 90 छात्राओं को लगाई गई सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन

**मेरठ, 9 जनवरी (देशबन्धु)। कैंसर एक ऐसी बीमारी है जिसमें शरीर में कोशिकाएं नियंत्रण से बाहर हो जाती हैं। कैंसर का नाम हमेशा शरीर के उस हिस्से के नाम पर रखा जाता है जहां यह शुरू होता है, भले ही यह बाद में शरीर के अन्य हिस्सों में फैल जाए। जब कैंसर गर्भाशय ग्रीवा में शुरू होता है तो इसे सर्वाइकल कैंसर कहा जाता है। सही समय पर टीकाकरण से सर्वाइकल कैंसर से बचाव हो सकता है।**

यह बात चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला ने महिला अध्ययन केंद्र और स्वामी कल्याण देव चिकित्सालय चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के संयुक्त तत्वाधान में अयोजित सर्वाइकल कैंसर वैक्सीन कैंप के दौरान कही। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.अखिलेश मोहन ने कहा कि गर्भाशय ग्रीवा वाले किसी भी व्यक्ति को गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर का खतरा होता है। यह अक्सर 30 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में होता है। कुछ प्रकार के ह्यूमन पेपिलोमावायरस (एचपीवी) के साथ लंबे समय तक चलने वाला संक्रमण सर्वाइकल कैंसर का मुख्य कारण है। एचपीवी एक आम वायरस है। स्क्रीनिंग परीक्षण और एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर को रोकने में मदद कर सकते हैं। जब सर्वाइकल कैंसर का जल्दी पता चल जाता है, तो इसका इलाज अत्यधिक संभव होता है और यह लंबे समय तक जीवित रहने और जीवन की अच्छी गुणवत्ता से जुड़ा होता है। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की तरफ से सर्वाइकल कैंसर वैक्सीन का कैंप लगाया गया था। बाजार में इस वैक्सीन की कीमत दो हजार रूपये है। मंगलवार को आयोजित सर्वाइकल कैंसर वैक्सीन कैंप में 90 छात्राओं को निशुल्क वैक्सीन लगाई गई। इस दौरान मैक्स हॉस्पिटल वैशाली गाजियाबाद से डॉ. कनिका गुप्ता के साथ अस्पताल का स्टॉफ मौजूद रहा। डॉ.पीके बंसल ने बताया कि 90 छात्राओं को निशुल्क वैक्सीन लगाई गई है। अब 6 महीने के बाद इन 90 छात्राओं को दूसरी डोज लगाई जाएगी। यह भी चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की तरफ से कैंप लगाकर निशुल्क लगाई जाएगी।

इस अवसर पर कुलसचिव धीरेंद्र कुमार वर्मा, वित्त अधिकारी रमेश चंद्र, रिसर्च डायरेक्टर प्रो. बीरपाल सिंह, अकादमिक डायरेक्टर प्रो. संजीव कुमार शर्मा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. भूपेंद्र सिंह, महिल अध्ययन केंद्र प्रमुख प्रो.बिन्दु शर्मा, मनीष मिश्रा, मनोज कुमार इंजीनियर विकास त्यागी, डॉ. रीता रानी, वैशाली नेगी, वीरेंद्र नेगी आदि मौजूद रहे।




सही समय पर टीकाकरण से सर्वाइकल कैंसर से हो सकता है बचाव : संगीता शुक्ला

# छात्र–छात्राओं को बांटे गए स्मार्ट फोन

**मवाना,** 9 जनवरी (देशबन्धु)। एएस (पीजी) कालेज मवाना के प्राचार्य प्रोफेसर अरूण कुमार ने बताया कि महाविद्यालय में स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत मंगलवार दोपहर को महाविद्यालय सेमिनार हाल में सत्र 2022–23 के बीएससी व बीकाम फाईनल के 185 छात्र–छात्राएं व सत्र 2021–22 के 19 छात्र–छात्राएं उक्त योजना से वांछित रह गए थे। इन सभी छात्र–छात्राओं को महाविद्यालय प्रबंध समिति सचिव दीपक कुमार, प्रबंध समिति संरक्षक सदस्य मुदित मित्तल, प्रबंध समिति सदस्य श्यामलाल, नीरज गोयल, मनोज गुप्ता, अविप्रकाश मित्तल, विनोद गुप्ता, आदित्य गोयल, मनोज प्रकाश गोयल, भूपेन्द्र त्यागी, अभयवीर गर्ग, निष्काम गोयल, विदित मित्तल, शिक्षक प्रो. सचिन कुमार, प्रो. पूनम रानी, प्रो. रक्षा गुप्ता, प्रो. शर्मिला दयाल, अमरीता कुमारी, संजीव कुमार, डा. प्रमोद कुमार, डा. नीतू सिंह, राबिन सिंह, डा. राजेश कुमार गौतम, डा. एमएन सिदद्की ने मोबाइल वितरित किए। मोबाइल फोन पाकर सभी छात्र–छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गई।

देशबन्धु नई दिल्ली, बुधवार, 10 जनवरी, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

दुनिया रंग-बिरंगी

## 'फतेह' साइबर अपराध पीड़ितों को समर्पित : सोनू सूद

**मुंबई।** अपकमिंग फिल्म 'फतेह' के लिए निर्देशक की भूमिका में कदम रखने वाले सोनू सूद ने इसे उन युवाओं को समर्पित किया, जो विभिन्न स्तरों पर साइबर अपराध का शिकार हुए हैं। वास्तविक जीवन की घटनाओं पर आधारित इस फिल्म का उद्देश्य मनोरंजन के साथ-साथ डिजिटल युग में साइबर खतरों पर प्रकाश डालना और इसे सरल सुरक्षा उपायों से कैसे टाला जा सकता है, को बताना है। मंगलवार को, सोनू ने सोशल मीडिया पर फिल्म की शूटिंग से पर्दे के पीछे की तस्वीरें साझा की। इस पोस्ट के कैप्शन में एक्टर ने लिखा कि फतेह मेरे लिए स्पेशल फिल्म रही है। यह उन युवाओं को समर्पित है जो विभिन्न स्तरों पर साइबर अपराध का शिकार हुए हैं। गेट रेडी।

## 'आंख मिचौली' में अपने किरदार के लिए एक्शन करना सीख रही खुशी दुबे

**मुंबई,** 9 जनवरी (एजेंसियां)। एक्ट्रेस खुशी दुबे अपकमिंग शो 'आंख मिचोली' में लीड रोल में नजर आएंगी। उन्होंने अपने किरदार के बारे में खुलासा किया और बताया कि वह गुजराती सीख रही हैं और शो में एक्शन सीन की तैयारी कर रही हैं। अंडरकवर पुलिस गाथा, 'आंख मिचौली' में नवनीत मलिक भी हैं, जो सुमेध की भूमिका निभाएंगे।



अपने किरदार रुक्मिणी के बारे में बात करते हुए खुशी ने कहा कि रुक्मिणी किसी भी परिस्थिति में खुद को ढाल लेती हैं और उसके पास फोटोग्राफिक मेमोरी भी है। वह ऊर्जा और सहानुभूति से भरपूर है और एक आईपीएस अधिकारी बनना चाहती है। रुक्मिणी का जीवन उतार-चढ़ाव से भरा है, जो कहानी के आगे बढ़ने के साथ सामने आएगा। उन्होंने साझा किया कि रुक्मिणी की भूमिका में पूर्णता हासिल करने के लिए, मैं गुजराती सीख रही हूं, एक्शन सीन की तैयारी कर रही हूं। 'आंख मिचौली' सस्पेंस, ट्विस्ट और टर्न और रुक्मिणी और सुमेध की भावनात्मक और रोमांटिक जर्नी से भरी है। खुशी ने कहा कि वह इस शो के लिए आभारी महसूस करती हैं। शशि सुमीत प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित 'आंख मिचौली' 22 जनवरी से स्टार प्लस पर प्रसारित होगा।

### शोधकर्ताओं ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिस्टम किया विकसित


# कोविड संक्रमण का 98 प्रतिशत से अधिक सटीकता से लगेगा पता

**सिडनी,** 9 जनवरी (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलियाई शोधकर्ताओं ने एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिस्टम विकसित किया है जो छाती के एक्स-रे से कोविड-19 के संक्रमण को 98 प्रतिशत से अधिक की

- **आरटी-पीसीआर परीक्षण की तुलना में अधिक फायदेमंद**
- **कोविड लक्षणों में बुखार, खांसी, सांस लेने में कठिनाई व गले में खराश शामिल**

सटीकता से पता लगा सकता है। यह वर्तमान में उपयोग किए जाने वाले आरटी-पीसीआर परीक्षण की तुलना में अधिक फायदेमंद हो सकता है।

यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी सिडनी (यूटीएस) डेटा साइंस इंस्टीट्यूट के प्रोफेसर अमीर एच गैंडोमी के अनुसार सार्वजनिक स्वास्थ्य और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर महत्वपूर्ण प्रभाव को देखते हुए कोविड-19 का पता लगाने के लिए प्रभावी स्वचालित उपकरणों की तत्काल आवश्यकता थी। प्रोफेसर गैंडोमी ने कहा कि सबसे व्यापक रूप से इस्तेमाल



किया जाने वाला कोविड-19 परीक्षण पोलीमरेज चेन रिएक्शन (पीसीआर) धीमा और महंगा हो सकता है और गलत नकारात्मक परिणाम दे सकता है। डायग्नोसिस करने के लिए रेडियोलॉजिस्ट को मैन्युअल रूप से सीटी स्कैन या एक्स-रे की जांच करने की आवश्यकता होती है, जिसमें समय लग सकता है और गलती की संभावना हो सकती है।

उन्होंने कहा कि नया एआई सिस्टम उन देशों में विशेष रूप से फायदेमंद हो सकता है जहां उच्च स्तर पर कोविड-19 अनुभव हो रहा है, जहां रेडियोलॉजिस्ट की कमी है। चेस्ट एक्स-रे पोर्टेबल हैं, व्यापक रूप से उपलब्ध हैं और सीटी स्कैन की तुलना में कम जोखिम प्रदान करते हैं।

कोविड-19 के सामान्य लक्षणों में बुखार, खांसी, सांस लेने में कठिनाई और गले में खराश शामिल हैं, लेकिन कोविड-19 को फ्लू और अन्य प्रकार के निमोनिया से अलग करना मुश्किल हो सकता है। साइंटिफिक रिपोर्ट्स जर्नल में प्रकाशित एक पेपर में विस्तार से बताया गया है कि नया एआई सिस्टम कस्टम कन्वोल्यूशनल न्यूरल नेटवर्क नामक एक गहन शिक्षण आधारित एल्गोरिदम का उपयोग करता है जो एक्स-रे फोटोज में कोविड -19 मामलों, सामान्य मामलों और निमोनिया के बीच जल्दी और सटीक रूप से अंतर करने में सक्षम है। प्रोफेसर गैंडोमी ने कहा कि डीप लर्निंग एक एंड-टू-एंड समाधान प्रदान करता है, जो बायोमार्कर को मैन्युअल रूप से खोजने की आवश्यकता को समाप्त करता है। कस्टम-सीएनएन मॉडल पता लगाने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करता है, जिससे कोविड-19 का तेज और अधिक सटीक निदान मिलता है।

उन्होंने आगे कहा कि यदि कम संवेदनशीलता के कारण पीसीआर परीक्षण या रैपिड एंटीजन परीक्षण नकारात्मक या अनिर्णायक परिणाम दिखाता है, तो मरीजों को वायरस की उपस्थिति की पुष्टि या खंडन करने के लिए रेडियोलॉजिकल इमेजिंग के माध्यम से आगे की जांच की आवश्यकता हो सकती है। इस स्थिति में, नई एआई प्रणाली फायदेमंद साबित हो सकती है।

कस्टम-सीएनएन मॉडल का मूल्यांकन प्रदर्शन मानदंड के रूप में सटीकता के साथ एक व्यापक तुलनात्मक विश्लेषण के माध्यम से किया गया था। टीम ने कहा कि नतीजों से पता चला कि नया मॉडल अन्य एआई डायग्नोस्टिक मॉडल से बेहतर प्रदर्शन करता है।

## कंगना के पास बिलकिस बानो पर फिल्म के लिए 'स्क्रिप्ट तैयार'

**मुंबई,** 9 जनवरी (एजेंसियां)। बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत ने कहा है कि उनके पास बिलकिस बानो मामले पर आधारित एक फिल्म की स्क्रिप्ट तैयार है, लेकिन नेटफ्लिक्स और प्राइम वीडियो जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म से सपोर्ट की कमी के चलते वह ऐसा नहीं कर सकीं।

**ओटीटी प्लेटफॉर्म ने सपोर्ट करने से किया इनकार**

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने 2002 के गुजरात दंगों के दौरान पांच महीने की गर्भवती बिलकिस बानो के साथ बलात्कार करने और उसके परिवार की हत्या करने वाले 11 दोषियों की रिहाई को खारिज कर दिया था। एक्स पर एक यूजर ने कंगना से बिलकिस बानो पर फिल्म बनाने के बारे में पूछा।

यूजर ने पूछा था, 'डियर कंगना रनौत, महिला सशक्तीकरण के प्रति आपका जुनून बेहद उत्साहित करने वाला है। क्या आप एक सशक्त फिल्म के साथ बिलकिस बानो की कहानी बताना चाहेंगी? क्या आप बिलकिस बानो, नारीवाद या कम से कम मानवता के लिए ऐसा कर सकती हैं?' उन्होंने बताया कि वह लंबे समय से ऐसी फिल्म बनाना चाहती थीं, लेकिन, सपोर्ट की कमी के कारण वह फिल्म नहीं बना पाईं। यूजर को जवाब देते हुए उन्होंने लिखा कि मैं ये कहानी बनाना चाहती हूं, मेरे पास स्क्रिप्ट तैयार है, मैंने उस पर तीन साल तक रिसर्च किया है और काम भी किया है। लेकिन, नेटफ्लिक्स, प्राइम वीडियो और अन्य स्टूडियो ने मुझे लिखा कि उनके पास क्लियर गाइडलाइन्स हैं कि वे तथाकथित राजनीति से प्रेरित फिल्में नहीं बनाते हैं। जियो सिनेमा ने कहा कि हम कंगना के साथ काम नहीं करते, क्योंकि, वह बीजेपी का समर्थन करती हैं और जी विलय के दौर से गुजर रहा है। मेरे पास क्या ऑप्शन हैं?

वर्कफ्रंट की बात करें तो वह जल्द ही 'इमरजेंसी' में नजर आएंगी, जिसमें वह पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभा रही हैं।



## गुजविप्रौवि में बनेगी दत्तोपंत ठेंगड़ी चेयर : बिश्नोई

**नई दिल्ली,** 9 जनवरी (देशबन्धु)। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के अर्थशास्त्र विभाग में संघ विचारक व अर्थशास्त्री दत्तोपंत ठेंगड़ी के नाम पर एक प्रेरणा स्त्रोत आसन (चेयर) की स्थापना की जाएगी। इस चेयर का उद्देश्य महान विचारक ठेंगड़ी के जीवन कार्यों तथा उनकी शिक्षाओं पर शोध कार्य कर उन्हें नई पीढ़ी से अवगत कराना होगा। ठेंगड़ी से नामित एक शोध निधि (रिसर्च फंड) बनाई जाएगी। उनके जीवन से जुड़ा सम्पूर्ण साहित्य विश्वविद्यालय में उपलब्ध करवाया जाएगा। जिससे अर्थशास्त्र के क्षेत्र में शोध कर रहे विद्वानों और भविष्य के उभरते हुए अर्थशास्त्रियों को शोध की नई दिशा मिलेगी। महान अर्थशास्त्री, राष्ट्र ऋषि दतोपंत ठेंगड़ी के राष्ट्रवादी आर्थिक चिंतन से विकसित भारत की अर्थव्यवस्था के निर्माण हेतु मार्ग प्रशस्त होगा और यहां के शोधार्थी अपना योगदान सुनिश्चित करेंगे और गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय इसमें अपना भरपूर सहयोग देगा। विश्वविद्यालय के इस कदम से विकसित भारत 2047 अभियान में अर्थिक मोर्चे पर युवाओं की भागीदारी को उचित दिशा मिलेगी।



विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि दत्तोपंत ठेंगड़ी महान अर्थशास्त्री, एक दूरदर्शी विद्वान और जनचेतना के शिल्पकार (सृष्टा भी और दृष्टा भी) थे, जिन्होंने कड़े विरोध का सामना करते हुए भारतीय मजदूर संघ, भारतीय किसान संघ, स्वदेशी जागरण मंच जैसे जन संगठन बनाए, समकालीन राजनैतिक परिवेश के विरुद्ध काम किया और इसे अपनी अंतर्दृष्टि के अनुसार ढाला।

गौरतलब है कि मोदी सरकार के आत्मनिर्भर भारत के आर्थिक कार्यक्रम, सार्वभौमिक स्वास्थ्य सेवा और आर्थिक सशक्तिकरण के माध्यम से गरीबी उन्मूलन आदि दत्तोपंत ठेंगड़ी के आर्थिक सिद्धांतों पर आधारित हैं।

## यह अद्भुत है कि आज के बच्चे भी भगवान हनुमान के प्रशंसक हैं : शरद केलकर

**मुंबई,** 9 जनवरी (एजेंसियां)। 'रावण' में अपनी आवाज देने वाले अभिनेता शरद केलकर ने 'द लीजेंड ऑफ हनुमान सीजन 3' से पहले अपनी बेटी के साथ भगवान हनुमान की यादों के बारे में खुलासा किया है।

उसी के बारे में बात करते हुए, शरद ने



कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि आज के बच्चे भी भगवान हनुमान के प्रशंसक हैं। हम सभी हैं! और मैं कहता हूं, एक 40 वर्षीय व्यक्ति के रूप में, मैं भी भगवान हनुमान का प्रशंसक हूं। वह आपको देता है आपको जो करना चाहिए उसे करने की शक्ति। आप मंदिरों में जाते हैं और जब भी आपको उस शक्ति की आवश्यकता होती है, तो आप जय बजरंग बली कहते हैं। उन्होंने इस बारे में बात की कि कैसे पिता-बेटी की जोड़ी एक लड़ाई का मजाक उड़ाती है और भगवान हनुमान का नाम लेती है। आज तक, जब मेरी अपनी बेटी के साथ नकली लड़ाई होती है, तो मैं जय बजरंग बली कहता हूं और वह जानती है कि बजरंग बली हमें शक्ति देंगे। इसलिए, दर्शकों के रूप में, मैं कहूंगा, मैं भगवान हनुमान को सभी चुनौतियों पर विजय प्राप्त करते हुए देखना चाहता हूं। ऐसा इसलिए क्योंकि वह हर किसी का पसंदीदा है। द लीजेंड ऑफ हनुमान सीजन 3 12 जनवरी से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रहा है।

### वर्तमान पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक है फिल्म 'हनुमान' : निर्देशक प्रशांत

नई दिल्ली। निर्देशक प्रशांत वर्मा ने बताया कि किस चीज ने उन्हें सुपरहीरो फिल्म 'हनुमान' बनाने के लिए प्रेरित किया और बताया कि कैसे उनके सभी कार्यों में 'भारतीय इतिहास' का प्रभाव है। प्रशांत मुख्य अभिनेता तेजा सज्जा के साथ फिल्म का प्रचार करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में हैं। मीडिया से बात करते हुए निर्देशक ने कहा कि मुझे स्कूल में एक विषय के रूप में इतिहास पढ़ाया गया था, और मैं उन कहानियों और उन पात्रों के बारे में बहुत भावुक था। प्रशांत ने कहा कि हर समय की तरह वे पात्र मेरे आसपास होते थे। यह पीढ़ी उन पात्रों से बहुत सारी गुणवत्ता अपना सकती है। वे वर्तमान पीढ़ी के लिए बहुत प्रेरक, प्रेरणादायक हैं। प्रशांत को 'अवे', 'कल्कि' और 'ज़ॉम्बी रेड्डी' जैसे प्रोजेक्ट्स के लिए जाना जाता है। उन्होंने आगे कहा कि मैंने एक जॉम्बी फिल्म, एक मनोवैज्ञानिक थ्रिलर, एक खोजी फिल्म की है, इसमें हमारे इतिहास का संदर्भ है। मेरे सभी कार्यों में हमारे भारतीय इतिहास का प्रभाव है। हनुमान के बारे में आगे बोलते हुए, प्रशांत ने कहा कि जब तेजा (ज़ोंबी रेड्डी) के साथ मेरी पिछली फिल्म हिट हो गई, तो मैंने सोचा कि अब मेरे पास उन कहानियों को बनाने के लिए अच्छा बाजार है, जो मैं बताना चाहता हूं, जिन कहानियों से मैं बहुत रोमांचित हूं। उन्होंने आगे कहा कि मैं इतना मैच्योर या बड़ा निर्देशक नहीं हूं कि इतिहास पर फिल्में बना सकूं। इसलिए मैंने सोचा कि मुझे एक सुपरहीरो फिल्म करने से शुरुआत करनी चाहिए।

## भितरकणिका राष्ट्रीय उद्यान में डेढ़ लाख से अधिक प्रवासी पक्षी आये


**केंद्रापाड़ा,** 9 जनवरी (एजेंसियां)। ओडिशा के भितरकणिका राष्ट्रीय उद्यान में इस वर्ष 121 प्रजातियों के अनुमानित 1,51,421 पक्षी पहुंचे हैं। राजनगर मैंग्रोव वन और वन्यजीव प्रभाग के डीएफओ सुदर्शन गोपीनाथ जादव के अनुसार, नवीनतम मध्य-शीतकालीन जलपक्षी जनगणना के अनुसार भितरकणिका राष्ट्रीय उद्यान में आने वाले पक्षी मेहमानों की कुल संख्या 1,51,421 है, जबकि पिछले साल यह आंकड़ा 1,39,959

- **उद्यान में आने वाले पक्षी मेहमानों की कुल संख्या 1,51,421**

था। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष पक्षियों की संख्या 11, 462 अधिक है। अन्य पक्षियों की तुलना में बड़े बत्तख और छोटे बत्तख बड़ी संख्या में आईं।

उन्होंने बताया कि इस बार भितरकणिका राष्ट्रीय उद्यान में 28,090 बड़े बत्तख और 22,035 छोटे बत्तख की प्रजातियां आयी हैं। कुजांग रेंज में पारादीप जिप्सम तालाब क्षेत्र में सबसे अधिक संख्या में पक्षियों की सूचना मिली है। गत छह जनवरी को मध्य शीतकालीन जलपक्षी पक्षी स्थिति सर्वेक्षण करने के लिए डिवीजन के सभी पांच रेंजों में कुल मिलाकर 18 टीमों को तैनात किया गया था।

विदेशों से आए पक्षियों की चहचहाहट ने राष्ट्रीय उद्यान के सुरम्य दलदली आर्द्रभूमि स्थानों को जीवंत बना दिया था। गणनाकारों ने राष्ट्रीय उद्यान के आर्द्रभूमि क्षेत्रों में कुछ दुर्लभ पक्षी



प्रजातियों और प्रकृति संरक्षण के लिए अंतरराष्ट्रीय संघ (आईयूसीएन) रेड डेटा बुक में सूचीबद्ध प्रजातियों को भी देखा है। प्रवासी पक्षी उत्तरी गोलार्ध और लद्दाख क्षेत्रों से अपने अद्वितीय पारिस्थितिकी तंत्र के लिए कठोर सर्दियों से बचने के लिए हजारों मील की दूरी तय करके भितरकणिका आते हैं।

डीएफओ ने कहा कि इस साल प्रवासी पक्षियों की संख्या में वृद्धि पूरी तरह से एक संकेत है कि भितरकणिका प्रवासी प्रजातियों के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान कर रहा है।

## जिला अस्पताल में कूल्हे का सफल प्रत्यारोपण

**भोपाल,** 9 जनवरी (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि प्रदेश के हर नागरिक को सहज एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएँ प्रदान करना शासन का लक्ष्य है। शुक्ल ने जिला चिकित्सालय मंडला में संपन्न हुए सफल कूल्हा प्रत्यारोपण ऑपरेशन पर अस्पताल के सभी चिकित्सकों, सहायक स्टाफ एवं प्रशासन को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि सशक्त मध्यप्रदेश के लिए नागरिकों का स्वस्थ होना महत्वपूर्ण है। प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं की हर क्षेत्र में उपलब्धता के प्रयास किए जा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि हड्डी से संबंधित कठिन उपचार के लिए अब तक जिलेवासियों को नागपुर, जबलपुर व अन्य महानगरों तक जाना पड़ता था। आधुनिक मशीनों की उपलब्धता से यह सुविधा अब ज़िला चिकित्सालय मंडला में ही मिलने लगी है। जिला चिकित्सालय मंडला में कूल्हा प्रत्यारोपण की सफल सर्जरी की गई है। जिला चिकित्सालय के विशेषज्ञ, चिकित्सकों व पैरामेडिकल स्टॉफ ने मंडला निवासी संतोष झारिया उम्र 35 वर्ष का सफल कूल्हा प्रत्यारोपण का ऑपरेशन किया है।

इस जटिल ऑपरेशन की टीम में निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण उइके, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.हेमेन्द्र चौहान, डॉ. सूरज मरावी सहित सहायक चिकित्सकीय स्टाफ शामिल थे।

## पेरेग्रीन चंद्र लैंडर को गंभीर ईंधन हानि का करना पड़ा सामना

**न्यूयॉर्क,** 9 जनवरी (एजेंसियां)। चंद्रमा पर ऐतिहासिक मिशन के लिए निकले अमेरिका स्थित एस्ट्रोबोटिक टेक्नोलॉजी के पेरेग्रीन चंद्र लैंडर को गंभीर ईंधन हानि का सामना करना पड़ा

- **दिसम्बर 1972 में अपोलो 17 के बाद से अमेरिका ने चंद्रमा पर उतरने का प्रयास नहीं किया**

